kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-269 | सोमवार, 03 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मंदिर निर्माण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राम मंदिर का ध्वज देश के सभी मंदिरों में सबसे ऊंचा होगा, जो धरती से 191 फीट ऊपर फहराया जाएगा। मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। चंपत राय

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में मक्का पर खींचतान, भारत अपने किसानों के साथ 11

छठ मैया को ड्रामा बताने वाले को माफ नहीं करेगा बिहार : केशव मौर्य 12

## संक्षेप

### कांग्रेस ने दूसरे चरण के लिए स्टार प्रचारकों के नाम जारी किए

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित 40 प्रमुख नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है। पार्टी ने कहा है कि उसके ये सभी वरिष्ठ नेता 11 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों के साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। कांग्रेस की सूची में इन शीर्ष नेताओं के अलावा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, तारिक अनवर, सचिन पायलट जैसे प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

### पुस्तकालय शिक्षा और सशक्तिकरण के मंदिर : सीपी राधाकृष्णपन

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पुस्तकालय को शिक्षा और सशक्तिकरण का मंदिर बताया है। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को तिरुवनंतपुरम में पीएन पणिक्कर फाउंडेशन द्वारा' पुस्तकालय समुदायों को सशक्त बनाते हैं वैश्विक परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुये यह बात कही। यह आयोजन केरल में संगठित पुस्तकालय आंदोलन के 80वें वर्ष का प्रतीक है, जो भारत के पुस्तकालय और साक्षरता आंदोलन के अग्रदूत माने जाने वाले पीएन पणिक्कर के विजन से प्रेरित है। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में ज्ञान प्रसार के माध्यम से पठन संस्कृति, डिजिटल साक्षरता और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में निरंतर योगदान के लिए पीएन पणिक्कर फाउंडेशन की सराहना की।

### बसपा की रैली का मकसद था भाजपा की मदद : उदित राज

**लखनऊ।** पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता डॉ. उदित राज ने रविवार को बसपा प्रमुख मायावती पर भाजपा की मदद का आरोप लगाया है। वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर मायावती की रैली का मकसद बिहार में भाजपा की मदद करना था। उन्होंने कहा कि यूपी में तो बसपा भाजपा की मदद कर ही रही थी और अब बिहार में भी मदद करने में जुट गई है। दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ (डोमा) के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज ने कहा कि हाल ही में मायावती ने मुसलमानों को बसपा से जोड़ने की बात कही है।

# भारत की बेटियां बनी नई महिला विश्वकप चैंपियन

## भारत साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर चैंपियन बना, दीप्ति-शेफाली ने जिताया फाइनल

एजेंसी

नवीं मुम्बई। शेफाली वर्मा (87 रन/ दो विकेट) और दीप्ति शर्मा (58 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम ने रविवार को फाइलन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर एकदिवसीय महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया।

299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को भारतीय गेंदबाजों ने 45.3 ओवर में 246 के स्कोर पर समेटकर 52 रनों से मुकाबला जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन बिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। ब्रिट्स (23) के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे, हालांकि इस दौरान लॉरा वुलफार्ट एक छोर थामे रन बनाती रही। सुने लुस (25) और मैरीजान कप्प (चार) और सिनोला जाफ्टा (16) रन बनाकर आउट हुई। एक समय दक्षिण अफ्रीका ने 148 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। ऐसे सकंट के समय एनरी डर्कसन ने लॉरा वुलफार्ट का साथ बखूबी निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। 40वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एनरी डर्कसन (35) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसी ओवर में लॉरा वुलफार्ट ने अपना शतक पूर किया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दीप्ति शर्मा को गेंद थमाई और उन्होंने 42वें ओवर की पहली गेंद पर वुलफार्ट का शिकार कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। वुलफार्ट ने 98 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की चौथी गेंद पर दीप्ति ने क्लोई ट्राइऑन (नौ) को पगबाधा कर भारत को आठवीं सफलता




दिलाई। 45वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्री चारणी ने ए खाका (एक) को रनआउट कर पवेलियन भेज दिया। 46वें ओवर की तीसरी गेंद पर दीप्ति ने एन डी क्लर्क (18) को आउटकर भारतीय टीम को विश्वकप का नया चैंपियन बना दिया। भारतीय महिला टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने 39 रन देकर पांच विकेट लिये। शेफाली वर्मा को दो विकेट मिले। श्री चारणी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने वर्षा बाधित मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय महिला टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफाली वर्मा (87), दीप्ति शर्मा (58) और स्मृति मंधाना 45 रनों की पारी के दम पर निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 298 रनों का स्कोर बनाया।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 104 रन जोड़े। 18वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। स्मृति मंधाना ने 58 गेंदों में आठ चौको की मदद से 45 रन बनाये। शतक की ओर बढ़ रही शेफाली वर्मा को अयोबोंगा खाका ने आउट किया। शेफाली वर्मा ने 78 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 87 रन बनाये। जेमिमाह रोड्रिग्स (24), कप्तान हरमनप्रीत कौर (20), अमनजोत कौर (12) और ऋचा घोष 34 रन बनाकर आउट हुई। 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर दीप्ति शर्मा रनआउट हुई। दीप्ति शर्मा ने 58 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रनों की पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका के लिए अयोबोंगा खाका ने तीन विकेट लिये। क्लोई ट्राइऑन, एन डी क्लर्क और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 'बिहार में दो सबसे भ्रष्ट परिवारों का गठजोड़'

एजेंसी

नवादा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में अपने चुनाव अभियान के दौरान नवादा में रविवार को कहा कि बिहार और देश के दो सबसे भ्रष्ट परीवारों के गठजोड़ से महागठबंधन बना है।

श्री मोदी ने आज नवादा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है और देश स्तर पर यही हालत कंाग्रेस की है। उन्होंने कहा कि ये दोनों मिल कर सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं और उन्हें देश और समाज की प्रगति से कोई लेना देना नही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल एनडीए सरकार पिछडों, दलितों, महादलितों, गरीबों, शोषितों, वंचितों और गरीब किसानों के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के आने से पहले छोटे किसानों के बारे में कोई नही सोचता था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सुनिश्चित किया कि गरीबों और छोटे किसानों के खाते खोले जाएं और उनके लिए बैंक से ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि उनकी पहल से नवादा जिले के दो लाख किसानों के खाते में अब तक 6500 करोड़ की राशि जमा हो चुकी है। श्री मोदी ने बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह जो याद किया और कहा कि उनके कार्यकाल में बिहार उद्योग धंधे और विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में से एक था, लेकिन धीरे धीरे जंगलराज के विस्तार ने बिहार की प्रगति को निगल लिया। उन्होंने नई पीढ़ी के युवाओं से अनुरोध किया कि अपने नाना- नानी या दादा -दादी से पूछें कि किस प्रकार उनके समय मे तेजी से प्रगति करता हुआ बिहार बाद में जंगलराज के चंगुल में चला गया। उन्होंने कहा कि उस जंगलराज में कर्मचारी अपनी वेतनवृद्धि से डरते थे। उस जमाने मे ज्यादा वेतन वृद्धि का मतलब था बदमाशो को ज्यादा रंगदारी देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2005 में आई नीतीश सरकार ने अपने प्रयासों से बिहार को जंगलराज और 2014 में आई मोदी सरकार ने प्रदेश को नक्सलवादियों के आतंक से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर



### 'भोजपुरी क्षेत्र आरा में मोदी ने कहा, 'जे खेतवा उजड़ले बा, उहे अब बोआई के बात करत बा'

**आरा।** बिहार चुनाव अभियान के दौरान रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोजपुरी क्षेत्र के दिल कहे जाने वाले आरा की धरती पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कंाग्रेस के घोषणापत्र को अपने निशाने पर लिया और भोजपुरिया अंदाज में कहा, 'जे खेतवा उजड़ले बा, उहे अब बोआई के बात करत बा' । श्री मोदी ने आज भोजपुर जिले के कोने कोने से आये विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस भोजपुरी क्षेत्र में डालमिया नगर की सीमेंट फैक्टरी थी, चीनी और कागज की मिलें थी, सभी को राजद के जंगलराज ने निगल लिया। सभी कारखानों में ताले लग गए। हजारो लोग बेरोजगार हो कर पलायन के लिए मजबूर हुए। उन्होनें कहा कि जब लालटेन और लाल झंडे ले कर महागठबंधन के लोग घूमेंगे तो प्रदेश में निवेश करने कौन आएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में पुनः राष्ट्रीय जनतांत्रिक ● शेष पेज 11 पर

# न तेजस्वी मुख्यमंत्री बन सकते हैं, न राहुल प्रधानमंत्री : शाह

एजेंसी

मुजफ्फरपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष

अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव चाहते हैं कि उनके पुत्र तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनें, जबकि कंाग्रेस नेता सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनके पुत्र राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें, लेकिन बिहार में नीतीश कुमार हैं और दिल्ली में नरेन्द्र मोदी, इसलिये न तेजस्वी



मुख्यमंत्री बन सकते हैं, न ही राहुल प्रधानमंत्री। श्री शाह ने आज मुजफ्फरपुर जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि लालू यादव और सोनिया गांधी दोनों को देश की नहीं, अपने परिवार की चिंता है। उन्होंने कहा कि लालू चाहते हैं उनका बेटा मुख्यमंत्री बनें वहीं सोनिया गांधी चाहती हैं उनके बेटे प्रधानमंत्री बने, लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है, इसलिए न तेजस्वी मुख्यमंत्री बन सकते हैं, न राहुल प्रधानमंत्री । श्री शाह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री कुमार की जोड़ी को विकास की गारंटी बताया और कहा कि बिहार को जंगलराज ● शेष पेज 11 पर

## भेड़िए के आतंक का अंत, ढेर

बहराइच। उत्तर प्रदेश बहराइच जिले के कैसरगंज तहसील क्षेत्र में रविवार को वन विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है। बीते कुछ दिनों से दहशत फैला रहे भेड़िए को विभाग के शूटर ने मार गिराया है। मादा भेड़िए के मारे जाने के बाद इलाके के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

मिली जानकारी के अनुसार कैसरगंज तहसील के मझारा तौकाली स्थित गांधीगंज मुखियन पुरवा में रविवार सुबह करीब 10 बजे एक भेड़िया दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल गन्ने के खेत में उसे घेर लिया और घटना का वीडियो बनाकर वन विभाग को भेजा। सूचना मिलते ही विभाग की टीम और शूटर मौके पर पहुंचे। ड्रोन की मदद से भेड़िए की लोकेशन ट्रेस की गई। इसके बाद वह साइन फूलवारी के पास दिखाई दिया, जहां वन विभाग के शूटरों ने सटीक निशाना लगाकर उसे ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि मादा भेड़िया ही वह थी जिसने रविवार ● शेष पेज 11 पर

# जीबीसी-5 इसी माह कराने की तैयारी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ कार्यक्रम स्थल के लिए अफसरों ने किया दौरा, निवेश लक्ष्य भी बढ़ेगा

लखनऊ। राज्य सरकार ने पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए स्थान की तालाश शुरू कर दी गई है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का दौरान उच्चाधिकारी एक चरण में कर चुके हैं। हालांकि बुकिंग अभी नहीं हुई है और न ही तारीख का खुलासा हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि 25 नवंबर को आयोध्या में कार्यक्रम से पहले जीबीसी की तिथि तय की जा सकती है। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में अब तक हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से काफी भव्य इसका आयोजन कराना चाहती है। इस बार पांच लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा है, लेकिन और बढ़ाने की तैयारी है।

इसके लिए विभागों को निवेश प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जीबीसी के आयोजन को लेकर छह सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। इसमें इंवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरन आनंद के साथ एसीईओ शशांक चौधरी, वित्त प्रबंधक विश्वजीत राय, महाप्रबंधक (लीगल), महाप्रबंधक (निवेश प्रोत्साहन) व महाप्रबंधक (इवेंट) को रखा गया है। इनकी देखरेख में ही सारी तैयारियां की जानी है। विभागवार निवेश के लक्ष्य तय किए जा रहे हैं। यूपीसीडा को 70 हजार करोड़ रुपये के ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ को पांच जिलों से जोड़ेगा विज्ञान पथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ 250 किमी लंबा होगा विज्ञान पथ, एससीआर परियोजना में शामिल होगा हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर को लखनऊ से जोड़ेगा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विकास और यातायात व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार लाने के लिए एलडीए विज्ञान पथ नामक 250 किलोमीटर लंबी, छह-लेन की एक महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना तैयार कर रहा है। यह पथ लखनऊ को हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली और उन्नाव जैसे पांच जिलों को जोड़ेगा। एलडीए इस परियोजना को एससीआर के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में शामिल कर रहा है। विज्ञान पथ पांच जिलों की दूरी होगी आधी विज्ञान पथ सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास की नई रीढ़ साबित होने जा रही है।

250 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग छह लेन का होगा, जिससे भारी वाहनों और आम यातायात दोनों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में इन जिलों से लखनऊ पहुंचने में जहां जाम और संकरी सड़कों की वजह से घंटों लगते हैं, वहीं विज्ञान पथ बनने के बाद यह दूरी लगभग आधी रह जाएगी। हर जिले से राजधानी तक 60 से 75 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत एलडीए के मुख्य नगर नियोजक के अनुसार, विज्ञान पथ को 2027 तक राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) का हिस्सा बना दिया जाएगा। इसके बनने से राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन आएगा। शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या में भारी कमी होगी, क्योंकि भारी वाहन सीधे बाहरी परिधीय मार्ग से गुजर सकेंगे। इस परियोजना के साथ 20 विकास नोड भी प्रस्तावित हैं, जिनमें औद्योगिक पार्क, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र और व्यावसायिक परिसर विकसित किए जाएंगे। अटल बिहारी ● शेष पेज 11 पर

## विश्वविद्यालयों में ई-कोर्ट, साइबर लॉ और एआई आधारित प्रशिक्षण पर सरकार दे रही जोर

# सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से ही पूरे होंगे सुशासन के लक्ष्य : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यहां से निकलने वाले छात्र समाज और राष्ट्र की न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिया जाने वाला दीक्षा मंत्र, 'सत्यं वद्, धर्मं चर' (सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो) भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की नींव है। यही भावना हमारे संविधान, संसद और न्यायपालिका के बोधवाक्य ल्लधर्मो रक्षति रक्षितःङ्क और ल्लयतो धर्मस्य ततो जयः में भी प्रतिबिंबित होती है। सीएम योगी ने कहा कि न्याय व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना उतना ही सरल होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्राचीन काल का रामराज्य भेदभाव रहित और न्यायसंगत शासन का प्रतीक था, जिसे आज की आधुनिक व्यवस्था में सुशासन के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ई-कोर्ट प्रणाली, वैकल्पिक विवाद निपटान (एडीआर), साइबर लॉ प्रशिक्षण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर विशेष जोर दिया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और छात्रावास के निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर



### न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अतिआत्मविश्वास से बचें: जस्टिस सूर्यकांत

**लखनऊ।** डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह रविवार को गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि किसी भी केस को जीतने से अधिक महत्वपूर्ण है उसमें न्याय मिलना। विधि स्नातकों से उन्होंने कहा कि जीवन में आत्ममंथन अत्यंत आवश्यक है। क्या मेरी तैयारी पूरी थी? क्या मैंने बहस सही से की? जैसे सवाल खुद से पूछने की आदत सुधार की दिशा में पहला कदम है। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने वकालत के दिनों का अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार अतिआत्मविश्वास के कारण वह केस हार गए थे। उसके बाद से उन्होंने हर केस के लिए नोटबुक रखना शुरू किया ताकि हर गलती से सीख ली जा सके। उन्होंने नए विधि स्नातकों को अतिआत्मविश्वास से बचने और विनम्रता बनाए रखने की सलाह दी। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने विद्यार्थियों को तीन मंत्र दिए मेहनत, ईमानदारी और खुशमिजाजी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इन तीन बातों का पालन करता है, वह जीवन में अवश्य सफल होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करना उतना ही आसान होगा। यही वह व्यवस्था है जिसे हमारे पूर्वजों ने रामराज्य कहा था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, पहले हमारे डीजे के चैम्बर में एसी नहीं था। आज ये लग्जरी नहीं, जरूरत है, ताकि जब बार को गुस्सा आए तो एसी से गुस्सा ठंडा हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी उपाधिधारकों के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना है। समारोह में इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण कुमार भंसाली, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, और कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# विहंगम योग संस्थान द्वारा 41 यूनिट रक्तदान

**मानवता की मिसाल रक्तदान से बढ़कर कोई दान नही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। सद्गुरु सदा फलदेव विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में महर्षि सदाफल देव आश्रम, सदाफल आरोग्य में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस पुण्य अवसर पर कुल 41 यूनिट रक्त दान किया गया, जो मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है।यह पवित्र आयोजन सुपूज्य संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। विहंगम योग संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विश्व के अनेक देशों में भी इसी शुभ अवसर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे असंख्य जीवनों में नई ऊर्ज़ा का संचार होता है।

शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं ने कहा की ळ्ररक्तदान महादान है; यह किसी के जीवन को बचाने का सबसे पवित्र कार्य हैकार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय बहादुर सिंह, रामबाबू केसरवानी, राजेंद्र प्रसाद, योगेंद्र गुप्ता, प्रेम कुमार, उत्पलकांत, विनोद कुमार, मनोज यादव, नागेंद्र तिवारी सहित अनेक आश्रम के अधिकारीगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।इस शिविर के सफल संचालन में बेली अस्पताल के चिकित्सक अजय मिश्रा एवं उनकी टीम के साथ स्थानीय संयोजक राम बाबू केसरवानी का विशेष सहयोग रहा।सभी ने संस्थान की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जीवनदायी संवेदना को बढ़ाते हैं।अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि ळ्रमानवता की सेवा ही सच्ची साधना है,रक्तदान से बढ़कर कोई यज्ञ नहीं।

# साठ, पैंसठ वर्ष में सेवानिवृतिक आश्रितों को मात्र सात साल ही पेंशन, सरकार का कर्मचारी विरोधी एक और तुगलकी फरमान: रुपेश

**कर्मचारी और उनका परिवार मतदाता नहीं हैं, यह समझने की भूल न करे सरकार : पंडित श्याम नारायण**

**पुरानी पेंशन बहाल कर आठवें वेतन का फिटमेंट 4 से कम न रखे सरकार: इं. राम समुझ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन पर हुई। बैठक में अध्यक्ष रुपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल,इं. रामसमुझ क्षेत्रीय अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर संघ ने संयुक्त बयान में कहा कि सूत्रों से ज्ञात हुआ कि जल्दी ही सरकार साठ एवं पैंसठ वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को अब केवल सात वर्ष तक ही पेंशन की योजना पर विचार कर रही है।

ऐसा करना कर्मचारियों को जीते जी मारना एवं असंवैधानिक होगा। सरकार को इस तरह की कर्मचारी विरोधी किसी भी योजना पर विचार करने से पहले यह सोचना होगा कि कर्मचारी एवं उनके परिवार के लोग भी मतदाता हैं। यदि ऐसी कोई भी योजना विचाराधीन हो तो सरकार कर्मचारी हित में उसे तुरंत वापस ले एवं श्वेत पत्र जारी करे ।

संरक्षक अशोक पाण्डेय एवं इं. नागेन्द्र मणि गुप्ता ने पुरानी पेंशन पर जोर देते हुए कहा कि पूरे देश के सभी कर्मचारी/शिक्षक पुलिस एवं अर्धसैनिक बल पुरानी पेंशन के लिए अनवरत संघर्षरत हैं। कुंभकर्णी नींद में सोई हुई सरकार को अब ओपीएस बहाली पर निर्णय लेना होगा। बड़ी विडम्बना है कि एक देश एक निशान वाली सरकार पेंशन के मुद्दे पर एक देश दो विधान की पक्षधर बनी हुई है। माननीयों को चार चार पेंशन और बाकी सबको लालीपाप यानी एनपीएस/यूपीएस। यह कहां का न्याय है। पुरानी पेंशन लागू करके सबका साथ सबका विकास और सबको न्याय से देश का विकास संभव है। अध्यक्ष रुपेश ने कहा कि आठवें वेतन के फिटमेंट फैक्टर में भी झोल है, साजिश रची जा रही है कि आर्थिकी का हवाला देते हुए कर्मचारियों के हितों को संकुचित करना चाहते हैं। इन सभी कर्मचारी हितबद्ध मुद्दों पर सभी कर्मचारी संगठनों को एक होकर लड़ना होगा, और कर्मचारी हितों को संरक्षित रखने के लिए हर स्तर पर सचेत रहना है। नहीं तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। सरकार को चेताया कि कर्मचारी, शिक्षक, पुलिस, अर्धसैनिक बलों एवं उनके परिवार की आह सरकार के रामराज के सपने को दिवास्वप्न साबित कर देगी।

## मुख्यमंत्री योगी के सरोजनीनगर आगमन पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया स्वागत



लखनऊ । सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (Tiwtter) के माध्यम से अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि -ळ्रपरम श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ जी के कर्मयोगी व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और लोकहितकारी नीतियों ने उत्तर प्रदेश को सुशासन, समृद्धि, सुरक्षा और संवेदनशील प्रशासन के पथ पर अग्रणी राज्य बना दिया है। आपके नेतृत्व में प्रदेश ने विश्वास, पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ी है।ङ्कउन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन और आशीर्वचन से सरोजनीनगर परिवार निरंतर प्रेरित और अनुग्रहीत है।

## पाँच भैस चोरी भुक्तभोगी ने कोरावं पुलिस को दी तहरीर

कोराव, प्रयागराज । कोराव थाना क्षेत्र के रामपुर तुलापुर गाव की रहने वाली जड़ावंती देवी पत्नी शत्रुधन ने कोराव पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने की माँग की है आरोप है 1 और 2 नवम्बर रात्रि के बीच एक व्यक्ति द्वारा पाँच कीमती भैस पिकप से लदवा कर चुरा ले गए जिसकी सूचना लिखित कोराव पुलिस को भुगतभोगी ने दी है और कोराव थाना पुलिस से कार्रवाही की माँग की है इसी प्रकार बड़ोखर गाव के रहने वाले लवकुश केशरी पुत्र पारस नाथ केशरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि यूपी 70 ब्क्ष 5221 द्वार पर खड़ी मोटर साइकिल 26 अक्टूम्बर 2025 को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया इसी प्रकार हाल ही में पथरताल गाव में कुछ लड़के चोरी करते गाव वालो ने पकड़कर पुलिस को सौप दिया था इसी प्रकार शाहिद नगर तहसील रोड पर पेट्रोल पंप के पास एक बालिक एक नाबालिक लड़का एक गुमटी में रात्रि में चोरी कर रहा था लेकिन चोरी करने में सफलता नही मिल पाई थी तब तक आसपास के लोगो ने पकड़ लिया लेकिन जो बालिका था वह भागने में सफल रहा नाबालिक को स्थानीय लोगो ने पकड़कर पुलिस को सौप दिया था स्थानीय लोगो ने कोराव पुलिस को और गस्त बढाने की माँग की है जिससे चोरी में अंकुश लग सके।

## लखनऊ,दुर्गा जी मंदिर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ तुलसी श्री सालिग्राम विवाह

लखनऊ (कैनबिज टाइम्स संवाददाता )। अयोध्या धाम से आई साधुओं की बारात ने आकर्षित किया नगरवासियों का ध्यानलखनऊ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देव उत्थान एकादशी के पावन अवसर पर श्री दुर्गा जी मंदिर, शास्त्रीनगर में तुलसी जी और श्री सालिग्राम जी का विवाह बड़े विधि-विधान और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।विवाह समारोह के लिए अयोध्या धाम से साधुओं की बारात शाम 5 बजे राधाकृष्ण मंदिर, ऐशबाग पहुंची। वहां से 108 साधुओं की यह भव्य बारात रामलीला ग्राउंड ऐशबाग, रामनगर, तिलकनगर और कुंडरी होते हुए दुर्गा जी मंदिर शास्त्रीनगर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु बारात पर फूलों की वर्षा कर रहे थे।मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने बारातियों का हार पहनाकर स्वागत किया। मुख्य यजमान श्री अजय गुप्ता के साथ सर्वश्री ताराचंद अग्रवाल, रामनरेश मिश्र, पवन अग्रवाल, राजेंद्र गोयल, रामकिशन जयसवाल एवं ओमप्रकाश गुप्ता विवाह की तैयारियों में विशेष रूप से सक्रिय रहे।द्मविवाह कार्यक्रम में एकादशी के कारण फलाहारी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। नगरवासियों और भक्तगणों ने तुलसी जी को विभिन्न उपहार भेंट किए, जिन्हें बारातियों के साथ अयोध्या धाम भेजा जाएगा।कार्यक्रम में उपस्थित विदुषी एवं कथावाचक पूज्य कल्याणी देवी ने कहा कि ळ्रदुर्गा जी मंदिर द्वारा इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से हिन्दू संस्कृति और शास्त्रीय परम्पराओं के संरक्षण को बल मिलता है। शास्त्र और कथाओं को मूर्त रूप देने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।ङ्कदुर्गा जी मंदिर सदैव धार्मिक परंपराओं के निर्वहन और समाज में संस्कृति संरक्षण के लिए अग्रणी रहा है।

## मानक नगर पुलिस ने नए कानूनों को लेकर किया जन जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ (कैनबिज टाइम्स संवाददाता )। राजधानी लखनऊ के मानक नगर थाना क्षेत्र के बाराबिरवा अवध चौराहा पर मानक नगर पुलिस द्वारा नए कानूनों के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने क्षेत्रवासियों को नए कानूनों की प्रमुख धाराओं और उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिकों को कानून की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझ सकें।इस दौरान थाना मानक नगर की पूरी टीम एवं बाराबिरवा चौकी पुलिस मौजूद रही। कार्यक्रम में महिलाओं एवं पुरुषों दोनों को नए कानूनों की बारीकियों के बारे में बताया और समझाया गया।पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी या मदद की आवश्यकता पड़ने पर वे थाना या हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करें।

## नाका थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

लखनऊ (कैनबिज टाइम्स संवाददाता ) । लखनऊ।राजधानी लखनऊ के नाका थाना क्षेत्र के मोतीनगर इलाके में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का।फिलहाल नाका पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## नगर निगम की खुली पोल, केसरीखेड़ा वार्ड में अंधेरे में डूबा ओशो नगर



लखनऊ (कैनबिज टाइम्स संवाददाता ) । राजधानी लखनऊ में नगर निगम के दावों की हकीकत एक बार फिर उजागर हो रही है। जोन-5 के अंतर्गत आने वाले थाना कृष्णा नगर क्षेत्र के केसरीखेड़ा वार्ड में स्थित ओशो नगर में लंबे समय से सड़क और चौराहों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार नगर निगम अधिकारियों को आवेदन देकर लाइटों की मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। रात में पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है, जिससे चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम केवल कागज़ों पर काम दिखाता है, जबकि जमीनी स्तर पर व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है।गौरतलब है कि यह क्षेत्र कैंट विधानसभा में आता है, जहां के विधायक उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक हैं। इसके बावजूद यहां की बदहाल स्थिति क्षेत्रवासियों में नाराजगी का विषय बनी हुई है।

# चोरी की दो मोटरसाइकिलों समेत एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने चोरी की गई दो मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला कसभरा अस्तल का रहने वाला गौरव पुत्र रमेश है।दरअसल, बीती 10 अक्टूबर को थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला कसभरा मठिया निवासी प्रशांत अग्रवाल के घर के बाहर खुटार रोड पर स्थित सूरज मैरिज लान के गेट पर उनकी मोटरसाइकिल खड़ी थी, इसी दौरान अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल चोरी करके ले गए, प्रशांत अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट कराई। इसके बाद 31 अक्टूबर को मोहल्ला अम्बेडकर नगर के रहने वाले अवनीश प्रजापति ने भी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस विवेचना के दौरान मोहल्ला कसभरा अस्तल का रहने वाले गौरव पुत्र रमेश और मोनू पुत्र कल्लू का नाम प्रकाश में आया, पुलिस ने गौरव को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल और दूसरी मोटरसाइकिल के पार्ट्स आदि बरामद किए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त गौरव ने बताया कि वो अंडे का ठेला लगाता है और उसके पास मोनू काम करता है। मोनू ने उससे कहा कि अंडे बेचकर उसके घर का खर्चा नहीं चलता है, वो मोटरसाइकिल चोरी करता है और उसके पार्ट्स अलग-अलग कर बेचता है। बताया कि लालच में आकर उसने मोनू के साथ दोनों मोटरसाइकिल चोरी की थी। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त गौरव को जेल भेज दिया है और उसके साथी फरार मोनू की तलाश में है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक राकेश सिंह के साथ महिला उपनिरीक्षक मनीषा चौधरी, कांस्टेबल निर्दोष कुमार और अवनीश मिश्रा मौजूद रहे।

# 21 अमेरिका तथा कैरेबियाई क्षेत्र के 21 देशों से आए राजनयिकों ने किया इमामबाड़ा का भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मध्य और दक्षिण अमेरिका तथा कैरेबियाई क्षेत्र के 21 देशों से आए 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने अपने लखनऊ प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत का अनुभव किया। राजनयिकों ने ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा का भ्रमण किया, जो लखनऊ की स्थापत्य कला और गंगा-जमुनी संस्कृति का अद्भुत प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडल इसके शानदार वास्तुशिल्प, ऐतिहासिक महत्व और भव्यता से प्रभावित हुआ, जो प्रदेश के गौरवशाली अतीत को दर्शाता है।यह तीन दिवसीय दौरा इन्वेस्ट यूपी द्वारा विदेश मंत्रालय के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस (ट्टट्टथ्क्ष्ट) के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश मंत्रालय की संयुक्त सचिव अनीता शुक्ला भी उपस्थित रहीं।शाम के समय प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड रिसर्च (ठ्घ्क्रष्ट) का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रदेश की एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना से जुड़ी रचनात्मकता और शिल्पकला को करीब से देखा। राजनयिकों ने विद्यार्थियों और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक कलाकृतियों और नवीन डिजाइनों की सराहना की। संस्थान का आर्ट एंड डिजाइन म्यूज़ियम भी प्रतिनिधिमंडल के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जो उत्तर प्रदेश की परंपरा और आधुनिक डिज़ाइन का सुंदर संगम प्रदर्शित करता है।इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने राजनयिकों का स्वागत और सम्मान करते हुए उनके उत्साहपूर्ण सहभाग और संवाद के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने संस्कृति और निवेश को साथ लेकर चलने की प्रदेश सरकार की गतिशील नीति की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश को वैश्विक साझेदारी के लिए एक संभावनाओं से भरा गंतव्य बताया।दौरे का समापन एक ग्रुप फोटो के साथ हुआ, राजनयिक उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि, कलात्मक उत्कृष्टता और निवेश क्षमता से प्रभावित होकर लौटे और भविष्य में निवेश साझेदारी में अहम भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया। यह जानकारी अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग (इन्वेस्ट यूपी) द्वारा दी गई है।

# पुलिस लाइन में होम्योपैथिक स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित

**यह कार्यक्रम पुलिस बल एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य सुरक्षा, कल्याण एवं मानसिक-शारीरिक सुदृढ़ता के उद्देश्य से आयोजित किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं प्रेरणा में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस बल एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य सुरक्षा, कल्याण एवं मानसिक-शारीरिक सुदृढ़ता के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी लाइन/यातायात संजय कुमार ने किया, जबकि प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी आकृति पटेल एवं प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार ने पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी संभाली। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञों व प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की टीम ने पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, रोग निदान, परामर्श एवं आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया। साथ ही रक्तदान शिविर में पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, फिटनेस एवं समाज सेवा के महत्व से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह आयोजन पुलिस बल के मनोबल व स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में सार्थक पहल साबित हुआ। शाहजहांपुर पुलिस द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर, फिटनेस कार्यक्रम एवं समाजसेवी गतिविधियां आयोजित की जाती रही हैं। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं रक्तदान करने वाले सभी पुलिसकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# जन-जन के सुख व स्वस्थ जीवन हेतु सम्पन्न हुआ मासिक गायत्री महायज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**16 नवम्बर को विराट दीप महायज्ञ एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन**

गोरखपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार के सतत मार्गदर्शन में गायत्री चेतना केंद्र, गणेशपुरम, राप्तीनगर, गोरखपुर में जन-कल्याण, सुख-शांति एवं स्वस्थ जीवन हेतु मासिक गायत्री महायज्ञ वरिष्ठ परिव्राजक आदरणीय कैलाश जी के नेतृत्व में विधिवत सम्पन्न हुआ।यज्ञ में गायत्री मंत्र की 108-108 आहुतियों की चार पालियाँ संपन्न की गईं।मुख्य यजमान के रूप में सुनील गुप्ता एवं ज्योति गुप्ता द्वारासर्वजन सुखाय ऽ सर्वजन हिताय की भावना से मंगलकामना की गई।

इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी एवं जिला युवा संयोजकडॉ. दीना नाथ सिंह ने बताया कि युग-परिवर्तन के इस पावन दौर में सतयुग-संस्कारों की पुनर्स्थापना हेतुदिनांक 16 नवम्बर 2025 (रविवार) को सायं 4:00 बजे सेविराट दीप महायज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजनगायत्री चेतना केंद्र, गणेशपुरम पर भव्य रूप में किया जाएगा।शान्तिकुंज से पधारे दिव्य-दूतघरों में संस्कार व संस्कृति पुनर्स्थापन हेतु विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करेंगेतथा दीप महायज्ञ संपन्न कराएंगे। कार्यक्रम का सफल संचालनयुवा समन्वयक राज कौशिक व्यवस्थापक राज कुमार सिंह एवं श्रवण कुमार भोजवाल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिग्विजय पाण्डेय, दिनेश प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह,रंजीत बहादुर सिंह, श्रवण कुमार भोजवाल,आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, अरुण कुमार मिश्र,हेमन्त त्रिगुणायत, सतीश सिंह, राकेश श्रीवास्तव,राजेश सिंह, हरिहर पाण्डेय, सविता पाण्डेय,मीरा वर्मा, सीमा सिंह, अनिता सिंह, कमलेश सिंहतथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## लखनऊ,सरदार पटेल नगर वार्ड में सफाई व्यवस्था ध्वस्त



लखनऊ। राजधानी के मानक नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजीलाल सरदार पटेल नगर वार्ड के रामनगर मोहल्ले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नालियों में गंदा पानी भरा रहने से दुर्गंध फैल रही है, वहीं सीवर चैंबर हमेशा ओवरफ्लो की स्थिति में रहते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं की जा रही है और लोगों को प्राइवेट तौर पर सफाई करवानी पड़ती है। वार्ड की गलियां गंदगी से पटी हैं और कई स्थानों पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।निवासियों ने आरोप लगाया कि जब शिकायत लेकर पार्षद के कार्यालय जाया जाता है तो पार्षद प्रतिनिधियों द्वारा राजनीतिक भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। शिकायतकर्ताओं को यह कहकर टाल दिया जाता है।

# सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन को ''दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल'' 2025 से गया नवाजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन को मिली एक और उपलब्धि.. फिल्म फ़ेयर के बाद ''दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल'' 2025 से भी नवाजा गया । गोरखपुर के सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें 2025 ''दादा साहब फाल्के'' इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल'' पुरस्कार से भी नवाजा गया है। जैसे ही इसकी जानकारी प्रशंसकों को हुई उनमें खुशियों की लहर दौड़ गई। लोग बधाई देने उनके आवास पहुंचे।

बता दें कि रवि किशन फिल्मों के साथ ही राजनीति में भी सक्रिय हैं। फिलहाल वह गोरखपुर से दूसरी बार सांसद है।गोरखपुर के सांसद एवं फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ला लगातार अपने बयानों और गतिविधियों के कारण चर्चा में बने रहते हैं। जौनपुर जिले के केराकत गांव निवासी रवि किशन गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार बीजेपी से सांसद चुने जाने के अलावा भोजपुरी और हिंदी फिल्मों में। भी लगातार सक्रिय हैं। फिल्मों के पिछले 33 वर्षों के लंबे संघर्ष के दौरान उन्होंने कई भोजपुरी और हिंदी फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा उन्होंने साउथ की फिल्मों में भी कई अच्छी भूमिकायें निभाई हैं। अभी हाल ही में उन्हें हिंदी फिल्म ''लापता लेडीज'' के लिए फिल्म फ़ेयर अवार्ड से नवाजा गया था। अभी इसकी खुशियां मनाई ही जा रही थी,बधाइयों का तांता जारी था कि इसी बीच उन्हें 2025 ''दादा साहब फाल्के'' इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। जैसे ही इसकी जानकारी उनके समर्थको और चाहने वालों तक पहुंची, उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने अपने चहेते कलाकार को बधाई देने के लिए उन्हें फोन करना शुरू कर दिया, तो कुछ उनके आवास पर भी पहुंच गए। हालांकि रवि किशन इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के तौर पर व्यस्त हैं। मगर पिछले दो दिनों से वह गोरखपुर में हैं, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में मंच साझा किया।

रवि किशन शुक्ला को जब फिल्मफ़ेयर अवार्ड से नवाजा गया तो उन्होंने कहा था कि यह मेरी 33 वर्ष की तपस्या का फल है,जिसे मैं अपने माता= पिता,समर्थकों और चाहने वालों को समर्पित करता हूं। बाबा गोरखनाथ के आशीर्वाद और माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री महाराज योगी जी के सानिध्य में रहते हुए जनता के लिए जो कुछ भी हो सकेगा उसे पूरा करूंगा। इस बारे में सांसद के पीआरओ पवन दुबे से जब एनबीटी की बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि सांसद जी को फिल्म ''दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल'' पुरस्कार मिलने की जानकारी शनिवार की रात हुई, सांसद जी के साथ मैं पिछले कई वर्षों से हूं, इन्होंने इस मुकाम को हासिल करने के लिए बहुत तपस्या और मेहनत की है, मैं इसका साक्षात गवाह हूं। आज उन्हें जो कुछ भी सम्मान मिल रहा है वह उनकी मेहनत और लगनशीलता का फल है।बता दें कि रवि किशन मूल रूप से जौनपुर जिले के केराकत गांव के रहने वाले हैं। एक सामान्य परिवार में जन्मे रवि किशन ने 19 वर्ष की अवस्था में काम करने के लिए भोजपुरी सिनेमा का रुख किया। जहां भोजपुरी फिल्मों में काम करने के साथ ही बॉलीवुड में भी भाग्य आजमाने मुंबई पहुंच गए। कई सालों के संघर्ष और मेहनत के बाद उन्हें फिल्मों में छोटी-मोटी भूमिकायें मिलनी शुरू हुई। हिंदी फिल्म हेरा= फ़ेरी 2 में उन्होंने एक ऐसी विलेन की भूमिका निभाई थी जो तुतला कर बोलता है। इस रोल को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म के लिए रवि किशन को अवार्ड से भी नवाजा गया था।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले से लगभग पांच हज़ार लोग हुए लाभांवित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जिले के सभी ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.पी.सिंह के साथ पीएचसी खरगापुर और उजरियावां पीएचसी का भ्रमण किया । इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एच.सिद्दीकी ने रहीम नगर तथा खुर्रमनगर पीएचसी, डॉ.गोपीलाल ने पारा और बुद्धेश्वर पीएचसी, डॉ.बी.एन.यादव ने जानकीपुरम पीएचसी व डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने जुगौली तथा पटेल नगर पीएचसी का भ्रमण किया ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से सभी पीएचसी पर रविवार को आरोग्य मेला आयोजित किया जाता है । इन मेले को आयोजित करने के पीछे सरकार की मंशा है कि लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह सुविधाएं पहुंचें । इन मेलों में प्रसवपूर्व जांचों सहित प्रसवकालीन सेवाएं, सम्पूर्ण टीकाकरण किया जाता है । इसके साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य जांचें की जाती हैं व दवाओं तथा संदर्भन की सेवाएं सुनिश्चित की जाती हैं। पांच साल के बच्चों में कुपोषण मुख्य समस्या है । इसी क्रम में बच्चों में कुपोषण की पहचान कर आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है ।

परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग व सेवाएं भी मेले के माध्यम से लोगों को दी जाती हैं।इसके अलावा टीबी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं । इन मेलों में आईसीडीएस की भी सहभागिता होती है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4906 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 1972 पुरुष, 2188 महिलायें और 746 बच्चे शामिल हैं ।

# बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहीं शराब व बीयर की दुकानें व बार सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित होने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर रविवार को जोन-4 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 9 शराब और बीयर की दुकानों व बारों को सील कर दिया। यह कार्रवाई हुसडिया चौराहा, कमता, साइबर हाइट्स, अहिमामऊ बाजार और पलासियो मॉल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में की गई। टीम ने विराम खंड-1 हुसडिया चौराहे के पास स्थित मॉडल शॉप, कमता विक्रांत खंड मॉडल शॉप, साइबर हाइट्स स्थित जाओ बार और जलवा बार को सील किया। इसके अलावा पलासियो मॉल में दो लिकर शॉप्स, अहिमामऊ बाजार स्थित अंग्रेजी शराब और बीयर शॉप, तथा मल्हौर की एक मॉडल शॉप को भी सील कर दिया गया। हालांकि, इनमें से कुछ प्रतिष्ठानों ने रविवार शाम तक अपने लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर दिया, जिसके बाद निगम प्रशासन ने नियमानुसार उन्हें खोलने की अनुमति प्रदान की। नगर निगम के अनुसार, यह अभियान शहर में व्यावसायिक गतिविधियों को नियमों के दायरे में लाने और राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। निगम ने सभी जोनों को निर्देशित किया है कि बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित किसी भी प्रतिष्ठान पर तत्काल कार्रवाई की जाए। नगर निगम अधिनियम के तहत हर प्रकार के व्यवसायिक प्रतिष्ठान, जैसे होटल, बार, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब, कोल्ड ड्रिंक व आइसक्रीम यूनिट, ईंट भट्ठा, औद्योगिक इकाइयां आदि के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है। इस कार्रवाई का नेतृत्व जोनल अधिकारी संजय यादव ने किया। उनके साथ टैक्स सुपरिंटेंडेंट अनुराग उपाध्याय, बनारसी दास, टैक्स इंस्पेक्टर अजय वर्मा, विशाल श्रीवास्तव, लाइसेंसिंग विभाग की टीम और ईटीएफ के सदस्य भी मौजूद रहे। यह कार्रवाई पुलिस बल के सहयोग से की गई थी। वहीं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि शहर में व्यावसायिक गतिविधियों को नियमों के दायरे में लाना आवश्यक है। ट्रेड लाइसेंस न केवल वैधता प्रदान करता है, बल्कि स्वच्छता, सुरक्षा और राजस्व से भी जुड़ा हुआ है। सभी व्यवसायी समय रहते अपने लाइसेंस नवीनीकरण कराएं, अन्यथा आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश आज भारत का उभरता हुआ ग्रोथ इंजन : नीरज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लायंस इंटरनेशनल, रीजन 14, डिस्ट्रिक्ट 318B के तत्वावधान में आयोजित बिज़नेस कॉन्क्लेव 2025 प्री-कॉन्क्लेव नेटवर्किंग इवनिंग में एफआईसीसीआई उत्तर प्रदेश यंग लीडर्स फोरम के चेयरमैन नीरज सिंह मुख्य अतिथि एवं गेस्ट स्पीकर के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भारत और यूएई के बीच निवेश एवं व्यापारिक साझेदारी को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। अपने संबोधन में नीरज सिंह ने कहा कि ल्लउत्तर प्रदेश आज भारत का उभरता हुआ ग्रोथ इंजन है और इंडो-गल्फ साझेदारी में अहम भूमिका निभा सकता है कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में कोरल परफ्यूम्स , केजेमा ग्रुप और ट्रिलोजी फैब जैसी प्रमुख कंपनियों ने भारत, विशेषकर उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार विस्तार की योजनाएँ साझा कीं। ट्रिलोजी फैब ने 200 से अधिक तकनीशियनों की भर्ती हेतु उत्तर प्रदेश के रोजगार मेलों से सहयोग का ऐलान किया वहीं नीरज सिंह ने इस आयोजन को भारतऽयूएई संबंधों को नई दिशा देने वाला सार्थक मंच बताया। उम्मीद की जा रही है कि इस आयोजन के माध्यम से भारत और यू ए ई मे व्यापार को नई दिशा मिलेगी।

# एलडीए की चुप्पी पर उठे सवाल, अवैध निर्माण अब भी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सख्त निर्देशों के बावजूद ज़ोन-7 में अवैध निर्माणों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पहले भी अंबरगंज वार्ड स्थित कैंपवेल रोड पर राज ट्रेडर्स के सामने और प्रधान दूध डेरी के बगल में हो रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को लेकर ख़बर प्रकाशित की गई थी, लेकिन अब तक एलडीए की ओर से किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है और निर्माण कार्य पहले की तरह तेज़ी से जारी है। मौके पर न तो कोई निरीक्षण टीम पहुँची और न ही निर्माण रोकने के आदेश लागू कराए गए। लोगों का आरोप है कि एलडीए के संबंधित अवर अभियंता इस पूरे प्रकरण में ल्लमौन समर्थनङ्क की भूमिका निभा रहे हैं। रिहायशी इलाके में हो रहे इस निर्माण ने अब गली की स्थिति और भी खराब कर दी है। निर्माण सामग्री मौरंग, बालू और ईंटों से किये गए अतिक्रमण के कारण पूरी गली बंद जैसी हो गई है। नालियां जाम हैं और गंदगी से दुर्गंध फैल रही है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम और एलडीए की टीम ने अब तक कोई एक्शन नहीं लिया, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध निर्माण कराने वालों को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक मार्केट बनने से भविष्य में ट्रैफिक, पार्किंग और सुरक्षा की गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, बिना नक्शा स्वीकृति और सेटबैक नियमों की अनदेखी से न केवल भवन असुरक्षित होता है, बल्कि आसपास की संरचनाओं को भी खतरा रहता है। जनता अब एलडीए के उच्चाधिकारियों से अपेक्षा कर रही है कि इस पूरे प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेकर मौके पर निरीक्षण कराएं, दोषी निर्माणकर्ताओं और लापरवाह अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही, अवैध निर्माण को ध्वस्त कर क्षेत्र में स्वच्छता व संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## एलडीए में लगेगा 3 नवम्बर से 13 दिन का रजिस्ट्री शिविर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए ने अपनी आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की रजिस्ट्री जल्दी कराने के लिए 13 दिन का विशेष शिविर लगाने का फैसला किया है। यह शिविर 3 नवम्बर से 15 नवम्बर, 2025 तक एलडीए भवन में चलेगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इसके लिए आदेश जारी किए हैं। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने अब तक कई लोगों को फ्लैट और प्लॉट आवंटित किए हैं, लेकिन उनमें से कई की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो सकी है। ऐसे सभी लोगों की मदद के लिए यह खास शिविर लगाया जा रहा है। शिविर के पहले 10 दिनों में एलडीए के अधिकारी और कर्मचारी रजिस्ट्री से जुड़े कागज़ तैयार करेंगे। इसके बाद आखिरी तीन दिनों में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी वहीं कैंप में मौजूद रहेंगे और मौके पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करेंगे। यह कैंप एलडीए भवन के कमेटी हॉल में लगाया जाएगा। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि जिन लोगों ने अपनी संपत्ति की पूरी रकम जमा कर दी है, उन्हें कॉल सेंटर के जरिए सूचना दी जा रही है कि वे आकर रजिस्ट्री कराएं। वहीं, जिन लोगों ने 80 प्रतिशत या उससे ज़्यादा रकम जमा कर दी है, उन्हें बाकी रकम जमा कर रजिस्ट्री पूरी करने के लिए कहा जा रहा है। एलडीए का कहना है कि इस विशेष शिविर से बहुत से पुराने लंबित मामलों का निपटारा होगा और लोगों को अपने मकान या प्लॉट की रजिस्ट्री आसानी से मिल सकेगी।

## नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के लीग मैच में विभिन्न टीमों ने हासिल की जीत



**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीकेटी स्थित द क्रिएटर्स ग्राउंड और सीएपी ग्राउंड पर चल रही द्वितीय नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में रोमांचक मैच खेले गए। तलवार इवेंट्स प्लानर ने शील्ड इलेवन को 3 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शील्ड इलेवन ने 142 रन बनाए, जिसमें सौरभ सिंह ने 35 रनों का योगदान दिया। जवाब में तलवार इवेंट्स प्लानर ने 19.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। राजपूत रॉयल्स ने ईगल फाइटर्स को 9 रनों से पराजित किया। राजपूत रॉयल्स के कप्तान विनीत सिंह ने 67 और अजय सिंह बिष्ट ने 35 रन बनाए। ईगल फाइटर्स अंत तक संघर्ष करते रहे पर मैच नहीं जीत सके। लखनऊ लीजेंड्स ने शालीमार कॉर्प को 53 रनों से मात दी। लीजेंड्स की ओर से प्रवीण सिंह चौहान ने 58 रन और शशांक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं नाइट्स इलेवन ने क्रिकेट फॉरएवर को 98 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। कप्तान रवि प्रताप सिंह ने 62 रन बनाए, जबकि आकाश त्रिपाठी ने 3 विकेट लेकर आलराउंड प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में सभी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने मनाया अपना 17वाँ वार्षिक दीक्षांत समारोह

## आज होगा जश्न-ए-इंटीग्रल का आयोजन, मो. माज़ (एमसीए) और सायमा सिद्दीकी(एमएससी गणित) ने विश्वविद्यालय में किया टॉप

## मोहम्मद माज़ को स्टार्ट अप अवार्ड इन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी इनोवेशन से नवाजा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने अपना 17वाँ वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के नगरीय विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग के कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नासिर मुंजी (अध्यक्ष, एमएमटीसी पीएएमपी और अर्का फिनकैप? भी मौजूद रहे। इस मौके पर बताया गया कि इस साल कुल 4,926 स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियां वितरित की गईं जिसमें 133 पीएचडी की डिग्रियां शामिल हैं। मो. माज़ (एमसीए) और सायमा सिद्दीकी (एमएससी गणित) ने विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अन्य विजेताओं में फैकल्टी वाइज 13 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर मेडल, प्रोग्राम वाइज 108 गोल्ड मेडल व 105 सिल्वर मेडल से नवाजा गया। इसके अलावा इंटीग्रल स्टार्टअप फाउंडेशन ने मोहम्मद माज़ को स्टार्ट अप अवार्ड इन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी इनोवेशन से सम्मानित किया। वहीं यह भी बताया गया कि 03 नवंबर को जश्न-ए-इंटीग्रल के तहत स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें ऑल इंडिया मुशाअरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें देश के बड़े शायर और कवि शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के संस्थापक और चांसलर प्रोफ़ेसर सैयद वसीम अख्तर, प्रो चांसलर सैयद नदीम अख्तर, कुलपति प्रोफ़ेसर जावेद मुसर्रत, एडिशनल प्रो चांसलर अदनान अख्तर, एडिशनल प्रो चांसलर डॉ निदा फातिमा, रजिस्ट्रार प्रोफ़ेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी समेत अन्य मौजूद रहे।

# सेवा ही संगठन का मूल्य भाव: आनन्द द्विवेदी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर विधान सभा क्षेत्र में 'हर रविवार, सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम में लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जुट रही है। सेवा शिविर का आयोजन अलीगंज स्थित महाराणा प्रताप पार्क सेक्टर क्यूं में आयोजित किया गया शिविर शुरुआत भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने फीता का किया गया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपके द्वार तक पहुंचाने का कार्य सेवा शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संगठन के कार्य पर काम करती है इसका जीता जागता उदाहरण यह शिविर है इस शिविर के माध्यम से सेवा के भाव से यह सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कॉविड जैसी महामारी में जब किसी पार्टी संगठन के लोग नहीं दिखते थे तब संगठन के कार्यकर्ताओ ने हर मोर्चे पर खड़े होकर के जन सेवा कार्य करने का काम किया है । विधायक डॉ नीरज बोरा का सरकार की इन जनहितकारी योजनाओं से आमजन को सशक्त बनाने का यह प्रयास समाज में खुशहाली और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## धूमधाम से मनाया श्री श्याम जन्मोत्सव



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर शहर भर में आयोजन हुए, जिसमें लोगों ने श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर उनको 56 भोग लगाया। विभिन्न जगहों पर केक काटने के साथ भव्य भंडारे भी आयोजित किए गए। वहीं इस मौके पर पारा स्थित नरपत खेड़ा निवासी शिवम राजपूत ने भी खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव केक काटकर धूमधाम से मनाया।

**सुनील यादव बने पब्लिक राइट एसोसिएशन के लखनऊ मीडिया इंचार्ज।**

ठाकुरगंज लखनऊ। पब्लिक राइट एसोसिएशन ने पत्रकार सुनील यादव को लखनऊ का मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरान असद ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी।कामरान असद ने कहा कि सुनील यादव समाजसेवा और जनहित के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े रहते हैं और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुनील यादव संगठन के हित में उत्कृष्ट कार्य करेंगे।संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सुनील यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्री श्याम संकीर्तन रस धारा भजन संध्या का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीरबल साहनी मार्ग रोड स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम जन्मोत्सव के दूसरे दिन श्री श्याम संकीर्तन रस धारा भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस दौरान भजन गायिका साध्वी पूर्णिमा उर्फ पूनम दीदी ने राधे नाम संकीर्तन से धूम मचा दी। साध्वी पूर्णिमा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में भजन सुनाने शुरू किए तो श्रोता भावविभोर होकर झूम उठे। उन्होने कहा कि धर्म बचेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे गौ माता की सेवा सबको करनी ही चाहिए गौ माता वात्सल्य का श्रेष्ठ स्वरूप है। इस अवसर पर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सुधीश गर्ग, अनुराग साहू, अनिल गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पुनीत माहेश्वरी, विकास अग्रवाल, रत्नेश अग्रवाल, लोकेश, प्रदीप बंसल मौजूद रहे।

## अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज की एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट सम्मानित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एनसीसी ग्रुप लखनऊ की बास्केटबॉल टीम ने इंटर ग्रुप बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। यह प्रतियोगिता 8 से 17 अक्टूबर 2025 तक 44 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर में आयोजित की गई थी। पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीम ने अनुशासन, कौशल और खेल भावना का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जो लखनऊ ग्रुप एनसीसी के लिए गौरव का विषय रहा। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, वीएसएम ने टीम की मार्गदर्शक लेफ्टिनेंट डॉ. सरिता सिंह, एनसीसी अधिकारी, अवध गर्ल्स' डिग्री कॉलेज को विशेष रूप से सम्मानित किया।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग के जरिये प्रबन्धन हो : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने जा रहे शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग के माध्यम से चुनाव प्रबंधन करना होगा, ताकि संख्यात्मक और गुणात्मक दोनों दृष्टियों से परिणाम हमारे अनुकूल हों।

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव की समीक्षा बैठक की। बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# बसंत कुंज योजना की डामर रोड समय से पहले उखड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हरदोई रोड पर लखनऊ विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी बसंत कुंज योजना में बनी सड़कों की हालत इन दिनों बेहद खराब है। योजना में काम कर रहे ठेकेदारों की लापरवाही और अवर अभियंताओं की निगरानी में कमी के कारण डामर रोड जगह-जगह से उखड़ने लगी है, जिससे यहां के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, हरी नगर की ओर से आने वाले मार्ग पर नाले की पुलिया के पास सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। मुख्य मार्ग पर बने गड्ढों से होकर गुजरना वाहनों और पैदल चलने वालों दोनों के लिए मुश्किल बन गया है। वहीं, सेक्टर एन की ओर मुड़ते ही दूसरी टूटी हुई सड़क भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घरों में रहने वाले परिवार रोज़ इसी खराब सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। निवासियों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है और लोगों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने एलडीए प्रशासन से मांग की है कि खराब सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए और जिन ठेकेदारों की लापरवाही से यह स्थिति बनी है, उन पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो पूरी योजना की छवि पर असर पड़ेगा और आवासीय इलाके की सुविधाएँ बुरी तरह प्रभावित होंगी।

# डीजीपी सिविल डिफेंस अभय कुमार प्रसाद का हुआ भव्य विदाई समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। 33 वर्षों की बेहतरीन सेवा देने के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए लोकप्रिय आई.पी.एस अधिकारी व सिविल डिफेंस के डीजीपी अभय प्रसाद का रॉयल कैफ़े में सिविल डिफेंस लखनऊ के द्वारा भव्य स्वागत व विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के दौरान लखनऊ सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा ने सेवानिवृत्त होने पर अभय कुमार प्रसाद, पुलिस महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व ताम्र पत्र भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि सरल स्वभाव के डीजी अभय प्रसाद जी को सिविल डिफेंस के द्वारा वर्षों याद किया जाएगा, आपका कार्यकाल स्वर्णिम कार्यकाल रहा है।

केंद्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान की कमांडेंट नीता यादव ने कहा कि आप जैसे अधिकारी के साथ कार्य करना सौभाग्य से ही मिलता है। कनिष्ठ स्टाफ अफसर सुमित मौर्य ने कहा कि निदेशालय में आपके सानिध्य में बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है जो भविष्य में बहुत काम आएगा। लखनऊ सिविल डिफेंस के अधिकारी सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने कहा कि आपके कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सिविल डिफेंस की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम रहा। गोरखपुर के लोकप्रिय उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह ने महानिदेशक की अनेकों उपलब्धियां गिनाई और आशा व्यक्त की कि आपके कार्यकाल में लिए गए निर्णय यादगार रहेंगे, पैनल व्यवस्था खत्म करना सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों के लिए एक बहुत बड़ा कार्य रहा, जिसे सभी लंबे समय तक याद करेंगे। अंत में समारोह के दौरान अपने संबोधन में डीजीपी अभय कुमार प्रसाद ने पुलिस सेवा के दौरान के अनुभवों और स्मरणीय पलों को साझा किया तथा सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस विभाग एक बहुत अच्छा विभाग है, ये आम नागरिकों को देश की सेवा करने का मौका प्रदान करता है। भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद सरकार ने इसकी महत्ता को समझते हुए पूरे प्रदेश में सिविल डिफेंस का विस्तार किया है। सिविल डिफेंस का भविष्य उज्ज्वल है। सिविल डिफेंस उपनियंत्रक अनिता प्रताप, नीरज चक, रविन्द्र कुमार, ऋषि कुमार, गुलाम नबी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डीजीपी अभय कुमार प्रसाद के 33 वर्षों से अधिक के सेवाकाल पर उनकी निष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के लिए खूब सराहा गया। इस अवसर पर चीफ वार्डन ललित जायसवाल, गुरुप्रीत सिंह सेठी, ऋतुराज रस्तोगी, सुनील शुक्ला, नफीस अहमद, विनय शुक्ला, दिनेश माथुर, हरीश, आशीष कपूर, सुनील तिवारी, सुनील यादव, मुशीर, गुफरान, अरविंद, रीटा पटेल सहित कई गणमान्य वार्डन उपस्थित थे।

# वन दरोगा के चलते नहीं थम रहा प्रतिबंधित पेड़ों पर आरा

**अलग अलग जगहों पर काटे गए अवैध तरीके से दर्जनों पेंड़, सूचना देने पर भी नहीं हुई कोई कार्यवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन , सीतापुर। क्षेत्र सकरन अंतर्गत थाना सकरन व बिसवां अंतर्गत रउवापुर, कुतुबापुर व लालापुरवा (टेड़वा)में आम, जामुन, शीशम के प्रतिबंधित पेड़ों पर वन विभाग की मिलीभगत से दिन के उजाले में ही बगैर परमिशन काट डाले गए पेड़। रउवापुर नेवादा में कलमी आम बताकर काटे गए देशी प्रजाति के विशाल आम के पेड़ों के मामले में किया गया बड़ा खेल जिसमे परमिट के नाम पर विशालकाय देशी प्रजाति के आम के पेड़ों को काट डाला गया इसी तरीके से पुलिस चौकी मोहलिया से चंद कदम दूर कुतुबापुर में सड़क के किनारे लगे हरे भरे विशाल जामुन के पेड़ को लकड़ी ठेकेदार महबूब अली निवासी ओड़ाझार ने पहले टहनियाँ कटवा रात के अंधेरे में जड़ से काट पुआल जलाकर रफूचककर हो गए। थाना कोतवाली क्षेत्र बिसवां ग्राम पंचायत टेड़वा कला के मजरा लालापुरवा में 5शीशम, 1जामुन व 1गूलर के हरे भरे विशाल पेड़ों को लकड़ी ठेकेदार इस्लामुद्दीन निवासी झउवा ने वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव से मिलीभगत कर काट डाले।क्षेत्र में हरियाली के दुश्मन बन चुके वन दरोगा नरेंद्र पाल को ग्रामीणों द्वारा कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद भी घटना स्थल पर न पहुँच दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही न करना बड़े सवाल खड़े कर रहा।इस मामले पर जब वन दरोगा से वार्ता की गई तो बताया गया कि सूचना मिली है जाँच कर कार्यवाही कि जाएगी तो रेंजर कमाल अहमद सिद्दीकी ने बताया कि डिप्टी रेंजर को मौके पर भेजा गया है दोषियों के खिलाफ कार्यवाई अवश्य की जाएगी।

## मानव आबादी में संचालित मुर्गी फार्म बना जहरीली हवा का अड्डा, प्रशासन मौन

सकरन, सीतापुर। थाना क्षेत्र सकरन की ग्रामपंचायत महराजनगर में मानव आबादी के समीप बने मुर्गी फार्म को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम बिसवां से शिकायत की आदेशोंपरान्त अब स्थानीय पुलिस प्रशासन के ढुल मुल रवइये से आमजन में प्रशासन के खिलाफ उत्पन्न हो रहा आक्रोश। जनसमुदाय के लिए नरक बन चुके मुर्गी फार्म को हटाने को छोड़ अब उसे वहीं और मजबूत तरीके से स्थापित करने में संलिप्त सकरन पुलिस के व्यवहार से आमजन में आक्रोश फ़ैल चुका है। ग्रामीण धीरज कुमार पांडेय, विनय, दिलेश कुमार,, मनोज, संतोष,ब्रह्मा, कल्लू, बबलू, श्यामलाल, सुनील ने बताया कि इस मुर्गी फार्म सैकड़ों मुर्गियां रहती है जिसमे कुछ मर जाती है तो उन्हें गांव के कुत्ते उठाकर ले जाते है और कही भी उसके अवशेष छोड़ देते है उन्होंने कहा कि यदि तत्काल पुलिस नहीं हटवा रही उक्त मुर्गी फार्म तो अब जिलाधिकारी के समक्ष पुलिस प्रशासन के खिलाफ होंगे पेश।

# जिलाधिकारी ने किया लहरपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण

**लापरवाही पर जताई नाराजगी, सीएचसी लहरपुर में अव्यवस्थाओं पर जिलाधिकारी सख्त, दो डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश**

**मरीजों को असुविधा बर्दाशत नहीं, स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारीः डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने कल देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दो चिकित्सक के अनुपस्थित होने पर कारण पूछते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को प्रदान किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड से जानकारी लेते हुए नियमानुसार ड्यूटी करने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम को देखा एवं लेबर रूम के ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन भी किया। साथ ही निर्देश दिए कि बेडशीट प्रतिदिन बदली जाए ताकि मरीजों को कोई परेशानी ना हो।

# श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनी गंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने सुन्दर भजनों का बांधा समां पूरे पण्डाल में मौजूद श्याम भक्तों को किया सम्मोहित**

बिसवां, सीतापुर। श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनीगंज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को रात्रि 8 बजे से श्री श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देर रात तक सभी श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के सुन्दर भजनों में डुबकी लगाते रहे। इसके अलावा हवन कुंड की अग्नि से अखंड श्याम ज्योति का आविर्भाव हुआ। श्री खाटू श्याम जी का फूलों द्वारा विशेष अलौकिक श्रंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर मशहूर भजन गायक अनुराग अखण्ड, योगिता गुप्ता, मयूर वर्मा,अम्बर श्रीवास्तव और कपिल द्वारा गाये गये सुन्दर भजनों का आनन्द लेते हुए श्रद्धालु जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे झूमते नाचते गाते हुए श्री श्याम को मनाते रहे। भक्तों ने हवन पूजन किया तथा खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया।

भजन गायक अम्बर श्रीवास्तव ने गणेश वंदना ''तेरी जय हो गणेश....तेरी जय हो'' तथा ''जलती रहे ज्योति तेरी जलती रहे'' भजन गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सीतापुर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक कपिल गुप्ता ने ''श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय'' भजन गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।सीतापुर से ही पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका योगिता गुप्ता ने भजनों की समां बांध दी।उन्होंने ''ग्यारस कार्तिक की आई, भक्तों को मस्ती छाई''........ भजन गाकर सभी भक्तों को खूब नचाया।

इसके बाद भजन गायक अनुराग रोशन ने ''हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है.......भजन गाकर श्याम भक्तों को तालियां बजाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर भजन गायक मयूर वर्मा ने अपने सुन्दर भजनों ''मच गया शोर सारी नगरी में......गाकर श्रोताओं में जोश भर दिया। मध्य रात्रि केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया।पूरा पंडाल सुन्दर भजनों पर झूम उठा। श्रद्धालु इतना सम्मोहित हो गये कि देर रात तक उठने का नाम ही नहीं लिया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक, विशाल गुप्ता, आयोजक सांवरा सेठ एवं संयोजक श्री श्याम परिवार के शिव प्रसाद सिंघल, बसंत खेतान, विजय बंसल, अमित सिंघल, पंकज खेतान, नितिन मंगल,रवि प्रकाश बंसल,राज कुमार अग्रवाल,अमन श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव,सुनीत अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, मनीष व विकास सहित पुरैनी गंज व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।आयोजकों द्वारा कलाकारों सहित गणमान्य लोगों का श्रीश्याम चुनर डालकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान भी किया गया।

## विश्वासघात एवं धोखाधड़ी मामले का आरोपित गिरफ्तार

प्रयागराज । विश्वासघात एवं धोखाधड़ी मामले में वांछित चल रहे आरोपित को नवाबगंज थाने की पुलिस टीम रविवार को पवनाह गांव के पास से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद विधिक कार्रवाई की। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त नगर कुलदीप सिंह गुनावत ने दी।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नवाबगंज थाना क्षेत्र के पवनाह गांव? निवासी राजू प्रसाद मौर्य पुत्र राधेश्याम है। इसके खिलाफ नवाबगंज थाने में वर्ष 2022 में 406 भारतीय दण्ड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रयागराज जनपद न्यायालय के एसीजेएम कक्ष संख्या–7 ने इसके खिलाफ न्यायालय में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। लेकिन राजू प्रसाद मौर्य न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। जिससे न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि उसे गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। जिसके क्रम में यह कार्रवाई की गई।

# क्रय केंद्र शुरू होते ही, किसानों में हाय तौबा मची, रास्ते में भारी कीचड़ बनी मुसीबत

**गन्ना लोडिंग समय से न होने के कारण घंटों खड़े रहते हैं किसान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। अभी गन्ना क्रय केंद्र शुरू हुए लगभग एक सप्ताह ही हुआ है कि गन्ना तौलाई व उतराई को लेकर किसानों में हाय-तौबा मच गई है।गन्ना लोडर व मजदूर कम होने से गन्ना तुलवाने के बाद किसानों को अपना गन्ना उतराई के लिए कई कई घंटों इंतजार करना पड़ता है।

गन्ना क्रय केंद्र पर मौजूद किसान अरुण कुमार तिवारी, होशराम, प्रदीप कुमार, योगेश कुमार वर्मा आदि ने बताया कि तौल के हिसाब से गन्ना लोडर कम होने से गन्ना उतराई के लिए हम सभी को घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। कोई सुनने वाला नहीं है।जहांगीराबाद केन्द्र पर मात्र दो लोडर हैं जिन पर दो- दो मजदूर ट्रकों पर गन्ना लोड करते हैं। किसानों के अनुसार जिनमें एक लोडर धीमा है।किसी प्रकार अगर किसान अपना गन्ना तुलवा भी लेता है तो उसे खाली कराने के लिए बैलगाड़ी व ट्रैक्टर ट्राली लेकर कई कई घंटों तक खड़े रहकर गन्ना लोडरों का इंतजार करना पड़ता है तब जाकर किसी प्रकार अपनी बैलगाड़ी/डनलप व ट्रैक्टर ट्राली खाली करा पाता है। दि बिसवां सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री के जहांगीराबाद गन्ना क्रय केंद्र पर सड़क से गन्ना क्रय केंद्र तथा तौल कांटे तक जाने के रास्ते में भारी कीचड़ हो गया है। गन्ना तुलवाने के लिए बैलगाड़ी व ट्रैक्टर ट्राली इस रास्ते पर निकालना मुश्किल हो गया है लेकिन कोई भी फैक्ट्री का जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस सम्बन्ध में क्रय केंद्र प्रभारी रामचन्द्र वर्मा ने बताया कि इधर औसतन 80 पर्चियों की तौल हो रही है जिसे मौसम सही होते ही और बढ़ाया जाएगा। गन्ना लोडरों और मजदूरों की कमी से यह समस्या उत्पन्न हो रही है। किसानों को काफी समय तक अपना गन्ना उतरवाने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। अगर लोडर व मजदूर बढ़ा दिये जायें तो समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। खराब रास्ते के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि अचानक बरसात हो जाने से रास्ता बहुत खराब हो गया है।मिल अधिकारियों को जानकारी दी गई है। उन्होंने जल्द ही इसे सही कराने को कहा है। गन्ना उतराई में देरी व किसानों की परेशानी के सम्बन्ध में जब ठेकेदार प्रदीप कुमार गौड़ से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कीचड़ होना तथा गन्ना किसानों द्वारा सहयोग न किये जाने का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि दो लोडर केन्द्र पर हैं जिन पर दो दो मजदूर हैं। किसान जल्दबाजी के चक्कर में जबरदस्ती करता है।वह सहयोग नहीं करता इसलिए टाइम ज्यादा लगता है।

# नैमिषारण्य में विकास कार्यों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण, कार्यदायी संस्थाओं को दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी प्रचलित कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये**

**अधिग्रहण कार्यों का समय से मुआवजा वितरित कराये जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिय**

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने नैमिषारण्य क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चक्रतीर्थ, इंट्रेन्स प्लाजा, पार्किंग स्थलों, राजघाट, पंचमुखी प्लाजा आदि पर चल रहे निर्माण कार्यों को देखा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी प्रचलित कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वीकृत कार्यों की डी0पी0आर0 तत्काल बनवाकर प्रस्तुत की जाये। प्रस्तावित योजनाओं के निर्माण कार्य समय से आरम्भ किये जायें। बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि प्रगति में सुधार किया जाये। सभी विभाग बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि ड्राइंग सम्बन्धी कार्यों को भी तत्काल पूर्ण कराते हुए योजना पूर्ण कराई जाये। जिलाधिकारी ने मुरारका बड़ी धर्मशाला सहित अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से जीर्णोद्धार कराये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये।

अधिग्रहण कार्यों का समय से मुआवजा वितरित कराये जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। ?निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह सहित संबंधित अधिकारी व सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसपी ने ईसानगर के राजापुर के पास घाघरा नदी के किनारे लग रहे ढुठवा मेले का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र में लगने वाले ढुठवा मेले का पुलिस अधीक्षक ने मेले मे बनाये गये सेंटरों का निरीक्षण कर अतिक्रमण न होने का निर्देश दिये । स्नान के लिए बनाये गये घाट पर जाकर पानी की गहराई की जानकारी ली साथ ही घाट पर प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिया । एसपी मे वाहनों की पार्किंग, आवागमन के लिए अलग अलग रास्ते, दुपहिया वाहन के लिए अलग रास्ता बनाये जाने के निर्देश दिये । थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले मे अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने के साथ मेले की पवित्रता का ध्यान रखने के लिए कहा । एसपी ने जायजा के बाद पुलिस की अतिरिक्त बल देने का आश्वासन दिया ।इस दौरान सीओ शमशेर बहादुर सिंह सहित तमाम पुलिस स्टाफ मौजूद रहा ।

## थाना फरधान पुलिस द्वारा गौकशी की घटना का खुलासा कर 3 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन के नेतृत्व में थाना फरधान पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 349/25 धारा 3/5 गौवध निवा0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवा0 अधि0 में 03 नफ़र वांछित अभियुक्तों 1. सलमान पुत्र मूसीर उम्र करीब 26 वर्ष निवासी कु??ढईया थाना फरधान जनपद लखीमपुर खीरी 2. रियाजत अली उर्फ नक्के पुत्र अहमद हुसैन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी गौरिया थाना फरधान जनपद खीरी 3. अभिषेक कुमार पुत्र अतुल कुमार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम देवरिया थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।

## प्रधान की मिली भगत से पीड़िता की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

लखीमपुर खीरी। थाना क्षेत्र खीरी के सदीपुर हर्रया गांव का है। यहां की निवासनी प्रेमवती ने बताया, मनमोहन, मन्नीलाल, केसवराम नाम के दबंग व्यक्तियों ने प्रधान की मिली भगत से हमारी जमीन पर अवैध कब्जे कर रखा है, जब हम अपनी जमीन पर कूड़ा डालने जाते हैं, तो हमको दबंग मारते पीटने लगते हैं, इसकी शिकायत कई बार थाना में कर चुके हैं मगर कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि प्रधान की मिली भगत से पुलिस से भी सेटलमेंट हो जाता है, और उसको खाली हाथ चौकी से लौटा दिया जाता है, परेशान होकर आज पीड़िता रामवती ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर मौके पर जाकर सही तरीके से जांच करने की गुहार लगाई और उसकी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की अपील की।

## स्वरूपरानी चिकित्सालय में दो जटिल हृदय सर्जरी सफल, प्रयागराज के युवाओं को मिली नई ज़िंदगी

प्रयागराज । मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के कार्डियोलॉजी विभाग में अभी हाल ही हृदय रोग से पीड़ित दो युवकों की जटिल सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। दोनों युवक जन्मजात हृदय दोष एसडी और वीएसडी की गंभीर समस्या से पीड़ित थे। हालांकि सर्जरी के बाद दोनों युवाओं को नई जिंदगी मिली है। यह जानकारी रविवार को सर्जरी करने वाली टीम प्रभारी डॉ अभिषेक सचदेवा ने दी।डॉ. सचदेवा ने बताया कि यह सर्जरी अत्यंत जटिल थीं, परंतु टीमवर्क, आधुनिक तकनीक और चिकित्सालय की सुविधाओं के कारण परिणाम अत्यंत संतोषजनक रहे। उन्होंने कहा कि स्वरूप रानी चिकित्सालय में इस प्रकार की उन्नत हृदय सर्जरी का सफल निष्पादन यह दर्शाता है कि प्रयागराज जैसे शहर में भी अब विश्वस्तरीय उपचार सुविधाएँ उपलब्ध हैं।एसआरएन अस्पताल के मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दोनों युवकों की सर्जरी डॉ. अभिषेक सचदेवा के नेतृत्व में डॉ. मोहम्मद शाहिद और डॉ. निकेश मिश्रा की टीम द्वारा की गईं। इस अवसर पर डिवाइस वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें नवीनतम हृदय उपकरणों की सहायता से अत्यंत सावधानीपूर्वक शल्य क्रियाएँ संपन्न की गईं। दोनों ही मरीजों को ऑपरेशन के बाद तीव्र सुधार हुआ और उन्हें सफल उपचार के पश्चात चिकित्सालय से स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, दो गंभीर

अमेठी। अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज के मुसाफिरखाना रोड पर राजगढ़ गांव के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों में हुई भीषण टक्कर में किराना व्यापारी उदय गुप्ता समेत दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस जांच तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।गौरीगंज के विशुनदासपुर निवासी उदय गुप्ता (28) पुत्र अवनीश शनिवार की रात करीब 10 बजे खाटू श्याम के कार्यक्रम से लौटकर अपने घर जा रहे थे। उनके साथ एक अन्य बाइक पर संदीप अग्रहरी, अभिषेक और अनुराग भी घर जा रहे थे। इसी दौरान हुई सड़क दुर्घटना में चारों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को जिला अस्पताल गौरीगंज ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने बिशुनदासपुर निवासी उदय गुप्ता (28) को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें एम्स रायबरेली रेफर किया गया।

# सरकार की छवि धूमिल कर रहे कागजों पर संचालित धान क्रय केंद्र

**थाना पट्टी, बहिरीमऊ दहावा कसमंडा समितियों लगा ताला, निराश होकर लौट रहे किसान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा, सीतापुर । विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन सरकारी धान क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जिम्मेदारों के अनुसार सरकारी समितियों पर किसानों के धान की खरीद की जा रही है। जबकि 2 नवंबर 2025 को क्षेत्र की थाना पट्टी, बहिरीमऊ दहावा कसमंडा समितियों की मीडिया टीम द्वारा पड़ताल की गई। तो सभी समितियों पर ताला जड़ा दिखाई दिया। कुछ ग्रामीणों ने बताया थाना पट्टी का आवंटित क्रय केंद्र दिबियापुर गांव में लगा है। बहिरीमऊ का क्रय केंद्र बम्हेरा गांव में लगा है। किसानों ने बताया कहीं भी धान की तौल नहीं हो रही है। यदि तौल हो रही होगी तो सिर्फ कागजों पर हम लोग काफी परेशान हैं।धान के निर्धारित सरकारी रेट से व्यापारियों को 800 प्रति कुंतल कम में बेचने को मजबूर है । क्योंकि गेहूं सरसों की बुवाई होना है।फसल बेचकर खाद की बीज की व्यवस्था करनी है। खाद बीज काफी महंगा मिल रहा है। सरकार किसानों के सम्मान के लिए काफी प्रयासरत है। लेकिन जनपद के कुछ भ्रष्टाचारियों द्वारा सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

# हुतात्मा दिवस पर विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**यह आयोजन कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस (2 नवंबर) पर उनके अमर बलिदान को स्मरण करते हुए किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जौनपुर । हुतात्मा दिवस के अवसर पर रविवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस (2 नवंबर) पर उनके अमर बलिदान को स्मरण करते हुए किया गया।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नितिन ने भाग लिया और रक्तदान भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान अयोध्या में कार्यसेवकों पर गोली चलाए जाने से शहीद हुए राम कोठारी जी एवं शरद कोठारी जी का बलिदान राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण और साहस का प्रतीक है। इसी स्मृति में विहिप व बजरंग दल हर वर्ष हुतात्मा दिवस के रूप में यह दिवस मनाते हैं और रक्तदान जैसे सेवा कार्य करते हैं। रक्त दान शिविर आयोजन का नेतृत्व बजरंग दल के जिला संयोजक गणेश मोदनवाल ने किया। इस अवसर पर विहिप के विभाग मंत्री समर बहादुर ने कहा कि कोठारी बंधुओं का साहस और त्याग आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनका जीवन राष्ट्र समर्पण का जीवंत उदाहरण है।कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारी सदस्य आशुतोष सिंह, विभाग संगठन मंत्री सतेन्द्र, विभाग संयोजक सूरज तिवारी, जिला सहसंयोजक आनंद उपाध्याय व शिवम अग्रहरी, जिला कार्यसमिति सदस्य डॉ. आशीष मिश्र, कुबेर कुशवाहा, रामेश्वर सोनी, विनय विंद, संदीप मौर्या, शुभम मोदनवाल, अमित शुक्ल, कृष्णा मौर्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और रक्तदान किया।अंत में विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के जिला प्रचार प्रमुख सुनील शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# डीएम एसएसपी ने किया ककोड़ा मेला गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण

**मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसएसपी द्वारा डियूटी पर लगे समस्त अधि0/कर्म0 गण को ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी बदायूँ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा रुहेलखण्ड के मिनी कुंभ के रूप में विख्यात ककोड़ा मेला में गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले स्नान की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डियूटी पर लगे समस्त अधि0/कर्म0गण को ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश कुमार राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा गंगा तट पर लगने वाले विख्यात ककोड़ा मेला का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण कर दिनाँक 05-11-2025 को कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले गंगा स्नान व ककोड़ा मेला की तैयारियों की समीक्षा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी बदायूँ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ द्वारा डियूटी पर लगे समस्त अधि0/कर्म0गण को ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । ब्रीफिंग के दौरान निम्नलिखित प्रमुख निर्देश दिये गये।श्रद्धालुओं की सुविधाः मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा नहीं होनी चाहिए। सुरक्षित स्नान गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग करके स्नान हेतु सुरक्षित स्थान सुनिश्चित किया जाए इसके लिये पर्याप्त संख्या में गोताखोर और पुलिस बल निगरानी हेतु तैयार रहे ताकि किसी भी दुर्घटना को तुरन्त टाला जा सके। यातायात प्रबंधन यातायात पुलिस द्वारा मेले के प्रवेश ऽ निकास मार्ग एवं महत्वपूर्ण चौराहों पर सुचारू आवागमन हेतु रूट डायवर्जन को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाये तथा पार्किंग स्थलों की पर्याप्त व्स्था की जाये। मधुर व्यवहार मेला और घाट पर तैनात कर्मी श्रद्धालुओं/आगंतुकों के साथ मधुर व्यवहार करें।सतर्कता एवं निगरानी सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से नियंत्रण कक्ष तथा वाच टावरों से मेला क्षेत्र में निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जाए ताकि अराजकतत्वों पर निगरानी हो सके। सहायता केंद्र पुलिस सहायता केंद्र/खोया पाया केंद्र पर तैनात कर्मी द्वारा श्रद्धालुओं/आगंतुकों को तत्काल सहायता प्रदान की जाए।स्वच्छता मेले में साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके संबंध में पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। सभी अधिकारी / कर्मचारी गण को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए सतर्क दृष्टि रखने को कहा गया। मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेले को 06 जोन व 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है, मेला क्षेत्र में एक कोतवाली व 14 चौकियाँ स्थापित की गई हैं, 15 वाच टावर तथा 7 दमकल की गाड़ियाँ संचालित करते हुए एक फायर स्टेशन स्थापित किया गया है। इस दौरान एडीएम एफआर डा0 वैभव शर्मा, एडीएमई अरूण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी उझानी डा0 देवेनद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी ककोड़ा अशोक कुमार तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## रन फॉर यूनिटी'' मैराथन दौड़ का आयोजन

संभल। विकास खण्ड रजपुरा, जनपद सम्भल में रविवार को विकास खण्ड रजपुरा में ''रन फॉर यूनिटी'' मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह मैराथन विकास खण्ड रजपुरा मुख्यालय से कायनाथ बालिका इंटर कॉलेज तक सुबह 11 बजे से आयोजित की गयी द्य इस अवसर पर सिपाही लाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया द्य''रन फॉर यूनिटी'' दौड़ में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में ?1500, ?1000 तथा ?500 की नगद धनराशि एवं के साथ शील्ड प्रदान की गयी द्यकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी डॉ आदेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख पति श्री गैरिश यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बीजेपी श्री शांति स्वरुप, प्रधानाचार्य श्री कौशल किशोर सिंह एवं श्री दीप चाँद पाण्डेय, इउट्इ श्री मुंशी लाल पटेल, हेडमास्टर श्री अनिल कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक के कर्मठ टीम द्वारा किया गया।इस अवसर पर थाना अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पं.), सहायक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

शिकारपुर। तहसील क्षेत्र में अलग-अलग जगह से दो शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिकारपुर चंदगीराम ने बताया कि खुर्जाऽशिकारपुर रोड पर अस्पताल के पास से मोहल्ला चौक चैनपुरा निवासी छोटे लाल सागर पुत्र लीलाधर को 18 पव्वा देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। सलेमपुर थाना पुलिस ने रसूलपुर गांव की तरफ बंबे वाले रास्ते से गांव निवासी मनवीर सिंह पुत्र लखमी सिंह को 20 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## दंपति को पिटाई कर किया घायल

शिकारपुर। शेखपुर गांव निवासी दंपत्ति अपने खेतों पर जा रहे थे कि रास्ते में एक व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और गालीऽगलौज करते हुए मारपीट की। चंद्रवीर सिंह पुत्र रन सिंह ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि वह अपनी पत्नी विमलेश देवी के साथ अपने खेतों पर पूर्वजों की समाधि पर दीपक जलाने जा रहे थे कि रास्ते में हेमराज फौजी उर्फ कलुआ ने उनको रोक लिया और पुरानी रंजिश के चलते गालीऽगलौज की। विरोध करने पर दोनों को मारपीट कर घायल कर दिए गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## रुपए उधार न देने पर डंडा मारकर पैर तोड़ा

शिकारपुर। रुपए उधार न देने पर एक व्यक्ति ने डंडे से हमला कर पैर तोड़ दिया। महमूदपुर गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र वचन वीर सिंह ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि वह गांव लौट रहा था कि रास्ते में खुर्जा बस अड्डे के पास गांव निवासी टिंकू पुत्र बृजपाल ने उसे रोक लिया और रुपए उधार मांगने लगा।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

संभल । जनपद संभल पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण श्रीमती अनुकृति शर्मा क्षेत्रधिकारी डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरद्वारा किया गया जहां कुल 11पत्रावली सुनकर 3पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 3परिवार को मिलाया गया इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता पूनम अरोरा सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह रुचि पीसी सुधारानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्री खाटू श्याम बाबा का केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

बदायूं। श्रीखाटूश्याम बाबा का जन्मोत्सव हर साल की भांति कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव उठनी एकादशी शनिवार को बड़ी धूमधाम से श्रीरामदूत संकट मोचन बालाजी दरबार सम्राट अशोक नगर में मनाया गया। श्री श्याम बाबा का स्नान कर दरबार कमेटी के द्वारा बाबा को रूह के इत्र से स्नान करवा कर गुलाब, चंपा, चमेली सहित अनेक प्रकार के फूलों के बने गजरों से बाबा श्री श्याम को छप्पन भोग लगाकर सजाया गया।महंत पुष्पेंद्र पुरी महाराज के सानिध्य में उप महंत गिरधर दास राम गोस्वामी एवं गोस्वामी नारायण दास के द्वारा मनोकामना यज्ञ प्रारंभ हुआ।रात्रि में गोवर्धन लीला एवं संकीर्ण और बाबा को भोग लगाकर केक काटकर प्रसाद वितरण किया गया।श्याम बाबा के संकीर्तन में भाव विभोर'' होकर सभी भक्त झूमें श्री खाटू श्याम का भक्तों ने आशीर्वाद लेकर अपने जीवन को बनाया। सुबह से लेकर शाम तक यज्ञ का आयोजन चला और उसके बाद छप्पन भोग लगाकर भक्तों ने आरती संपन्न होने के बाद बाबा श्याम का केक काटा। रंग-बिरंगे गुबारों से दरबार को सजाया गया और बाबा का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास व धूम-धाम से मनाया गया। जन्मोत्सव आयोजन के शुभ अवसर पर राम गोस्वामी,नारायण गोस्वामी, समस्त कार्यक्रम राजू मौर्या पूर्व सभासद एवं प्रेम कुमार प्रजापति, विशेष प्रजापति, पाशु सक्सेना, सतीश प्रजापति, परमेश्वरी लाल कश्यप, प्यारेलाल मौर्य, संजू मौर्य, सुमित मौर्या, राजवीर प्रजापति, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, पुष्पेंद्र शर्मा, केंद्रपाल मौर्य, अंशुल सागर, पंकज साहू एवं समस्त भक्तगण श्याम जन्मोत्सव में मौजूद रहे।

## भारत को विश्व गुरु बनाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : चारू चौधरी

जौनपुर । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को 'आत्मनिर्भर भारत' महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास की गंगा प्रवाहित हो रही है। महिलाओं का सम्मान बढ़ा है और उन्हें समाज के प्रत्येक क्षेत्र में बराबरी का अधिकार तथा सहभागिता मिल रही है।चारु चौधरी ने बताया कि महिला सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सरकार की नीतियों, योजनाओं और उनके लाभ से अवगत कराना है।कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य गीता बिंद, जिला महामंत्री सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संदीप सरोज, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्य, क्षेत्रीय महामंत्री अपराजिता सोनकर, क्षेत्रीय मंत्री मेनका सिंह, जिला महामंत्री विमल श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह व प्रियंका श्रीवास्तव, जिला मंत्री अंशु मौर्य, कनक सिंह, चेतन श्रीवास्तव, तथा जिला उपाध्यक्ष मिलन श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी साधनों को बढ़ाने की जरुरत : प्रो. विनय पाठक

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएमएमसी) में 42वें यूपी-एपी आईकॉन 2025 सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन के समापन सत्र के मुख्य अतिथि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक रहे।इस अवसर पर कुलपति प्रो. पाठक ने सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विचारों के संगम, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी साधनों के माध्यम से डेटा के संकलन, निगरानी और विश्लेषण के नए तरीकों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।इस मौके पर पोस्टर, पेपर, केस रिपोर्ट, ओवेशन और क्विज़ प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम का समापन आयोजन समिति के सभी सदस्यों के अथक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सफलतापूर्वक किया गया।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हुआ समारोह, वक्ताओं ने कहा—संघर्ष और एकता के प्रतीक थे लौह पुरुष

बरेली । अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, डी.डी. पुरम के सभागार में जय शिवाजी जय सरदार पटेल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।एडवोकेट जगदीश सरन राठौर ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों को ट्रस्ट के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। एडवोकेट

# लंकाकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता'' के परिणाम की घोषणा और ''पुरस्कार वितरण समारोह'' सम्पन्न

**सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवम् माल्यार्पण किया तथा वन्दना प्रस्तुत की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। श्री नारायण सेवा समिति, चंदौसी' के तत्वावधान में गत अक्टूबर माह में संपन्न हुई ''लंकाकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता'' के परिणाम की घोषणा और ''पुरस्कार वितरण समारोह'' आज ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित किया गया ।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवम् माल्यार्पण किया तथा वन्दना प्रस्तुत की गई । सभी अतिथियों व सहयोगियों में केन्द्र प्रभारी, पर्यवेक्षक, कक्ष निरीक्षक व परीक्षकों के परिचय व स्वागत- अभिनंदन के पश्चात्त समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया 'एड.' ने समिति के उद्देश्य एवम् प्रगति आख्या प्रस्तुत की । एन.के.बी.एम.जी. में प्रोफ़ेसर तथा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. संगीता गोयल ने कहा कि लंकाकाण्ड की कथा राम रावण के भीषण युद्ध से संबंधित होते हुए भी हमें युद्ध नीति और मानवरूपी ईश्वर के उदात्त और शौर्य की कथा का बोध कराती है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष जैन, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश जी व अनिल गोयल जी ने भी विचार व्यक्त किए ।इसके तुरंत पश्चात प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कारों के रूप में प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार स्वरूप वाटरजग, हॉट केटल, डोंगे तथा वाटर बॉटल प्रदान किये गए । विजेताओं के प्रथम वर्ग (कक्षा चार से 8) में ए. एम. वर्ल्ड स्कूल की दीक्षा सैनी ने प्रथम, लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर महाजन मोहल्ला की रिया श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा चंदौसी बाल विद्या मंदिर की श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । द्वितीय वर्ग (कक्षा 9 से 12) में आलोक रस्तोगी प्रथम, कनक सैनी द्वितीय तथा सक्षम अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे ।इसके साथ ही उक्त दोनों वर्गों में 7--7 सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए । पुरस्कार वितरण आयोजक कृष्ण गोपाल मंगलम् , सुभाषचंद्र वार्ष्णेय भोलेनाथ, बृजगोपाल गुप्ता, हरीश कठेरिया, डॉ. राजकुमार गोयल, टी. एस. पाल, विपिन गुप्ता तथा डॉ. डी. के. अग्निहोत्री आदि के कर कमलों से संपन्न हुआ । मुकुंद अग्रवाल एवम् के. जी. गुप्ता ने व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग किया । अध्यक्षता कृष्णगोपाल मंगल ने की तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया । इस अवसर पर हरिओम कश्यप, नम्रतासिंह, दिलीप भगतजी, वरुण अग्रवाल, नरेशकुमार समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे।

# डीजे के विरोध पर बरातियों ने किया बवाल, तोड़फोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। गांव सरैरा में शनिवार की रात बवाल हो गया। आरोप है कि कुछ बरातियों ने एक घर पर पथराव किया। घर में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट भी की। वहीं बराती पक्ष ने रास्ता रोके जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

बदायूं के उघैती थाना क्षेत्र के गांव सरैरा में शनिवार की रात बरात में डीजे पर तेज आवाज में गाने बजाने का विरोध करने पर बरातियों ने बवाल कर दिया। आरोप है कि बरातियों ने एक घर पर जमकर पथराव कर दिया। घर में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट भी की गई। घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पीड़िता ने अपनी बीमार बेटी और खुद की तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए बरातियों से डीजे की आवाज कम करने को कहा था। इसी बात पर विवाद भड़क गया। बताया जाता है कि नशे में धुत कुछ बरातियों ने महिला के घर पर पथराव शुरू कर दिया। आरोप है कि पथराव से घर के दरवाजे और खिड़कियां टूट गईं। इसके बाद कुछ दबंग खिड़की तोड़कर जबरन घर में घुस गए और मारपीट व लूटपाट की। पथराव और तोड़फोड़ की घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। नकदी और जेवर लूटने का आरोप घटना में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने घर में रखी नकदी व सोने-चांदी के जेवर भी लूट लिए। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस व उघैती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षों से जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि पीड़ित परिवार ने बरात को निकलने से रोका, जिससे विवाद हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठगी में फंसे 1.33 लाख रुपये कराए वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक सराहनीय कदम उठाया है। थाना इस्लामनगर पुलिस ने विभिन्न शिकायतकर्ताओं के साथ हुई साइबर ठगी की घटनाओं में कुल 1,33,800 की धनराशि बैंकों में होल्ड कराकर पीड़ितों को वापस कराई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर की गई है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में थाना इस्लामनगर क्षेत्र के कई लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया गया था। पीड़ितों द्वारा अपनी शिकायतें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज कराई गईं थीं। इन शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना इस्लामनगर साइबर हेल्प डेस्क और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने पीड़ितों की धनराशि को तुरंत संबंधित बैंकों में होल्ड कराया और जांच पूर्ण होने पर वह धनराशि उनके खातों में वापस कराई गई।धनराशि प्राप्त करने वालों में ग्राम लभारी के राकेश, ग्राम चन्दोई के गुलाम मोहम्मद व ओमवती, ग्राम लश्करपुर ओईया के चांद खां, ग्राम समदनगर के किशनपाल, ग्राम विक्रमपुर चरसौरा के प्रेमपाल, ग्राम पुरदलपुर के गेदन सिंह व डोरीलाल, ग्राम मईकला की चन्दवती, ग्राम भूसाया के मनतेश, ग्राम भवानीपुर नगला के अहमद नूर तथा कस्बा इस्लामनगर की जैतून शामिल हैं। सभी पीड़ितों को कुल मिलाकर 1.33 लाख रुपये की ठगी की धनराशि वापस कराई गई है। पुलिस की अपील - किसी अनजान लिंक, एप या स्क्रीन शेयरिंग एप को डाउनलोड न करें। लालच में आकर अपना बैंक अकाउंट, ओटीपी या सिम कार्ड किसी को न दें। गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करने से बचें, हमेशा कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट देखें।सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट या वीडियो कॉल स्वीकार न करें।

# कार्तिक मेला की तैयारियां पूर्ण हजारों श्रद्धालुओं ने डाला डेरा

**अनूपशहर में पुल के निकट हजारों श्रद्धालुओं के आगमन से मेला क्षेत्र तंबू की नगरी के रूप में विशाल आकार ले चुका है**

**वही प्रशासन के अनेक विभागों द्वारा मेला में अपने शिविर लगा दिए गए हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर, मुरादाबाद। कार्तिक मेला को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयारी में जुटा हुआ है। मुख्य स्नान स्थल पुल के पास तंबुओं का डेरा काफी बड़े क्षेत्र में लग चुका है।

रविवार को अनूपशहर में पुल के निकट हजारों श्रद्धालुओं के आगमन से मेला क्षेत्र तंबू की नगरी के रूप में विशाल आकार ले चुका है। युवा वर्ग कबड्डी, कुश्ती खेल कर अपना मनोरंजन कर रहे हैं। जबकि बुजुर्ग जगह-जगह हुक्का गुड-गुडाते नजर आए। बच्चे छोटे-छोटे खिलौनों से बालू के मैदान में मनोरंजन में लगे हुए हैं। श्रद्धालुओं द्वारा भैंसा बुग्गी, ट्रैक्टर ट्राली को उल्टा खड़ा करके महिलाओं द्वारा भोजन बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। युवतियां गंगा स्नान कर मेले में घूम कर आनंद ले रही हैं। प्रशासन के अनेक विभागों द्वारा मेला में अपने शिविर लगा दिए गए हैं। पालिका द्वारा गंगा में सुरक्षित स्नान के लिए वेरीकेडिंग करा दी गई है। पुल के ऊपर से देखने पर मेला क्षेत्र एक गांव जैसा दिखाई दे रहा है।

वही डिग्री कालेज के सामने एक बाग तथा रोडवेज बस अडडे के सामने विभिन्न प्रकार के चरख झूले लगने लगे हैं। कालेज रोड से गंगा तट तक महिलाओं के सामान, रसोई के समान, सॉफ्टी, चाऊमीन, बच्चों के खिलौने की दुकानें सजाई जा रही है। मेला की तैयारी को लेकर पालिका तथा पुलिस प्रशासन अपने कार्य में जुटा हुआ है। प्रशासन द्वारा मनोरंजन के साधन जैसे चरख, झूला आदि के ठेकेदारों को रविवार देर शाम तक एनओसी नहीं मिली किंतु चरख, झूले वालों ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। जिससे उनके कार्य में विलंब न हो। इस संदर्भ में एसडीएम प्रियंका गोयल का कहना है कि मनोरंजन के साधन वालों को कई विभागों से एनओसी लेनी होती है अभी तक किसी ने एनओसी जमा नहीं की है। यदि बिना अनुमति के कोई भी चरख लगाया गया, तब उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे दो दिन से मृत पड़े गौवंशों के शवों की दुर्गंध से परेशान ग्रामीण

**स्थानीय पुलिस व जिम्मेदार प्रशासन ने जेसीबी की मदद से गड्ढे खुदवाकर डिस्पोज करा दिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के इन्हौना मार्ग स्थित पूरे अवसेरी मज़रे मोन के पास सड़क किनारे दो दिन से मृत पड़े गौवंशों के शवों की दुर्गंध से परेशान आसपास के लोगों की शिकायत व आक्रोश को देखते हुए स्थानीय पुलिस व जिम्मेदार प्रशासन ने जेसीबी की मदद से गड्ढे खुदवाकर डिस्पोज करा दिया है। दो दिनों से सड़क किनारे पड़े गौवंशीय शवों से उठती तेज़ दुर्गंध के कारण राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो रहा था। जिसकी शिकायत करते हुए स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने मोन ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी अमरेंद्र कुमार को मृत पड़े गौवंशीय शवों को डिस्पोज कराने के निर्देश दिए थे। मामले में हल्का दरोग़ा सुनील चौहान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार व ग्राम विकास अधिकारी अमरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से गड्ढे खुदवाकर मृत पड़े तीन गौवंशीय शवों को डिस्पोज करा दिया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि करीब डेढ़ माह से रोजाना सुबह यहां एक दो गौवंशो के शव पड़े पाए जाते हैं। जिससे पूरे गांव में दुर्गंध बनी रहती है। गौवंशीय शवों के दफनाने के लिए किसी दूसरी जगह स्थान चिन्हित कराकर समुचित व्यवस्था कराई जाए।

## बीएचयू में कृषि विज्ञान संस्थान के पुरा छात्रों के योगदान से निर्मित हुआ अतिथि गृह

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में पुरा छात्रों के योगदान से निर्मित पहले अतिथि गृह 'आभा' का उद्घाटन रविवार को कुलपति प्रो.अजित कुमार चतुर्वेदी ने किया। विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान के पुरा विद्यार्थियों की संस्था 'आभा' के सहयोग से निर्मित अतिथि गृह के निर्माण में हुए खर्च को संस्थान के 4000 पुरा विद्यार्थियों ने वहन किया। यह अतिथि गृह लगभग 1000 वर्ग मीटर में फैला है। 17 कमरों और भोजन कक्ष के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।इस अवसर पर कुलपति प्रो.चतुर्वेदी ने कहा कि 'यह बीएचयू के इतिहास का एक मील का पत्थर है। इतने लोगों ने मिलकर इस पहल को शुरू किया, उसे बनाए रखा और आज साकार किया—यह वास्तव में प्रेरणादायक है'। आभा टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि टीम ने यह दिखा दिया है कि यदि सब एक साथ और ईमानदारी से कार्य करें, तो असंभव भी संभव हो सकता है। प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि बीएचयू ने यह दिखाया है कि दान और पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से कैसे शैक्षणिक संस्थान आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

# पटेल सेवा संस्था ने मनाई सरदार पटेल की 150वीं जयंती

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्ल्ड बैंक के पूर्व सलाहकार एवं क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य विवेक गंगवार उपस्थित रहे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को पटेल सेवा संस्था द्वारा तिलहर की मधुवन कॉलोनी स्थित पटेल भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्ल्ड बैंक के पूर्व सलाहकार एवं क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य विवेक गंगवार उपस्थित रहे। इस दौरान अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलकर ही देश और समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर किया जा सकता है। युवाओं को केवल सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागना चाहिए, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी अपने कौशल का उपयोग कर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए। वहीं विवेक गंगवार ने कहा कि सरदार पटेल के सपनों का भारत तभी साकार होगा, जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी उन्नत होगा। पंचायती राज की मजबूती ही इस दिशा में प्रमुख आधार है। कार्यक्रम में सत्यपाल गंगवार, दामोदर दास गंगवार, प्रेमशंकर गंगवार, जय ओम गंगवार एडवोकेट, और डॉ. सतेंद्र वर्मा सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वीपी सिंह ने की तथा संचालन जितेंद्र गंगवार ने किया। जयंती समारोह में नीरज सक्सेना, हेतराम गंगवार, गया सिंह यादव, अशोक गंगवार, डॉ. प्रवीण गंगवार, सुनील पटेल, दिनेश गंगवार, धर्मवीर गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, सविता वर्मा, राकेश गंगवार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बीएसए समेत तीन अधिकारियों पर गोरखपुर की कोर्ट ने दिए एफआईआर के आदेश

**मामला सामने आने पर न्यायाधीश विपिन कुमार तृतीय ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिए है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कु मार तिवारी,जिला समन्वयक निर्माण विद्याभूष ण मिश्रा और जिला समन्वयक जेम पोर्टल प्रेम शंकर मिश्रा पर एंटी करप्शन कोर्ट ने क्नम्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। तीनों पर 15 करोड़ के टेंडर के बदले पंद्रह प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप है।

मामला सामने आने पर न्यायाधीश विपिन कुमार तृतीय ने एफआईआर दर्ज क रने जांच करके एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिए है।जबकि बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्हों ने कहा मैने किसी से कमीशन की मांग नहीं की न ही किसी से पैसा लिया है।आवेदक ने लगाए रिश्वत मांगने के आरोपमोतीगंज थाना क्षेत्र के किनकी गांव के रहनेवाले मनोज कुमार पांडे ने कोर्ट को बताया कि सात अक्टूबर 2024 को जेम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर सप्लाई का टेंडर लिया था।यह टेंडर 15 करोड़ रुपए का था।टेंडर स्वीकृति के बदले बीएसए अतुल कुमार तिवारी,विद्याभूषण मिश्रा और प्रेम शंकर मिश्र ने पंद्रह प्रतिशत कमीशन मांगीं। 50 लाख रुपए एडवांस देने को कहा।चार जनवरी 2025 को मैंने 22 लाख रुपए बी एसए अतुल कुमार तिवारी,चार लाख रुपए प्रेम शंकर मिश्रा और कुछ रकम विद्याभूषण मिश्रा को दी थी।इसके बावजूद टेंडर मुझे नहीं दिया। जब मैंने बाकी पैसा देने से इनकार किया तो मेरी फर्म को दो फरवरी 2025 को ब्लैकलिस्ट कर दिया।मेरे खिलाफ नगर कोतवाली में फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लेने का मुकदमा दर्ज करा दिया गया।

### रिश्वतन देने पर ऑफिस से निकाल दिया गया

मनोज बोले- बीएसए ने कहा कि बाकी चौबीस लाख रुपए जमा करो,नहीं तो फर्म ब्लैकलिस्ट कर देंगे।मैंने कहा जब पैसा मिलेगा तब देंगे। इ स पर बीएसए ने धक्का देकर ऑफिस से नि काल दिया।इसके बाद मैंने अपने पैसे की वाप स मांगे। लेकिन पैसा नहीं लौटाया गया।बाद में प्रेम शंकर मिश्रा ने एक लाख रुपए लौटाए, मगर बीएसए अतुल कुमार तिवारी और विद्याभूष ण मिश्रा ने कोई रकम वापस नहीं की।तीनों अ धिकारियों से वॉट्सऐप कॉल और मैसेज पर भी बातचीत हुई थी।इसके बाद 9 जून को जि ला समन्वयक निर्माण विद्याभूषण मिश्रा की ओर से उनके मेरे खिलाफ नगर कोतवाली में फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लेने का मुकदमा दर्ज करा दिया गया।इस पूरे प्रकरण की शिकायत गोंडा डीएम से की लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।इनसेट कोर्ट ने माना भ्रष्टाचार का मामला,विशेष न्यायाधीश विपिन कुमार तृतीय ने माम ले की सुनवाई की।इसके बाद प्रार्थना पत्र स्वी कार करते हुए गोंडा नगर कोतवाली पुलिस को बीएसए अतुल कुमार तिवारी,विद्याभूषण मिश्रा और प्रेम शंकर मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना कराने के निर्देश दिए हैं।

### बीएसए बोले-सारे आरोप निराधार

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार ति वारी ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कोई भी कमीशन की मांग नहीं की गई है ना ही मेरे द्वारा कोई पैसा लिया गया है।इन्होंने गलत तरीके से कागजातों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था जिसको लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।इनकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी किया गया है इसीलिए उनके द्वारा गलत तरीके से आरोप लगाया गया है।

# मोहल्ला तोपखाना में अदबी महफ़िल शायरों ने सुनाए कलाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के मोहल्ला तोपखाना स्थित सफीर नानपारवी के आवास पर बज़्मे गुलज़ार-ए-अदब की मासिक तरही नशिस्त का आयोजन किया गया। महफ़िल के संचालन की ज़िम्मेदारी शहीद नानपारवी ने संभाली। नशिस्त में स्थानीय शायरों ने अपनी नज़्म व ग़ज़ल सुनाकर श्रोताओं से खूब दाद हासिल की।

कार्यक्रम में रोशन ज़मीर नानपारवी ने सामाजिक संदेश से भरी पंक्तियाँ पेश की संग-ए-नफ़रत से दिलों ने जो चोट खायी है, बस सबब यह है कि हर आंख तमाशायी है। शहीद नानपारवी ने अपने अशआर से माहौल में जज़्बात घोले क़ैद में बस यह कोई कह दे बहार आयी है, फिर तो मैं हूं मिरी ज़ंजीर है अंगड़ाई है। शायर सफीर नानपारवी ने मोहब्बत को बयां करते हुए कहा चश्म अश्कों से तिरी देखा जो भर आयी है, दिल ने माना कि तिरे प्यार में गहराई है। अय्यूब नानपारवी ने फ़िरक़ापरस्ती के दर्द पर चोट की इस क़दर दूर किया फिरक़ो ने अय्यूब यहां, भाई को भाई नहीं कहता सगा भाई है। जबकि अबरार नानपारवी ने टेक्नोलॉजी के दौर की मोहब्बत पर शेर पढ़ा क्यों न हो गुफ़्तुगू मेरी वो मिरे हमदम से, पास में अपने मोबाइल है वाई-फाई है। ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने तंज़िया अंदाज़ में महंगाई पर प्रहार किया डूब जा सूर्य यहां पर बड़ी नंगाई है, कौन कहता है कि बाज़ार में महंगाई है। इसके अलावा शायर आरिफ नानपारवी व शम्स नानपारवी ने भी अपनी सुंदर रचनाएँ पेश कीं। कार्यक्रम में कलीम कुरैशी, ज़ैद सहित काफी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। अंत में दुआएँ और शुक्राने के साथ नशिस्त का समापन हुआ।

# अष्टभुजा दुर्गा मंदिर समिति की बैठक में मंदिर विकास एवं धार्मिक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा

**बैठक के दौरान शारदीय नवरात्रि के आय-व्यय का विस्तृत विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। रूपईडीहा रोड स्थित सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर एवं सामाजिक सेवा समिति की मासिक बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डी. के. श्रीवास्तव ने की। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई।

बैठक के दौरान शारदीय नवरात्रि के आय-व्यय का विस्तृत विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के रिनीवल से संबंधित दायित्व एक बार फिर अध्यक्ष डी. के. श्रीवास्तव को सौंपा गया। वहीं, जिन सदस्यों का वार्षिक शुल्क शेष है, उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। मंदिर में शेष मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए तिथि भी तय कर दी गई। यह कार्यक्रम पंडित राम उजागर मिश्र के दिशा-निर्देशन में आगामी चैत्र नवरात्रि में 17, 18 और 19 मार्च 2026 को संपन्न होगा। इसके अतिरिक्त, वार्षिक सदस्यों की संख्या बढ़ाने तथा प्रत्येक नवरात्रि से कम से कम एक माह पूर्व बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए धन संग्रह करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही, मंदिर के नियमित मासिक व्यय पूर्व व्यवस्था के अनुसार ही कार्यकारिणी द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंडित राम उजागर मिश्र, केशव पाण्डेय, डॉ. वीरांगना कान्त, गीता श्रीवास्तव, राजेन्द्र मित्तल, राम समुझ वर्मा, नयन जायसवाल, सुरेश शाह, सन्त बहादुर वर्मा, मनोज तिवारी, राम गोपाल मिश्र, शोभा जायसवाल, संदीप साहू आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### खोराबार ब्लॉक के पोछिया ब्रह्म अस्थान में मनरेगा घोटाला उजागर

गोरखपुर। खोराबार ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोछिया ब्रह्म अस्थान में मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। यहां मजदूरों की फर्जी हाजिरी फोटो से फोटो खींचकर लगाई जा रही है, जिससे लाखों रुपये के घोटाले की आशंका गहराती जा रही है।सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत पोछिया ब्रह्म अस्थान में राम निवास तिवारी के खेत से राजेश चौधरी के खेत तक मिट्टी कार्य के लिए मास्टर रोल संख्या 1708, 1709, 1710 और 1711 जारी की गई है। रिकॉर्ड में प्रतिदिन लगभग 40 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जबकि मौके पर कोई कार्य नहीं हो रहा है। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि एनएमएमएस (राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली) पोर्टल पर मजदूरों की वास्तविक फोटो की बजाय पहले से ली गई फोटो का उपयोग कर अपलोड किया जा रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कार्यस्थल पर न तो मिट्टी की खुदाई हुई है और न ही किसी मजदूर को काम करते देखा गया है। इसके बावजूद रोजगार सेवक द्वारा पोर्टल पर मजदूरों की हाजिरी लगातार अपलोड की जा रही है।

# किसानों ने ली पराली न जलाने की शपथ सम्पन्न हुआ जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय ग्राम स्तरीय जागरूकता अभियान का समापन ग्राम अलीपुर (वि0ख0 शिवपुर) में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार तथा परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष मिट्टी व पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और प्रत्येक किसान को इसे जलाने के बजाये उपयोग में लाना चाहिए। सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित कर रही है। फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. पी.के. सिंह ने कहा कि सही मशीनों के उपयोग से फसल अवशेष की बर्बादी रोकी जा सकती है। बेलर मशीन, वर्मी कम्पोस्ट, मल्चिंग एवं हैप्पी सीडर जैसी तकनीकों को अपनाकर खेतों की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है। पराली जलाने से उत्पन्न धुआं सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ाता है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। डॉ. सिंह ने किसानों को पराली न जलाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान ओमकार लोधी, रामजी अवस्थी, राम पलटन तिवारी, शिवकुमार श्रीवास्तव सहित कई प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

### आईआईटी पास युवक ने की आत्महत्या

गोरखपुर। नगर पंचायत पिपराइच के वार्ड नंबर 16 निवासी स्व.श्रीकृष्ण मौर्य का छोटा बेटा 20 वर्षीय अमित मौर्य गले में बेल्ट लगातार घर में बीती रात आत्महत्या कर ली । पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है। जानकारी अनुसार मां पवित्री देवी व मृतक के साथ वार्ड नंबर 16 विवेकानन्द नगर में रहते थे। मृतक का बड़ा बेटा अमित मौर्य रेलवे कर्मचारी हैं । जो परिवार सहित रहता है। मृतक आईआईटी करने के बाद अन्य परीक्षा का तैयारी कर रहा था। बीती रात मां बगल के कमरे में सोयी थी । रविवार सुबह करीब प्रातः 6.30 बजे मां अमित मौर्य को जगाने लगी । अन्दर से फाटक बंद था । अन्दर कोई हलचल न होने पर अनहोनी की आशंका में बगल के लोगों को बुलाया। फाटक तोड़ कर देखा तो वह आत्महत्या कर लिया था। ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है। फोरेंसिक टीम को सूचित कर दिया गया है. पंचायतनामा भर कर कार्यवाही की जा रही है। इस बारे में थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। शायद अवसाद का शिकार हो गया होगा।

# कला से जोड़ रहे एकता की डोर,इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर परसपुर के इंटरनेशनल जादूगर श्री इंडिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने के लिए ल्इंटरनेशनल यूनिटी अवॉर्ड 2025ङ्क से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से गोंडा सहित पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्ल भभाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन शांति फाउंडेशन (गोंडा, उत्तर प्रदेश एवं लुंबिनी, नेपाल, कनाडा) के तत्वावधान में किया गया। समारोह में देश-विदेश के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष पिंकी देवी और अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. केतन कुलकर्णी ने ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।डॉ.कुलकर्णी ने कहा कि ल्इंटरनेशनल जादूगर श्री इंडिया न केवल कला के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं, बल्कि अपने कार्यों से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश भी दे रहे हैं। ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।ङ्ककार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के आदर्शों को नमन करते हुए देश में एकता, अमन और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# अटल आवासीय विद्यालय में तैनात कर्मचारी ने श्रम आयुक्त पर शोषण का लगाया आरोप

**कर्मचारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत संचालित अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर में आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता कंपनी राइट क्लीनिंग सर्विस के द्वारा पिछले वर्ष का पीएफ न देने के साथ जुलाई,अगस्त का वेतन भी नहीं दिया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । अटल आवासीय विद्यालय में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने सेवा प्रदाता कंपनी सहित श्रम आयुक्त पर शोषण का आरोप लगाते हुए पत्र लिखकर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है।

कर्मचारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत संचालित अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर में आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता कंपनी राइट क्लीनिंग सर्विस के द्वारा पिछले वर्ष का पीएफ न देने के साथ जुलाई,अगस्त का वेतन भी नहीं दिया गया। इसके बावजूद इस वर्ष नई कंपनी सरस्वती इंटरप्राइजेज के द्वारा कर्मचारियों को कम वेतन दिया जा रहा है। जिसको लेकर जब कर्मचारियों ने सेवा प्रदाता कंपनी के प्रोपराइटर सुमित कुमार पांडेय से बात की गई तो सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा बताया गया कि 70 की जगह 78 कर्मचारियों को रखने की वजह से कम वेतन दिया जा रहा है।जबकि एसओपी में केवल 70 कर्मचारी ही रखने का प्राविधान हैं।जिसके क्रम में श्रम आयुक्त व सेवा प्रदाता कंपनी की मिली भगत से गलत तरीके से 78 कर्मचारियों को रखा गया है।कर्मचारियों ने बताया कि सेवा प्रदाता कंपनी को श्रम विभाग द्वारा 423 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता हैं। परंतु सेवा प्रदाता कंपनी कर्मचारियों को महज 301 रूपये ही भुगतान कर रही है।वहीं कम मानदेय मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।जिसको लेकर कर्मचारियों का कहना है कि यदि 9 नवंबर तक हमारी समस्या का निदान नहीं हुआ तो सभी कर्मचारी दस नवंबर से कार्य का बहिष्कार करेंगे।

### पत्रकार की माताजी के निधन पर उपजा ने आयोजित की शोकसभा



शाहजहांपुर। यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं स्वतंत्र भारत के पत्रकार एम.आई. खान की माताजी श्रीमती सगीरा बेगम के निधन पर शनिवार को संगठन के जिला कार्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर उपजा के प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद इरफान, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार शर्मा, जिला संरक्षक ओंकार मनीषी, जिला अध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, जिला महासचिव पंकज सक्सेना, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, अमरदीप रस्तोगी, रामलड़ैते तिवारी, जिला उपाध्यक्ष एनुल हक़, जिला सचिव अभिषेक मिश्रा तथा इमरान जिलानी सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# एलबीएस चौराहे से लेकर नगर कोतवाली तक रोड की पटरियों पर हैं दर्जनों गैराज

**सड़क किनारे मरम्मत के लिए खड़े रहते हैं कई वाहन,लोगों को आने-जाने में होती है प्रॉब्लम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर में जाम और अतिक्रमण की समस्या हर जगह है।ऐसे में पॉश एरिया भी इससे अछू ते नहीं है।एलबीएस चौराहा से लेकर नगर कोत वाली तक गोंडा - बलरामपुर रोड का ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है।जहां हर तरफ रोड और पटरी पर गैराज की भरमार है। रोड पर स्थित मोटर पा?र्ट्स की दुकानों की संख्या अधि क होने से मैकेनिक रोड पर ही अपना बिजनेस चलाते हैं। जिससे जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है। हालत ये हो जाती है कि व्यस्त एरिया होने के बाद भी वहां पर जाम के कारण लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। रोड किनारे मरम्मत के लिए खड़ी कार और बाइक से आने-जाने वालें लोगों को रास्ता नहीं मि ल पाता।जिससे आधी से ज्यादा रोड कब्जा हो जाती है।वहीं बगल नगर कोतवाली क्षेत्र की दो पुलिस चौकी होने के बाद भी रोड पर ही गैराज चलाने वालों की मनमानी जारी है।

### कहने पर भी वाहनों को नहीं हटाते

एलबीएस चौराहे से गोंडा लखनऊ रोड पर गुज रने वालों की माने तो कई बार कहने के बावजू द मैकेनिक रोड से वाहनों को नहीं हटाते। ऐसे में उन्हें अपनी गाड़ियों को आड़े-तिरछे कर नि कालना पड़ता है।इससे अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।यही हाल दुख हरण नाथ मंदि र से लेकर अग्रसेन चौराहे तक बनी रहती है। जिससे की लोगों को काफ़ी दूर तक ऐसे ही परेशान होना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस का भी ध्यान इस ओर नहीं जाता है।जिससे कि रेलवेस्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को काफी मुसीब तें होती हैं।

### कार्रवाई के बाद भी नहीं बदलती सूरत

नगर पालिका परिषद के अतिक्रमण अभियान चलता है।उस समय ज्यादातर दुकानों के बाहर गैराज या वाहन ठीक करने वाले मैकेनिक वहां से हट जाते हैं।लेकिन दूसरे दिन फिर पहले जै सी स्थिति हो जाती है।स्थानीय लोगों का कह ना है कि इसके लिए परमानेंट व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके।गोण्डा- बलरामपुर रोड पर जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है।जिसके कारण क ई तरह की दिक्कतें लोगों को उठानी पड़ती हैं। हम लोगों को अपनी कार को घर तक लाने के लिए कई बाद विवाद का सामना करना पड़ा है,शहर में रहने वालों को सबसे अधिक होती है।दोपहर में अपनी कार निकालने के लिए इन लोगों से रिक्वेस्ट करनी पड़ती है।रोड पर भी अक्सर जाम लग जाता है।

# संपूर्ण समाधान में की गई शिकायत का डीएम के निर्देश में हुआ निस्तारण

**डीएम के निर्देशों के अनुपालन में संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए शिकायतों का समाधान कर दिया गया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन के कुशल निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जन सुनवाई एवं शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है इसी क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी द्वा रा त्वरित संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी सद र,गोण्डा को निर्देशित किया गया था कि सभी शिकायतों का निस्तारण दो दिवस के भीतर सु निश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उक्त शिकायतों के समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया गया,जिन्होंने विभिन्न ग्रामों में जाक र मौके पर जांच एवं आवश्यक कार्यवाही की। ग्राम रुद्रगढ़नौसी में चकमार्ग से संबंधित विवाद को सुलझाते हुए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चकमार्ग का चिन्हांकन कराया गया, जिससे ग्रामीणों को मार्ग उपयोग में आ रही स मस्या का निवारण हो गया।ग्राम पंचायत लैबुड़ वा में ग्राम समाज की भूमि पर प्रस्तावित आंग नबाड़ी केंद्र निर्माण हेतु चयनित भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने गंभीरता से लिया।जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई और अतिक्रमण को हटाकर भूमि को प्रशासनिक अभिलेखों के अनुरूप मु क्त कराया गया और आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण हेतु नीव की खुदाई की गई,जिससे अब वहां आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जा सकेगा।ग्राम बिशुनपुर बेलहरिया में क्यूआर टी टीम की सहायता से संयुक्त टीम द्वारा चक मार्ग का सीमांकन कराया गया। इस कार्यवाही से ग्रामवासियों के बीच लंबे समय से चल रहे मार्ग विवाद का समाधान हो गया।वहीं ग्राम ध नौली में किसान यूनियन द्वारा उठाए गए भूमि से संबंधित मुद्दे पर जिलाधिकारी के निर्देशानु सार भूमि का पुनः पैमाइश कराई गई, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो गई और किसानों की शिकायत का समाधान हो गया।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथ मिकता है।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्दे शित किया कि प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए जनता को समयबद्ध राहत प्रदान की जाय।

# गरीबों की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य : दिनेश प्रताप

### गांव सराय भागमानी में स्वर्गीय रमेश बहादुर सिंह की नौवी पुण्यतिथि पर गरीबों को बांटा कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। क्षेत्र के सराय भागमानी ग्राम में ग्राम प्रधान ललित सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता रमेश बहादुर सिंह की नौवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिये कम्बल वितरित किये गये।कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वर्गीय रमेश बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरीगंज विधायक के प्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित उद्यमी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अपने पूर्वजों की स्मृति में सेवा कार्य करना समाज में प्रेरणा का कार्य करता है। ऐसे आयोजनों से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ती है बल्कि लोगों के बीच आपसी सौहार्द भी मजबूत होता है। उन्होंने ग्राम प्रधान ललित सिंह की इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि समाज सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है।ग्राम प्रधान ललित सिंह ने कहा कि उनके पिता समाज में हमेशा सहयोग और सेवा के लिये जाने जाते थे। उन्हीं की स्मृति में हर वर्ष जरूरतमंदों की सहायता हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि उनकी सीख और आदर्श जीवंत बने रहें।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अभिषेक कौशिक, रणवीर सिंह, सोनू सिंह, जंग बहादुर सिंह, अवधेश सिंह सहित अन्य कई सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मनुष्य को कलयुग में भव से पार उतरने के लिये सत्संग करना चाहिये : योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री

### राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र के साथ ही ब्लाक प्रमुख ने कथा व्यास से आशीर्वाद लिया

### राजा फतेहपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी। भगवान को पाने की तीन सीढ़ियां है श्रद्धा, विश्वास और समर्पण। इसी प्रकार मनुष्य के बिगड़ने के चार साधन है पहला सुंदर रूप का होना, दूसरा युवावस्था का होना, तीसरा ज्यादा संपत्ति का होना और चौथा ऊंचा पद मिल जाना। इन चारों चीजों के साथ यदि विवेक नहीं है तो निश्चित रूप से वह व्यक्ति अनर्थ किये बिना नहीं रह सकता,यदि विवेक है तो यह चारों चीजें भी व्यक्ति का कुछ नहीं बिगाड़ सकती।यह उदगार राजा फत्तेपुर स्थित प्रताप नारायण मिश्र स्मारक इण्टर कालेज के प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा प्रेमी श्रोताओं के सम्मुख व्यक्त किये।कथा को आगे बढ़ाते हुये उन्होंने कहा कि जो विवेक है वह सत्संग से प्राप्त होता है इसलिये व्यक्ति को संतो का संग करना चाहिये। कलयुग में भव से पार उतरने के लिये सत्संग करना जरूरी है।सत्संग का मतलब ढोलक चिमटा बजाना नही है।सत्संग का मतलब सत्य पर चलना सत्य का साथ देना और पूरे परिवार को जोड़ कर रखना है। कथा व्यास योगेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हर रोज अपने परिवार के साथ के साथ सत्संग करना चाहिये पूरे परिवार को एकत्रित करके विचार करना चाहिये आज दिन में हमने क्या गलती की और उन गलतियों को अगले दिन सुधारना चाहिये इसी का नाम सत्संग है। श्रीमद भागवत कथा के यजमान आनंद कुमार मिश्रा, कामिनी मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का आरती पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक उपेन्द्र मिश्रा एवं जितेन्द्र मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।इस मौके पर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, शिरीष गुप्ता, सत्य नारायण सिंह,विमलेश चंद्र द्विवेदी, मुरारी लाल मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी,प्रमोद मिश्रा, धर्मेश मिश्रा,जय शंकर त्रिवेदी, राहुल पाठक, राजेश शुक्ला, आशीष नंदन त्रिपाठी,अर्थव त्रिपाठी, रत्नेश मिश्रा,अनिल बाजपेई, राकेश कुमार मिश्रा, शुभम मिश्रा, आदर्श मिश्रा सहित अन्य तमाम कथा प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

## डॉक्टर उदित ने नर्स के साथ की अभद्रता, मुख्यमंत्री से शिकायत

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार महिलाओं के सम्मान के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं को जागरुक कर रही है एवं महिलाओं के खिलाफ होने वाले उत्पीड़न के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। लेकिन उनकी ही सरकार के कर्मचारियों ने मिशन शक्ति अभियान की धज्जियां उड़ा रखी हैं। तहसील बीसलपुर क्षेत्र के खाड़ेपुर स्थित पीएचसी में तैनात नर्स के साथ डॉक्टर उदित यादव ने अदनान एवं एलटी गोवर्धन के साथ मिलकर अभद्रता की सारी हदें पार कर दी हैं। पूरे मामले की शिकायत नर्स ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है। नर्स द्वारा की गई शिकायत से जनपद के स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## भाजपा के सिंबल पर चुनाव जीतने वाले सभासद कर रहे पार्टी की छवि धूमिल संगठन मंत्री से शिकायत

**पीलीभीत।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह से कई सभासदों ने शिकायत की है। कि भाजपा के सिंबल पर चुनाव जीतने वाले कई सभासद हैं। जो भारतीय जनता पार्टी की छवि को धूमिल कर रहे हैं और विकास कार्यों में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।कई सभासद नगर पालिका के कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप करते हैं। और नगर पालिका कर्मचारियों पर दबाव बनाकर उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में बाधा डालते हैं।उपरोक्त सभासदों ने कई बार नगर पालिका में होने वाली बैठकों में हंगामा किया है। जो की पार्टी विरोधी कार्य है।यह सभासद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की भी छवि को धूमिल कर रहे। हैं।भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों का भी पालन नहीं कर रहे है। जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। शिकायत करने वालों में मुख्य रूप से सभासद वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह, शैलेंद्र कौर, साकेत सक्सेना, शबनम बेगम,निज़ाकत अली, इकबाल हजरत,विपिन कुमार राशिद हुसैन आदि हैं।

## खाटू श्याम का कीर्तन सुनने गए युवक की बाइक चोरी

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही खाटू श्याम का कीर्तन सुनने गए युवक की बाइक को चोर चोरी कर ले गया जिसके बाद युवक ने बाइक चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई पुलिस के अनुसार पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा वार्ड न0 10 निवासी हरिओम पुत्र पूरनलाल ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पीड़ित बाइक से असम रोड के प्लॉट में आयोजित खाटू श्याम कीर्तन में गया हुआ था। पीड़ित ने बाइक को लॉक लगाकर बाहर खड़ा कर दिया कुछ समय के बाद जब पीड़ित घर जाने के लिए बाइक के पास आया तो उसे बाइक वहां खड़ी नहीं मिली जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया पीड़ित ने बताया कि उसने बाइक की आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला जिसके बाद पीड़ित ने बाइक चोरी की रिपोर्ट पूरनपुर थाने में दर्ज कराई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र की एक छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया है छात्रा को मेडिकल के लिये भेजा गया है ग्रामीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी 31 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे पूरनपुर नगर स्थित एक विद्यालय में पढ़ने गई थी। शाम तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की खोजबीन के दौरान परिजनों को पता चला कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी गजेंद्र सिंह चौहान ने अपने तीन भाई के साथ मिलकर छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है परिजनों ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी शिकायत के आधार पर पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने आरोपी गजेंद्र सिंह चौहान सहित चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मोरंग उतारते समय टेलर पलटा, बची कई जिंदगियां

**दोस्तपुर/सुल्तानपुर।** दोस्तपुर कस्बे में रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। दोस्तपुर-सूरापुर रोड पर अंबेडकर पार्क के पास मोरंग खाली करते समय एक टेलर अचानक पलट गया। यह घटना रविवार को हुई, जिससे एक बड़ा जनहानि का खतरा टल गया। बताया जा रहा है कि टेलर असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिसकी चपेट में एक मोटरसाइकिल भी आ गई। हादसे के समय तेज आवाज हुई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल के ठीक सामने 'कम्प्यूटर साइंस एंड कोचिंग क्लासेस डिजिटल सेवाएं' नामक एक बड़ा कोचिंग संस्थान है। आम दिनों में यहां सैकड़ों छात्र पढ़ाई करते हैं। सौभाग्य से, रविवार होने के कारण कोचिंग बंद थी, जिससे कई मासूम जिंदगियां बच गईं और एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि यह हादसा किसी कार्यदिवस पर होता, तो टेलर पलटने से बड़ी जनहानि हो सकती थी, क्योंकि उस समय सड़क पर और कोचिंग सेंटर के आसपास छात्रों की काफी आवाजाही रहती है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और टेलर को हटाने का काम शुरू किया। इस दौरान सड़क के एक हिस्से पर जाम की स्थिति बनी रही। मोरंग के नीचे दबी मोटरसाइकिल को ग्रामीणों और जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाए, क्योंकि यह क्षेत्र भीड़भाड़ वाला है और पास में कई शिक्षण संस्थान भी हैं। हादसे में किसी के हताहत न होने से बड़ी राहत मिली है।

## प्रधानमंत्री मोदी सात नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे वाराणसी, भाजपा नेताओं के साथ करेंगे बैठक

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर 7 नवंबर को सायंकाल बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पहुंचेंगे। वहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। वहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सड़क मार्ग से सीधे बरेका गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी दिन वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं प्रमुख लोगों के साथ बैठक करेंगे। श्री पटेल ने बताया कि 8 नवंबर को पूर्वाह्न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस रेलवे स्टेशन (मंडुआडीह) पर वाराणसी से खजुराहो तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। तत्पश्चात चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए बिहार रवाना हो जाएंगे। श्री पटेल ने बताया कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## पशु चिकित्सालय, जहां डॉक्टर कागज़ों में हैं और दीवारें मरीज़ बन चुकी हैं

कुड़वार/सुलतानपुर। विकासखंड का भंडरा ग्राम एक अद्भुत उदाहरण है यहां का पशु चिकित्सालय अब पशु से ज्यादा चिकित्सालय खुद बीमार है। डॉक्टर साहब और कर्मचारी तो जैसे किसी स्वर्गीय विभाग में कार्यरत हैं। कागजों पर सक्रिय, ज़मीन पर लापता!

# वन विभाग की लापरवाही हाथी ले रहे किसानों की जान

### प्रधान विवेकानंद सरकार ने मुआवजे की मांग की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड के ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में हाथियों के तांडव से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। हाथियों ने घर में तोड़फोड़ की घर में रखे सामान को नष्ट कर दिया है।

ग्राम पंचायत के मौजा ढकिया तालुके महाराजपुर निवासी पुन्नो पुत्र थे तेज्यो उम्र लगभग 58 साल के ऊपर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी लगते ही ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार मौके पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन को इस मामले की सूचना दी है। जानकारी लगते ही मौके पर रमनगरा चौकी प्रभारी अपनी टीम के पहुंचे और समस्त औपचारिकताएं निभाने लगे। इस मामले की ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने थाना प्रभारी को लिखित सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### यातायात माह के दूसरे दिन पुलिस ने एक सौ चालीस वाहनों का किया चालान

अमेठी। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के दूसरे दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया और एक सौ चालीस वाहनों का चालान कर एक लाख चालीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में रविवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के दूसरे दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा कस्बा व थाना क्षेत्र रामगंज अन्तर्गत त्रिसुण्डी में जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया।

# कलेक्ट्रेट में गरजे सैकड़ों प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्रामीण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी में लगातार ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से विरोधी बौखला गए हैं और ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ झूठे मनगढ़ंत आरोप लगाकर उनकी छवि को धूमिल कर रहे हैं।

इस बात की जानकारी जब विकासखंड मरौरी के ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों को हुई तो वह लोग बौखला गए और जिलाधिकारी से मिलने उनके कार्यालय पहुंच गए सभी ने एक स्वर में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के अधिकार बहाल करने की मांग की सभी ने मिलकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी कार्यालय में दिया है और कहा है की ब्लॉक प्रमुख के अधिकार सीरीज होने से विकासखंड मरौरी में विकास का पहिया रुक गया है।जिससे हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में ब्लॉक प्रमुख के सभी अधिकारों को बहाल करने की मांग की है।

# वाद-विवाद और निबंध लेखन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर पुलिस लाइन सभागार में ल्लनए आपराधिक कानूनों 2.0 अभियानल्ल के अंतर्गत वाद-विवाद और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में यह कार्यक्रम ल्लदण्ड से न्याय की ओर अभियान का हिस्सा था। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु आरक्षियों में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इन नए कानूनों की गहन समझ विकसित करना था। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रशिक्षु आरक्षियों ने नए आपराधिक कानूनों की उपयोगिता, उनके प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नए कानूनों के प्रावधानों, उद्देश्यों और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं की रचनात्मकता और विधिक समझ की सराहना की। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थानों में नए कानूनों की प्रमुख धाराओं व प्रावधानों को सरल हिंदी में पोस्टर, हैंडबिल और ऑडियो-वीडियो क्लिप्स के माध्यम से जनता तक पहुँचाया जा रहा है। साथ ही, ग्राम सभाओं, स्कूलों, कॉलेजों और बाजारों में नुक्कड़ सभा व सेमिनार आयोजित कर लोगों को जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध जांच, डिजिटल साक्ष्य और महिला-बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे नए आपराधिक कानूनों की जानकारी प्राप्त करें, अपराध नियंत्रण में सहयोग करें और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन 112 पर तुरंत संपर्क करें।

# मलिकपुर-वजूपुर मार्ग पर गड्डों से आवागमन बाधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भदैंया/सुल्तानपुर। भदैया विकासखंड के ग्राम पंचायत मलिकपुर से वजूपुर गांव को जोड़ने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क पहली बारिश में ही खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो जाने के कारण यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क मलिकपुर से करोमी, डडवा, अहिरौली, भटपुरवा, नखराही और हड़ाही जैसे कई गांवों को जोड़ती है।

अनुमान है कि इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 5000 लोग यात्रा करते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण ई-रिक्शा, फोर-व्हीलर और टू-व्हीलर चालकों को विशेष रूप से दिक्कतें आ रही हैं। गड्डों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। गांव के शाहनवाज, करन, शिक्षक इंद्रेश यादव, एडवोकेट भयंदरजीत यादव और श्यामानंद दुबे जैसे ग्रामीणों ने सड़क की खराब गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि हाल ही में बनी कई सड़कें एक भी बारिश नहीं झेल पाईं और ध्वस्त हो गईं, क्योंकि उन पर रोलर नहीं चला। ग्रामीणों ने लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता की जांच के लिए जनप्रतिनिधि कभी क्षेत्र का दौरा नहीं करते, शिकायत करने पर भी वे नहीं आते। ग्रामीणों ने इस सड़क का तत्काल निर्माण कार्य करवाने की मांग की है ताकि उनकी समस्याएं दूर हो सकें।

# राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय में संचालित राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कालेज बल्दीराय में आज प्रतिभा सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली छात्र व छात्राओं का सम्मान समारोह मनाया गया। समारोह में राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय की परास्नातक की छात्रा व राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रांजलि शर्मा को विश्व विद्यालय कुलपति स्वर्ण पदक, छात्रा समृद्धि सिंह को आल इंडिया पीएचडी प्रवेश परीक्षा में रैंक 2,मास्टर अविघ्न तिवारी को राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में उपविजेता व राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कालेज की छात्रा कलश शर्मा को अखबार द्वारा आयोजित हिंदुस्तान ओलंपियाड में नेशनल स्तर पर विजयी होने के लिए अभिनंदन पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सामाजिक सेवा के लिए डॉ राम आसरे वर्मा, साहित्यकार महेश चंद्र मिश्र मिसिर व रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य अनुपम पांडेय को भी विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक इसौली व पूर्व सांसद ताहिर खान ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर सभी प्रकार के सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में कवि पुष्कर सुल्तानपुरी की पुस्तक पानी मे गिरे आंसू का विमोचन कार्यक्रम भी विधायक ताहिर खान, जिला संघ चालक अवधेश त्रिपाठी व सभी अतिथियों के द्वारा किया गया।इस मौके पर कवि सम्मेलन का कार्यक्रम भी हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन प्रख्यात कवि पुष्कर सुल्तानपुरी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार महेश चंद्र मिश्र मिसिर, अनुपम पांडेय, राज कुमार तिवारी सरल,मनीष मौर्य सरस, उमेश पांडेय गिरिजा, विकास वैभव, विनय शुक्ल मंगल, राजेश मिश्रा, पुष्कर सुल्तानपुरी ने अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं के मन मोह लिया। डॉ अनिल कुमार शर्मा ने माउथ आर्गन से जन गण मन ध्वनि बजाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया।

# विभाग की कार्यवाही पर सवालिया निशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सीएमओ साहब की कैसी सेटिंग? बंद मेडिकल स्टोर का शटर उठाकर सीज किया गया जिसका वीडियो वायरल हुआ।

ज्ञात रहे कि बल्दीराय तहसील क्षेत्र के चक टेरी गांव में एक बंद पड़े मेडिकल स्टोर को शटर उठाकर सीज करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, एसीएमओ टीम ने शुक्रवार को कुमार औषधि मेडिकल स्टोर को सील किया था, लेकिन अब यह सामने आया है कि स्टोर पहले से बंद था और कार्रवाई दिखाने के लिए शटर उठाकर सीज किया गया। वीडियो सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा तेज है कि स्वास्थ्य विभाग सिर्फ दिखावटी कार्रवाई कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बल्दीराय, धनपतगंज, हरौरा, देहली बाजार, बहुरांवा, पारा, बल्लीपुर और तिरहुंत बाजार समेत कई स्थानों पर आज भी अवैध मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी और अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं, लेकिन उन पर विभागीय कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्र के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने दो माह पहले सीएमओ सुलतानपुर से इन अवैध मेडिकल स्टोर्स और अस्पतालों की जानकारी मांगी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद जवाब नहीं दिया गया। अब सवाल उठ रहे हैं कि स्वास्थ्य विभाग सिर्फ चिन्हित एक मेडिकल स्टोर पर ही कार्रवाई क्यों कर रहा है? क्या बाकी अवैध प्रतिष्ठानों पर अधिकारियों की सेटिंग चल रही है। पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी ने रहस्य और गहरा दिया है,जबकि ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने पूरे प्रकरण की जांच की मांग की है।

सम्पादकीय

# अकबरी सपनों के शहर में बाकी निशां

लाल पत्थरों में बसा फतेहपुर सीकरी अकबर के सपनों का शहर है, जहां इतिहास आज भी सांस लेता है। बुलंद दरवाजा, जोधाबाई महल, अनूप तालाब और शेख सलीम चिश्ती की दरगाह इसकी पहचान हैं। यह जगह मुगल स्थापत्य, संगीत और सूफी परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है। आगरा जाने वाले हर पर्यटक को ताजमहल के दीदार के साथ-साथ फतेहपुर सीकरी जरूर घूमने की सलाह दी जाती है। फतेहपुर सीकरी के किले की भव्यता आज भी देखने लायक है। इसे मुगल बादशाह अकबर के सपनों का शहर कहा जा सकता है। इसके नाम का अर्थ है 'विजय का शहर'। किले की इमारतों पर हिंदू-मुस्लिम कारीगरी का अनूठा तालमेल झलकता है। आज फतेहपुर सीकरी भले ही सुनसान है, लेकिन कभी यह हिंदुस्तान की गौरवमयी राजधानी रहा है। इसकी स्थापना करीब 450 साल पहले मुगल बादशाह अकबर ने 1569 से 1585 के बीच करवाई थी। फतेहपुर सीकरी को किलाबंद शहर कहा जा सकता है। हालांकि इसे अधिक समय तक मुगल हुकूमत की राजधानी बनने का गौरव नहीं मिला, लेकिन आज भी यह अनूठे स्थापत्य कला का नमूना पेश करती है। बुलंद दरवाजा, बादशाही दरवाजा, पंच महल, जोधाबाई महल और बीरबल भवन सीकरी की प्रमुख निशानियां हैं। दीवान-ए-खास, दीवान-ए-आम, अनूप तालाब और दौलतखाना भी देखने योग्य हैं। सारा किला लाल पत्थरों से बना है। यहीं बीरबल की हंसी-ठिठोली गूंजती थी और तानसेन के रसमय संगीत से वातावरण सराबोर हो उठता था। सबसे खास है अनूप तालाब। यह एक छोटा-सा ताल है, जो छोटे-छोटे पुलों से जुड़ा है। यहीं तानसेन अपने संगीत से दरबार को मंत्रमुग्ध कर देते थे। ताल के बीचोंबीच स्थित मंच पर तानसेन दिन में चार अलग-अलग राग गाते थे। पर्यटकों को घुमाने वाले गाइड भी रस लेकर कई कहे-अनकहे किस्से सुनाते हैं। मिसाल के तौर पर कहा जाता है कि तानसेन ने अपने रागों से अकबर की बेटी मेहरून्निसा का मन मोह लिया था और उससे विवाह किया था। एक बार राग मेघ मल्हार गा कर तानसेन ने बारिश करा दी थी, और कहा जाता है कि उनका निधन राग दीपक गाते हुए आग से जलने से हुआ था। हालांकि इन कथाओं के ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलते। इसी किले में एक छोटी-सी इमारत और है, जिसका नाम है 'आंख मिचौली'। कहते हैं कि यह अकबर की सबसे पसंदीदा जगह थी। यहीं वे अपनी बेगमों के साथ खेल खेला करते थे। किले में प्रवेश 175 फुट ऊंचे बुलंद दरवाजे से होता है। कहा जाता है कि बुलंद दरवाजा एशिया का सबसे ऊंचा फाटक है। दरवाजे तक पहुंचने के लिए 52 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। दरवाजे पर पुराने जमाने के किवाड़ आज भी शोभा बढ़ाते हैं। ऊंची चारदीवारी के बीचोंबीच सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह है। इतिहास बताता है कि शेख सलीम चिश्ती ने बादशाह अकबर और उनकी हिंदू बेगम जोधाबाई को पुत्र रत्न का आशीर्वाद दिया था। पीर बाबा के नाम पर ही अकबर ने अपने बेटे का नाम सलीम रखा। यही नहीं, उन्होंने शेख सलीम चिश्ती के सम्मान में यहां पूरा नया शहर बसाया। आज भी अनेक भक्त शेख सलीम चिश्ती साहब की दरगाह पर पुत्र प्राप्ति की मन्नत मांगते हैं। विशाल बरामदे में सफ़ेद संगमरमर से बनी दरगाह में भक्त गुलाब के फूल और चादर चढ़ाते हैं तथा संगमरमर की जालियों पर पवित्र धागा बांधते हैं। उन्हें विश्वास है कि उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी। दरगाह की जालियां संगमरमर को बारीकी से नक्काशी कर बनाई गई हैं और हर जाली का डिजाइन दूसरी से अलग है। शेख सलीम चिश्ती की दरगाह सफ़ेद चमकते पत्थरों से निर्मित है। यहां आज भी कव्वालियों की महफिलें होती रहती हैं। हर साल रमजान के पावन महीने में दरगाह पर उर्स मुबारक मनाया जाता है। पास ही एक विशाल जामा मस्जिद है, जिसे मक्का की मस्जिद की तर्ज पर बनाया गया बताया जाता है। इसका डिजाइन हिंदू और पारसी वास्तुकला से प्रेरित है।

# घोषणा-पत्र: लोकतंत्र का सशक्त हथियार या चुनावी छलावा?

लोकतंत्र में घोषणा पत्र की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह मतदाताओं के लिए जानकारी और निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है। यह राजनीतिक दलों की जनता के प्रति सार्वजनिक प्रतिज्ञा होती है, एक तरह की जवाबदेही का प्रतीक। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय लोकतंत्र में यह जवाबदेही सिर्फ कागजों पर ही रह गई है। अधिकांश दल चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्रों को भूल जाते हैं। मतदाता भी अपने वोट के बदले वादों की पूर्ति का हिसाब नहीं मांगते। परिणामस्वरूप घोषणा पत्र एक औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बनकर रह गए हैं। इतिहास पर नजर डालें तो अधिकांश घोषणाओं का पालन आधा-अधूरा ही हुआ है। राजस्थान में पिछली सरकार ने अपने घोषणा पत्र के लगभग 64 प्रतिशत वादे पूरे किए, जबकि कर्नाटक में सिर्फ तीन प्रतिशत वादे ही पूरे हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि घोषणा पत्र को गंभीरता से न तो दल लेते हैं, न जनता। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से सवाल करे और जवाब मांगे। घोषणा पत्रों की एक बड़ी समस्या यह है कि उनमें की गई घोषणाएं वित्तीय दृष्टि से असंभव होती हैं। जनता को खुश करने के लिए ऐसे वादे किए जाते हैं जिनके लिए न तो संसाधन हैं, न कोई ठोस योजना। कोई कानूनी प्रावधान भी नहीं है कि दल अपने वादे पूरे न करने पर जवाबदेह बने। यही कारण है कि चुनाव के बाद घोषणाएं भुला दी जाती हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में देखें तो एनडीए और महागठबंधन दोनों ने अत्यधिक आकर्षक और लोकलुभावन वादों से भरे घोषणा पत्र जारी किए हैं। एनडीए ने अपने 'संकल्प पत्र' में एक करोड़ नौकरियों का वादा किया है, महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता, हर जिले में कौशल केंद्र, किसानों के लिए नौ हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि और सात नए एक्सप्रेस-मार्गों के निर्माण की बात कही है। वहीं महागठबंधन ने अपने 'तेजस्वी प्रण' में प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता, पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी और मंडियों की बहाली जैसे बड़े वादे किए हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों ही गठबंधनों ने बढ़-चढ़कर लोकलुभावनी और जनता को आकर्षित या गुमराह करने वाली घोषणाओं से जुड़े चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं। इन घोषणा पत्रों में जिस तरह की घोषणाएं की गई हैं, वे निश्चित रूप से अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। यह प्रश्न अब गंभीर हो गया है कि क्या घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ यानी चुनाव का सबसे सशक्त हथियार बन चुके हैं या चुनावी छलावा? निश्चित ही यह जनता को रिझाने और प्रभावित करने का प्रमुख माध्यम बन गया है, परंतु सत्ता में आने के बाद कितने राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्रों का अक्षरशः पालन किया है, यह बड़ा सवाल है। वास्तव में घोषणा पत्र किसी दल का दृष्टिपत्र होता है, जो उसके विचारों, उद्देश्यों और संकल्पों का सार्वजनिक दस्तावेज है। यह बताता है कि दल सत्ता में आने के बाद राज्य या देश की दिशा कैसी तय करना चाहता है, किन मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहता है और विकास की कौन सी राह पर चलना चाहता है। घोषणा पत्रों में किए गए वादों को लेकर परस्पर विरोधी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तो छिड़ता है, लेकिन उन्हें लेकर वैसी सार्थक बहस नहीं हो पाती, जैसी विकसित देशों में होती है और जिसके आधार पर वहां स्वस्थ जनमत तैयार करने में मदद मिलती है। हैरानी नहीं कि अपने यहां चुनावी घोषणा पत्र अपनी महत्ता खोते जा रहे हैं। लोकतंत्र में घोषणा पत्र की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह मतदाताओं के लिए जानकारी और निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है। यह राजनीतिक दलों की जनता के प्रति सार्वजनिक प्रतिज्ञा होती है, एक तरह की जवाबदेही का प्रतीक। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय लोकतंत्र में यह जवाबदेही सिर्फ कागजों पर ही रह गई है। अधिकांश दल चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्रों को भूल जाते हैं। मतदाता भी अपने वोट के बदले वादों की पूर्ति का हिसाब नहीं मांगते। परिणामस्वरूप घोषणा पत्र एक औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बनकर रह गए हैं। इतिहास पर नजर डालें तो अधिकांश घोषणाओं का पालन आधा-अधूरा ही हुआ है। राजस्थान में पिछली सरकार ने अपने घोषणा पत्र के लगभग 64 प्रतिशत वादे पूरे किए, जबकि कर्नाटक में सिर्फ तीन प्रतिशत वादे ही पूरे हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि घोषणा पत्र को गंभीरता से न तो दल लेते हैं, न जनता। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से सवाल करे और जवाब मांगे। घोषणा पत्रों की एक बड़ी समस्या यह है कि उनमें की गई घोषणाएं वित्तीय दृष्टि से असंभव होती हैं। जनता को खुश करने के लिए ऐसे वादे किए जाते हैं जिनके लिए न तो संसाधन हैं, न कोई ठोस योजना। कोई कानूनी प्रावधान भी नहीं है कि दल अपने वादे पूरे न करने पर जवाबदेह बने। यही कारण है कि चुनाव के बाद घोषणाएं भुला दी जाती हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में देखें तो एनडीए और महागठबंधन दोनों ने अत्यधिक आकर्षक और लोकलुभावन वादों से भरे घोषणा पत्र जारी किए हैं। एनडीए ने अपने 'संकल्प पत्र' में एक करोड़ नौकरियों का वादा किया है, महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता, हर जिले में कौशल केंद्र, किसानों के लिए नौ हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि और सात नए एक्सप्रेस-मार्गों के निर्माण की बात कही है। वहीं महागठबंधन ने अपने 'तेजस्वी प्रण' में प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता, पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी और मंडियों की बहाली जैसे बड़े वादे किए हैं। दोनों घोषणाओं में एक बात समान है- वे अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी और जन-लोभक हैं। नौकरियों, मुफ्त बिजली, नकद सहायता और भारी निवेश की घोषणाएं सुनने में तो आकर्षक लगती हैं, पर इनकी व्यावहारिकता संदिग्ध है। बिहार जैसे राज्य में, जहां संसाधन सीमित हैं और रोजगार की स्थिति जटिल है, इन वादों को लागू करना आसान नहीं है। घोषणाओं में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इतने बड़े खर्चों का वहन कैसे होगा, कौन-से विभाग या योजनाएं इनका संचालन करेंगे और कब तक परिणाम दिखेंगे। इन घोषणा पत्रों में जनकल्याण की भावना अवश्य है, परंतु वह यथार्थ से अधिक कल्पना पर आधारित लगती है। बिहार की वास्तविक समस्याएं- शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रवासी मजदूर, कृषि संकट, रोजगार और उद्योगों का अभाव, इनका समाधान केवल लोकलुभावन वादों से नहीं होगा। आवश्यक है कि दल घोषणाएं करने से पहले उनकी वित्तीय और प्रशासनिक व्यवहार्यता का गंभीर अध्ययन करें। राजनीति में घोषणा पत्रों का उपयोग अब एक चुनावी हथियार के रूप में हो रहा है, न कि जनसेवा की प्रतिबद्धता के रूप में। मतदाता को भी जागरूक होना होगा कि वे केवल वादों से प्रभावित न हों, बल्कि यह जानने की कोशिश करें कि पिछले चुनावों में किए गए वादों में से कौन-से पूरे हुए। मीडिया और सामाजिक संस्थाओं को भी यह दायित्व निभाना चाहिए कि वे चुनावों के बाद घोषणाओं की निगरानी करें, ताकि दल जवाबदेह बने। घोषणा पत्र तभी सार्थक होंगे जब उनमें किए गए वादे मापनीय, समयबद्ध और संसाधन-सिद्ध हों। दलों को चाहिए कि वे घोषणाओं को नारेबाजी के बजाय ठोस योजनाओं में बदलें। यह भी आवश्यक है कि चुनाव आयोग इस दिशा में कोई नीति बनाए ताकि असंभव और अव्यावहारिक वादों से जनता को भ्रमित न किया जा सके। ऐसे में विमर्श का विषय यह है कि क्या हमें यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादे को वास्तविक रूप में पूरी तरह से लागू किया जाए? दरअसल चुनावी घोषणा-पत्र अनिवार्य रूप से उन नीतियों की एक सूची है जो एक राजनीतिक दल के द्वारा चुनाव के समय जनता के समक्ष अपने इरादों, उद्देश्यों या विचारों को चुनावी घोषणा-पत्र के रूप में प्रकाशित करती है। मतदान के बाद यदि वह पार्टी सत्ता में आती है तो उन नीतियों पर काम करेगी, ऐसा इसमें कहा जाता है। प्रत्यक्ष रूप से यह चुनाव घोषणा-पत्र एक विजन डाक्यूमेंट है। इसलिए यह घोषणा-पत्र वैधानिक और कानूनी रूप से लागू करने वाला एक योग्य दस्तावेज बनना चाहिए। निश्चित रूप से चुनावी घोषणा-पत्र मतदाताओं के लिए निर्णय लेते समय राजनीतिक दलों के शासन के एजेंडे को उनके विचारों को मापने का एक सशक्त माध्यम है। यह भी कहा जा सकता है कि मतदान लेन-देन के जैसा है। एक बार जब चुनावी वादों पर वोट दिए जाते हैं तो यकीनन इसे एक कानूनी अनुबंध माना जाना चाहिए। जब कोई पार्टी चुनाव जीत कर सत्ता में आती है तो सवाल उठता है कि क्या वह घोषणा-पत्र जो एक अनुबंध का रूप ले चुका है, उसे लागू होना चाहिए या नहीं? जिस सामाजिक अनुबंध सिद्धांत के तहत सरकारें चुनी जाती हैं, क्या किए गए वादों को पूरा करने के संदर्भ में उनकी जवाबदेही तय नहीं होनी चाहिए? चुनाव आयोग को भी इस बारे में नए सिरे से विचार करना चाहिए, ताकि इसका कुछ ठोस समाधान किया जा सके। निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ में जनता को प्रभावित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं, परंतु जब तक वे केवल वादों की झड़ी बने रहेंगे और उनके पालन की कोई बाध्यता नहीं होगी, तब तक यह लोकतंत्र की सार्थकता को अधूरा रखेंगे। बिहार के दोनों गठबंधनों के घोषणा पत्र लोकतांत्रिक उत्सव की चमक तो बढ़ाते हैं, पर उनका सच समय के साथ ही सामने आएगा कि वे जनता की उम्मीदों को पूरा करते हैं या सिर्फ चुनावी छलावे साबित होते है। **-ललित गर्ग**

# वैश्विक संदर्भ में राष्ट्रवाद बनाम धार्मिक कट्टरता

**संजीव ठाकुर**

वास्तविक राष्ट्रवाद के संदर्भ में धार्मिक कट्टरता राष्ट्रवाद किसी भी राष्ट्र की आत्मा होता है और वैश्विक संदर्भ में राष्ट्रवाद बनाम धार्मिक कट्टरता पर बौद्धिक विमर्श की परम आवश्यकता है स यह केवल राजनीतिक नारा या भीड़ संचालित भाव नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना का वह केंद्र है जो देश की एकता, अखंडता और गरिमा को अभिव्यक्त करता है। यह वह सार्वभौमिक सत्य है, जिसने युगों से सभ्यताओं को स्थायित्व दिया और समाजों को अनुशासन एवं उद्देश्य की दिशा में अग्रसर किया। किंतु जब यही राष्ट्रवाद धार्मिक कट्टरता, संकीर्ण विचारधारा अथवा अवसरवादी राजनीति के मोहपाश में बंध जाता है, तब वह अपनी दिव्यता खो बैठता है।राष्ट्र के निर्माण और वैश्विक एकीकरण के संदर्भ में नागरिकों की निष्ठा, समर्पण और संवेदनशीलता अनिवार्य है। परंतु इसका यह तात्पर्य नहीं कि सत्ता-लोलुप राजनीतिक दल राष्ट्रवाद को धर्म, जाति या संप्रदाय से जोड़कर इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र बना लें। ऐसा करने से न केवल राष्ट्रीय भावना आहत होती है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने में विभाजन और अविश्वास की दीवारें खड़ी हो जाती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब-जब सत्ता पर बने रहने की अंधी चाह बढ़ी है, तब-तब साम्राज्यों की जड़ें खोखली हुई हैं। वर्तमान भारतीय राजनीति भी इस प्रपंच से मुक्त नहीं कृ जहां राष्ट्रवाद कई बार धर्म का पर्याय बनाकर प्रस्तुत किया जाता है, ताकि भावनात्मक उन्माद के सहारे सत्ता की सीढ़ियाँ चढ़ी जा सकें। लोकतंत्र में सत्ता का परिवर्तनशील रहना ही उसकी प्राणवायु है। निरंतर सत्ता एक व्यक्ति या दल को अधिनायकवादी बनाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की जड़ों को कमजोर कर देती है। अवसरवादी राजनीति, जातिगत समीकरणों की गणना, और तुष्टीकरण की नीति ये सब मिलकर जनकल्याण की मूल भावना को धूमिल करते हैं। जनता के दीर्घकालिक हितों के स्थान पर तात्कालिक लाभों की घोषणाएँ लोकतंत्र को सस्ती लोकप्रियता की ओर ढकेल देती हैं। इससे न केवल राष्ट्रीय चरित्र का ह्रास होता है, बल्कि सामाजिक अनुशासन भी दरकने लगता है। राजनीति में पदलोलुपता, अवसरवाद और जातिवादी समीकरणों की राजनीति लोकतांत्रिक आदर्शों को विकृत करती जा रही है। संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांत जब तुष्टीकरण की नीति से प्रभावित होते हैं, तब लोकतंत्र का स्वरूप विकृत होकर सामंतवादी प्रवृत्तियों को जन्म देता है। जातिवादी मतदान, अवतारवाद और निरंकुश सत्ता की चाह,ये सब लोकतंत्र के भीतर अधिनायकवाद के बीज बोने वाले तत्व हैं।भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद संतुलन, समरसता और विचारशीलता पर टिकी है। किंतु जब धर्म को राजनीतिक औजार बना दिया जाता है, तब न केवल आस्था का अपमान होता है बल्कि नागरिकता की समानता पर भी गहरी चोट पहुँचती है। पशु व्यापार पर एकतरफा प्रतिबंध, सांप्रदायिक नीतियों के संरक्षण या धार्मिक प्रतीकों के राजनीतिक प्रयोग ये सभी लोकतंत्र के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप पर प्रश्नचिह्न बन जाते हैं।आज के वैश्विक संदर्भ में देखा जाए तो राष्ट्रवाद और धार्मिक कट्टरता के बीच की रेखा अत्यंत सूक्ष्म हो चली है। बीसवीं सदी के जर्मनी, इटली, म्यांमार या पाकिस्तान के उदाहरण हमें बताते हैं कि जब राष्ट्रवाद सैनिक या संप्रदायिक रूप ले लेता है, तो वह फासीवाद या सैन्य तानाशाही का पूर्वरूप बन जाता है। भारत जैसे प्राचीन सांस्कृतिक राष्ट्र के लिए यह और भी चिंताजनक है, क्योंकि यहाँ लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का हिस्सा है। लोकतंत्र का मर्म जनता के विचारों की स्वतंत्रता और उनकी विवेकशीलता में निहित है। जब राजनीतिक दल शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग कर सस्ती लोकप्रियता के लिए उपहारों, योजनाओं और प्रलोभनों की बाढ़ लाते हैं, तब यह नैतिक पतन का संकेत है। इससे जनता की कर प्रणाली पर बोझ तो बढ़ता ही है, साथ ही वास्तविक जनहितकारी योजनाओं का प्रवाह भी बाधित होता है। ऐसे संक्रमणकाल में देश के प्रबुद्ध वर्ग विद्वान, चिंतक, शिक्षक, मीडिया कर्मी और सामाजिक संस्थाएँ सभी को सजग होकर आगे आना होगा। लोकतंत्र की असल शक्ति सत्ता में नहीं, बल्कि नागरिक चेतना में निहित है। यदि विचारशीलता, तर्कशीलता और संतुलन नहीं रहेगा, तो राष्ट्रवाद भी कट्टरता में परिवर्तित हो जाएगा और लोकतंत्र अपनी आत्मा खो देगा।

सेहत मंत्र

# किचन में छुपी हैं ब्लड शुगर कंट्रोल की चाबी

आज के समय में डायबिटीज बीमारी बेहद खतरनाक है। अगर आप भी डायबिटीज बीमारी से परेशान है, तो आप इन 3 देसी तरीकों से कंट्रोल कर सकते हैं। वैसे भी हमारी प्रकृति के पास हर एक बीमारी के लिए इलाज जरुर छिपा है। अब चाहे इम्यूनिटी बूस्ट करनी हो, बीमरियों से बचना हो या किसी दिक्कतों से बचना चाहते हैं, तो आपके किचन में मौजूद मसाले, हर्ब्स और कई औषधीय गुण वाली चीजें है। डायबिटीज के पेशेंट ब्लड शुगर कंट्रोल करने में सबसे ज्यादा मेहनत लगती है। अगर आप भी ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो देसी नुस्खें को जरुर ट्राई करें। इंसुलिन सीक्रेशन और सेंसिटिविटी को सुधारने और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में कई आयुर्वेदिक टिप्स मदद कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे आप इन 3 आयुर्वेदिक टिप्स से ब्लड शुगर लेवल को मैनेज कर सकते हैं। त्रिफला और गिलोय से बननी वाली डिटॉक्स ड्रिंक से ब्लड शुगर लेवल कम किया जा सकता है। इन दोनों का सेवन करने से पाचन और इम्यूनिटी दुरुस्त बनीं रहती है। इसके लिए आप आधा-आधा टीस्पून इन दोनों ही चीजों को आपको रातभर एक गिलास पानी में भिगोना है और इसे सुबह खाली पेट पीना है। इतना ही नहीं, इसे आपके लिवर और पैनक्रियाज डिटॉक्स होती है, टॉक्सिन्स कम होते हैं और डाइजेशन में सुधार होता है। डायबिटीज मैनेज करने के लिए यह ड्रिंक सबसे बेस्ट है। डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए आप हल्दी और आंवला पाउडर को समान मात्रा में लेना है। इसके लिए आपको क्या करना है कि 1 टीपस्पून पाउडर को 1 गिलास गुनगुने पानी में खाने से पहले लेना है। इसको पीने से इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है, इंफ्लेमेशन कम होती है और लिवर फंक्शन बेहतर सही होता है। शरीर को डिटॉक्स करता है और डाइजेशन को बेहतर करता है। ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने के लिए आपको गुड़मार, तुलसी की कुछ पत्तियां और एक छोटा टुकड़ा दालचीनी लेना है। इन सब चीजों को 2 गिलास पानी में डालकर आधा रह जाने तब उबालना है। ध्यान रखें कि, यह आपको गुनगुना पीना है। इस ड्रिंक से इंसुलिन फंक्शन को सुधारती है। यह शुगर क्रेविंग्स को कम करती है और ब्लड शुगर लेवल को संतुलन करती हैं। बता दें कि, गुड़मार ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म को बेहतर करता है, तुलसी और दालचीनी पैनक्रियाज फंक्शन को सुधार करती है।

धर्म मंत्र

# कामदेव ने साधा नारद की समाधि पर निशाना

संसार की स्थिति अत्यंत विचित्र है। माया में उलझा हुआ जीव नीचे के पदों पर तो संतोष नहीं करता, परंतु ऊपर पहुँचकर भी उसे शांति प्राप्त नहीं होती। उसकी प्रत्येक इच्छा में स्वर्ग तुल्य सुख की आकांक्षा होती है। किंतु विचारणीय तथ्य यह है कि क्या वास्तव में स्वर्ग का सुख भी आत्मतृप्ति दे सकता है? विगत प्रसंग से तो ऐसा प्रतीत नहीं होता। क्योंकि जब स्वयं स्वर्ग के अधिपति देवराज इन्द्र ही अशांत हैं, तो अन्य जनों की स्थिति का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। जब देवराज इन्द्र ने देखा कि नारद मुनि दीर्घकाल से समाधि में लीन हैं, तो उनके मन में संशय का बीज अंकुरित हुआ– कहीं नारद मुनि मेरे इन्द्रासन पर तो दृष्टि नहीं रखे हुए हैं? यह विचार आते ही उनका विवेक क्षीण हो गया। पद के अहंकार ने बुद्धि पर पर्दा डाल दिया। परिणामस्वरूप वे संशय के वशीभूत होकर कामदेव को बुलाते हैं और कहते हैं– मुनि गति देखि सुरेस डेराना। कामहि बोलि कीन्ह सनमाना।। सहित सहाय जाहु मम हेतू। चलेउ हरषि हियँ जलचरकेतू।।'' देवराज इन्द्र ने कामदेव का यथोचित सम्मान किया, और उसे आदेश दिया- हे कामदेव! आपकी शक्ति अपरंपार है। आप अनेक बार देवताओं के कार्य सिद्ध कर चुके हैं। आज आप नारद मुनि की समाधि भंग कर हमें इस शंका से मुक्ति दिलाइए। कामदेव के लिए यह सम्मान अप्रत्याशित था। संसार में ''राम'' के उपासक तो दुर्लभ हैं, किंतु ''काम'' के उपासक हर ओर विद्यमान हैं।

पर्यटन



# जंगल सफारी का नया ठिकाना: राजस्थान के जवाई में देखें तेंदुए और मगरमच्छ, अनुभव होगा अद्‌भुत

जंगल सफारी करने का एक अलग ही आनंद होता है। अगर आपको भी जंगली जानवर देखने का शौक हैं, लेकिन जब नेशनल पार्क में जाते हैं तो सिर्फ हिरन और बंदर को देखकर आ जाते हैं। हालांकि, शेर, चीता और बाघ न मिले तो मजा नहीं आता है। हर किसी का बजट साउथ अफ्रीका और केन्या जाने का तो होता नहीं। जहां पर मसाई मारा जैसे नेशनल पार्क में जा पाएं और जंगली जानवर देख पाएं। लेकिन आपको ज्यादा दूर जाने की जरुरत नहीं है। आप राजस्थान के जवाई नेशनल पार्क में, जहां पर तेंदुआ, मगरमच्छ जैसे जंगली जीव खुले घूमते दिख जाएंगे और आपको यहां पर सैर करके काफी सुंदर नजारे दिखेंगे। जवाई नेशनल पार्क राजस्थान के पाली जिले में मौजूद है। यह एक तेंदुआ सरंक्षण रिजर्व सेंटर है। इस पार्क में आपको तेंदुआ की काफी आबादी देखने को मिल जाएगी। यहां पर जवाई बांध भी है। बता दें कि, 60 किलोमीटर एरिया में फैले इस नेशनल पार्क में 16 गांव बसे हैं। जहां पर तेंदुआ और ग्रामीण लोग साथ में रहते है। तेंदुआ और दूसरे जंगली जानवरों को देखने आप यहां जरुर जाएं। ट्रिप आपकी रोमांच से भर जाएगी। यहां पर तेंदुआ की अलग-अलग प्रजाति के अलावा जंगली बिल्ली, भेड़िया, सियार और धारीदार लकड़बग्घे भी रहते हैं। आपको 100 से ज्यादा वैराइटी के प्रवासी और लोकल पक्षी भी देखने को मिल जाएंगे। ग्रेनाइट की पहाड़ियों के लिए सुंदर नजारों के बीच वाइल्ड लाइफ का करीब से दीदार होगा।

कैसे पहुंचे: जवाई जाने के लिए बाय रोड भी जा सकते हैं। उदयपुर या जयपुर एयरपोर्ट से यहां प्राइवेट साधन के जरिए जा सकते हैं। नजदीकी एयरपोर्ट उदयपुर है जो करीब 150 किमी दूर है। इसके अलावा, सिर्फ 4 किमी की दूरी पर मोरी बेरा रेलवे स्टेन है। जो जयपुर, दिल्ली, मुंबई से जुड़ा हुआ है। सर्दियों के मौसम में यहां पर जाना अच्छा माना जाता है।

# महादेवा कॉरिडोर ! बाबा के बुलडोजर ने रौंदा विघ्नकर्ताओं के अरमां

## दूसरे दिन भी जारी ध्वस्तीकरण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। एक सुप्रसिद्ध कहावत है कि भगवान की लाठी में आवाज नहीं होती ! रामनगर के तीर्लोधेश्वर महादेवा मे शनिवार को प्रातः यह कहावत प्रत्यक्ष हुई। स्थानीय ग्रामीण जब सुबह घर बाहर निकले तो देखा कि आधा दर्जन बुलडोजर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण कारियों के अरमान रौंदे जा रहे हैं,और कई थानों की फोर्स व तहसील के आला अधिकारी सामने खड़े हैं।लोगों को यह समझते देर नहीं लगी कि अवैध अतिक्रमण कारियों की अब खैर नहीं।समाजसेवी महंत बी.पी दास बाबा जी की उस याचिका पर यह कार्रवाई हुई जो उन्होंने महादेव के भक्तों के कहने पर की थी। शनिवार से प्रारंभ कार्रवाई रविवार को देर शाम तक चलती रही और आखिरकार सभी अतिक्रमण को धराशाई कर सरकारी व तालाब भूमि को मुक्त कराया गया।जिसकी लड़ाई महंत बी.पी दास बाबा जी ने छेड़ा था। जब उन्होंने अपनी इस न्याय की लड़ाई की शुरुआत की तब उस जमीन पर नाम मात्र का ही अतिक्रमण था लेकिन धीरे-धीरे अतिक्रमणकारियों ने कई सफ़ेद पोश व अधिकारियों से साठ गांठ कर वहां करोडो की काम्प्लेक्स खड़ी कर दी। हालांकि महंत जी की यह धर्म युद्ध पहला नहीं था। बकलमखुद व्यक्तिगत रूप से भूमाफियाओं के विरुद्ध उनके संघर्ष को जानता है। जनपद के नियामतपुर गोढवा गुवारी स्थित 400 से अधिक एकड़ बंजर, नदी व

जंगल खाता दर्ज वन भूमि जब तत्कालीन सरकार द्वारा एक वक्फ के नाम दर्ज की गयी थी तब भी महंत जी ही सामने आए थे परिणामतः वह जंगल आज फिर सरकार का वन क्षेत्र है। गत वर्ष सीलिंग खाता दर्ज अरबों की भूमि पर अवैध अतिक्रमण का भी मुद्दा उन्होंने ही उठाया फल स्वरुप तीन थानों में एफआईआर दर्ज हुई, हैरत की राजस्व कार्मिकों ने शिकायत कर्ता के रूप में एफआईआर में उनको भी सुर्खियों में रखा। जैसे कि महादेवा के शिवार्चन तालाब पर अतिक्रमण मामले में उन्हें शिकायतकर्ता दर्शाकर पार्टी बनाया गया। हाहाहूती राजस्व विभाग से कोई पूछे कि जब हर गांव में लेखपाल तैनात है तो आखिर उनका कर्मी उस समय धृतराष्ट्र की भूमिका में क्यों रहता है जब वेश कीमती जमीनों पर भूमाफिया अवैध कब्जा करते हैं।

बताते चले कि गत शनिवार को जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा न्यायालय के आदेश अनुपालन क्रम में गठित टीम ने भारी पुलिस एवं पीएसी बल और राजस्व विभाग की मौजूदगी में उपजिला अधिकारी रामनगर गुंजिता अग्रवाल द्वारा प्रारंभ की कार्यवाही आज रविवार को बदस्तूर है।

महादेवा कॉरिडोर के निर्माण के लिए मंदिर मार्ग को 16 मीटर चौड़ा किया जाना है। महादेवा कॉरिडोर मार्ग का प्रशस्त हुआ। गत मार्च 2025 में एसडीएम कोर्ट ने इन अतिक्रमणों को हटाने का आदेश दिया था, लेकिन संबंधित लोगों ने जिला कोर्ट में गलत साक्ष्अय से अनुतोष प्राप्त कर लिया था। शुक्रवार को अपर जिला न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने शिकायतकर्ता के अधिवक्ता राज नारायण शुक्ला व राजेश मिश्रा तथा अजय शुक्ला के प्रभावी ठोस दलील को ठोस मानते हुए विपक्षी नंबर दो की अपील रिजेक्ट करते हुए उप जिला अधिकारी न्यायालय के आदेश को प्रभावी करार दिया। उनकी याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद डीएम के आदेश पर ध्वस्तीकरण कार्य शुरू हुआ। पंकज चतुर्वेदी की रिपोर्ट मुताबिक रविवार दोपहर तक जमींदोज हुई दुकानों का मलबा हटाया जा रहा है। सम्पूर्ण पृष्ठभूमि के रचनाकार एवं शिकायतकर्ता महंत बी.पी दास जिन्होंने अवैध निर्माण के विरोध में धरना प्रदर्शन तक किया था। तत्पश्चात उच्च न्यायालय से गुहार की , उनसे जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह सत्य की जीत है विद्वान न्यायाधीश के आदेश से धर्म एवं कानून का रक्षण हुआ है। आपहि करय करावे सोई..विधाता प्रभु का स्वभाव है अपना महत्वपूर्ण कार्य हमेशा विश्वासपात्र और निष्ठावान लोगों के माध्यम से ही पूरा करते हैं।प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अमित अवस्थी ने रिवीजन खारिज होने को धर्म की जीत होना बताया।महादेवा कॉरिडोर के निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

# नूरपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी ग्राम पंचायत नूरापुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कथा का समापन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत बाल लीलाओं का अमृतपान कर भाव-विभोर हो उठे। वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक राम मोहन शुक्ला जी महाराज ने अपने मधुर वचनों से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा वर्णन किया कि पूरा पंडाल ''हरे कृष्ण हरे राम'' के जयकारों से गूंज उठा।

महाराज जी ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने बाल रूप में माखन चोरी कर ग्वाल-बालों के साथ नटखटपन दिखाया, तो उसमें भी दिव्यता छिपी थी। उन्होंने कहा कि माखन चोरी कोई साधारण लीला नहीं थी, बल्कि यह दर्शाती है कि भगवान भक्तों के हृदय रूपी माखन को चुराकर उसमें बस जाते हैं। इसके बाद उन्होंने पूतना वध की कथा सुनाई। पूतना राक्षसी जब बालकृष्ण को विषपान कराने आई, तो भगवान ने खेल-खेल में ही उसका उद्धार कर दिया। यह लीला इस बात का प्रतीक है कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा हर रूप में करते हैं। महाराज जी ने आगे बताया कि एक बार जब माता यशोदा ने नन्हे कान्हा को डांटकर उनके मुख में झाँका, तो उन्हें वहाँ तीनों वंश लोकों के दर्शन हुए। इस प्रसंग ने यह स्पष्ट किया कि नंदलाल कोई साधारण बालक नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि के अधिपति हैं। इसके साथ ही उन्होंने कालिया नाग मर्दन की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार श्रीकृष्ण ने यमुना नदी में जाकर कालिया नाग के फनों पर नृत्य किया और उसका अभिमान चूर कर दिया। यह लीला सिखाती है कि जब अधर्म बढ़ता है, तब भगवान स्वयं धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु जय श्रीकृष्णा के जयघोष लगाते रहे और वातावरण भक्ति और प्रेम के रंग में रंग गया। आयोजकों ने बताया कि कथा का समापन आगामी दो नवंबर को हवन एवं भंडारे के साथ किया जाएगा।

## सीडीओ सुदन का हस्तक्षेप तत्काल मिला मृत्यु प्रमाण पत्र, दो दशक से भटक रहा था परिजन

**बाराबंकी।** शनिवार को तहसील दिवस मे मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में देरी का एक प्रकरण मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के समक्ष आया। इस पर दस माह से अटका मृत्यु प्रमाणपत्र खण्ड विकास अधिकारी मसौली संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सीडीओ के आदेश के तीन घंटे मे जारी कराया। विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत उधौली के मजरे सेमरहा निवासी रामविलास यादव पुत्र स्व. माता प्रसाद ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन से अपनी माता के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की थी।उनकी माता कौशिल्या देवी का देहांत 10 सितंबर 2002 को हो गया था,बताया कि 9 अक्टूबर को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की लेकिन माता का प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बनाकर नही दिया गया।प्रमाण पत्र पाते ही खुश होकर सीडीओ अन्ना सुदन उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को धन्यवाद दिया।

## विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत, मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के दुल्हदेपुर गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका 25 वर्षीय शैल कुमारी पत्नी हरीश निवासी थाना टिकैतनगर का मायका रामनगर थाना क्षेत्र के कुम्हरवा गांव में है। कोतवाल जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।कोतवाल ने यह भी बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर सभी पहलुओं को खंगाल रही है।

## धन्नाग तीर्थ महोत्सव पांच नवंबर से

**फतेहपुर बाराबंकी।** धन्नाग तीर्थ महोत्सव 2025 शुभारंभ कार्तिकी पूर्णिमा 5 नवंबर 2025 से होगा धन्ना तीर्थ महोत्सव के संयोजक राम लखन शुक्ला एडवोकेट ने बताया की कार्तिक की पूर्णिमा वाले दिन धन्ना तीर्थ परिक्रमा एवं श्री सत्यनारायण व्रत कथा से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा धन्ना गतीर्थ महोत्सव द्वारा आयोजित किए जाने वाला समरसता शिविर आठ तथा नौ नवंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा 8 नवंबर को गायत्री परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम संगोष्ठी एवं धना विकास पर चर्चा की जाएगी तथा 9 नवंबर 2025 दिन रविवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का कार्यक्रम दिन के 12:00 से किया जाएगा कवि सम्मेलन के पूर्व की भांति संयोजक दो अमरीश अंबर के अनुसार धन्ना ग तीर्थ पर मां सरस्वती के पूजन के साथ कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें सामाजिक राष्ट्रीयता से भरपूर काव्य पाठ होगा धन्ना तीर्थ पर आयोजित चितरंजन यादव तैयारी बैठक में भानु प्रताप सिंह भानु चितरंजन यादव राजेश गौतम सुधीर कुमार यादव बल्लू राम सिंह मौर्य सहित सहित तमाम लोग उपस्थित रहे तथा कवि सम्मेलन को सफल बनाने की आवाहन किया।

# खेल मैदान बदहाल, अतिक्रमित भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। जिले के जैदपुर नगर पंचायत में निकट स्थित एकमात्र खेल मैदान मौजूद है। ''फील्ड''। जिसमें तमाम खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के तमाम बच्चे छात्रों व वरिष्ठ नागरिक सुबह शाम खेलते व चहल कदमी करते देखे जा सकते हैं।

खेल मैदान की अव्यवस्थाओं के कारण खिलाड़ियों को भविष्य को लेकर काफी चिंता सता रही है। ऐसे में आर्मी इलेवन जैदपुर की टीम के खिलाड़ी रोहित श्रीवास्तव ने प्रशासन से व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है। वरिष्ठ खिलाड़ी शादाब मैक्सवेल के अनुसार मैदान के दोनों तरफ सुलभ शौचालय होने के बावजूद कुछ लोग मैदान पर ही शौच करते है युवा खिलाड़ी मोहित श्रीवास्तव, बबलू आरामशीन, शादाब, शीबू खान निजामु, आकिब, नासिर सहित दर्जनों खिलाड़ियों ने विरोध जताया है।

# पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण विवाह उत्सव की हुई कथा

## भक्तों ने धूमधाम से मनाया विवाहोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण विवाहोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा आचार्य सत्यम जी महाराज मथुरा-वृंदावन ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी जी के दिव्य विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। जब वे छोटी थीं, तभी उन्होंने महर्षि नारद से भगवान श्रीकृष्ण के अद्भुत चरित्रों और लीलाओं के विषय में सुना था। उसी क्षण से उनके हृदय में श्रीकृष्ण के प्रति अटल प्रेम और भक्ति जाग उठी थी ।उस दिन से लेकर विवाह तक रुक्मिणी जी ने कृष्ण को ही अपने जीवन का परम लक्ष्य मान लिया। उन्होंने ठान लिया कि वे केवल श्रीकृष्ण से ही विवाह करेंगीऔर किसी अन्य से नहीं। कथा व्यास ने आगे कहा कि जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से करने का निश्चय किया तब भी रुक्मिणी डगमगाई नहीं ।उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर उन्हें विदर्भ आकर हरण करने का अनुरोध किया।उनका प्रेम भक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है जिसमें प्रेम, समर्पण और निष्ठा तीनों समाहित हैं। विवाह में बारातियों के रूप में सजे-धजे भक्तों ने नाचते-गाते हुए भक्ति उल्लास का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। आचार्य जी ने बताया कि जब प्रेम सच्चा और भक्तिभाव से परिपूर्ण होता है, तब भगवान स्वयं अपने भक्त की रक्षा हेतु उपस्थित होते हैं और उसका वरण करते हैं।इस अवसर पर यजमान आशीष कुमार,निशा,मीनाक्षी देवी,गिरजा शंकर,इंद्र मणि, बाबा विशंभर दास, दीपा पटेल रवी वर्मा,पंडित राकेश ,शशि कांत आदि मौजूद रहे।

# भूमि पूजन संग 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आरम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शहर के जेब्रा पार्क में आयोजित होने वाले शक्ति संवर्धन 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी भूमि पूजन के साथ आरंभ हुई।यह आयोजन आगामी 26 से 29 नवम्बर तक चलेगा।

शांतिकुंज हरिद्वार के प्रवक्ता श्याम बिहारी दुबे के नेतृत्व में रविवार को 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ।भूमि पूजन की पूजा अपर न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ला एमएलसी अंगद सिंह और एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से की गई।इस धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंह व ईओ संजय शुक्ला सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बलदेव का हड़ाहा इस्टेट में हुआ भव्य स्वागत



सिरौली गौसपुर बाराबंकी। राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, अयोध्या मंडल के सेवानिवृत्त लेखाकार बलदेव प्रसाद यादव को उनके पैतृक गांव भवानीगंज हड़ाहा में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह के पुत्र राजा रितेश कुमार सिंह 'रिंकू भैया' ने उन्हें फूल-माला पहनाया और अंग वस्त्र भेंट किया। राजा सिंह ने कहा कि बलदेव प्रसाद जी का परिवार उनका अपना परिवार है। इस अवसर पर गुरु प्रसाद, ओमप्रकाश यादव, शिवकुमार यादव और नारायण सिंह ने मालती यादव को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सुशील कुमार यादव ने राजा रितेश कुमार सिंह 'रिंकू भैया' को माला पहनाकर अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया।

# चक्रवात 'मोंथा' का प्रभाव समाप्त, प्रदेश में शुष्क मौसम, सुबह धुंध और कोहरे की संभावना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बंगाल की खाड़ी में बने गंभीर चक्रवाती तूफान ल्मोंथाङ्क का प्रभाव अब समाप्त हो गया है। इसके प्रभाव से बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश में मौसम में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। राज्य के कई हिस्सों जैसे आगरा, इटावा, बाराबंकी, झाँसी और फुर्सतगंज (अमेठी) में अक्टूबर महीने में अधिकतम तापमान न्यूनतम स्तर तक दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह के अनुसार, अब चक्रवात का असर समाप्त होने के साथ ही प्रदेश का मौसम धीरे-धीरे साफ़ हो रहा है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों में अधिकतम तापमान में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की गई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। ऐसे में आगामी एक सप्ताह तक मुख्यतः शुष्क मौसम बना रहेगा। हालांकि, 4 से 5 नवम्बर के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र पर सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी भागों में आंशिक बादलों की आवाजाही संभव है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि इस अवधि में न्यूनतम तापमान में पहले 48 घंटों में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट, उसके बाद अगले 48 घंटों में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि, और फिर क्रमिक रूप से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की पुनः गिरावट दर्ज की जा सकती है।

इसके साथ ही, 3 और 4 नवम्बर की सुबह राज्य के पूर्वांचल एवं उत्तरी तराई क्षेत्रों में कहीं-कहीं कम से मध्यम कोहरा और हल्की धुंध पड़ने की संभावना है। यह कोहरा प्रातःकाल के समय सीमित रहेगा और सूर्योदय के बाद दिन चढ़ने के साथ समाप्त हो जाएगा।

## बीएचयू के पुरातन छात्रों के सहयोग से आभा अतिथि गृह का कुलपति ने किया उद्घाटन

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में पुरातन छात्रों के योगदान से निर्मित पहले अतिथि गृह का उद्घाटन कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने रविवार को किया। कृषि विज्ञान संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों की संस्था 'आभा' से जुड़े लगभग 4,000 पुरातन विद्यार्थियों के आर्थिक सहयोग से यह अतिथि गृह निर्मित हुआ है। यह अतिथि गृह लगभग 1,000 वर्ग मीटर में फैला है। 17 कमरों और भोजन कक्ष के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अतिथि गृह भवन निर्मित हुआ है।

# एसजीपीजीआई कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में एसजीपीजीआई ऑल एम्प्लॉइज वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने निदेशक को ज्ञापन सौंपा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महासचिव सीमा शुक्ला द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि देश के अन्य कई शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों में शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु पहले से ही 65 वर्ष तक निर्धारित है। ऐसे में एसजीपीजीआई जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थान में भी यही व्यवस्था लागू होनी चाहिए।

ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय चिकित्सा में सेवारत कर्मियों की सेवा निवृत्ति की आयु विभिन्न स्तरों पर 65 वर्ष तय की गई है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए सेवानिवृत्ति आयु 65 से 68 वर्ष तक है, जबकि प्राइमरी, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षकों के लिए 62 वर्ष तक की सेवा की अनुमति है। पीजीआई जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में शिक्षकों की सेवा आयु 65 वर्ष तय की गई है, परंतु गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को केवल 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त कर दिया जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकांश कर्मचारी अपने अनुभव, दक्षता और ज्ञान के चरम पर तब पहुँचते हैं जब उनकी आयु 60 वर्ष के आसपास होती है। ऐसे में उन्हें सेवा से हटाना संस्थान के लिए नुकसानदायक है। यदि उन्हें पाँच वर्ष का अतिरिक्त कार्यकाल दिया जाए तो संस्थान को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी।

एसोसिएशन ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले दो वर्षों में संस्थान से बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इससे कई विभागों में कार्यभार बढ़ गया है और प्रशासनिक व तकनीकी कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे कर्मचारियों को पुनर्नियुक्ति का अवसर मिलना चाहिए ताकि संस्थान की सेवाओं में कोई बाधा न आए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस प्रस्ताव को संस्थान की शासी निकाय की बैठक में चर्चा के लिए रखा जाए और इसे उत्तर प्रदेश शासन को अनुमोदन हेतु भेजा जाए।एसोसिएशन ने भरोसा जताया है कि यदि आयु सीमा बढ़ाई जाती है तो न केवल संस्थान को लाभ होगा बल्कि कर्मचारियों में कार्य के प्रति उत्साह और स्थायित्व भी बढ़ेगा।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटलाइजेशन ने रोज़गार की परिभाषा बदली – शेखावत

**अमरोहा।** वरिष्ठ आईटी प्रोफ़ेशनल तथा एआई स्टार्टअप मेंटर तरुण शेखावत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटलाइजेशन ने रोज़गार की परिभाषा बदल दी है। अब युवाओं को सर्टिफिकेट से ज्यादा कौशल की जरूरत है। श्री शेखावत ने कहा कि एआई साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र भारत को टैलेंट हब बना रहे हैं। युवाओं का आह्वान किया कि वे नई तकनीकों को अपनाएं और अपने विचारों को उद्यम में परिवर्तित करें। उत्तर प्रदेश के अमरोहा तिगरी मेले में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया के संयोजन में मिशन शक्ति 5.0 अतंर्गत ''स्किल डेवलपमेंट और हाई एजुकेशन से कैरियर डेवलपमेंट और उद्यमिता द्वारा महिला सशक्तिकरण'' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईटी प्रोफ़ेशनल्स एवं स्टार्टअप मेंटर ने कहा कि भारत आज़ डिजिटल टैलेंट की राजधानी बन रहा है।आज़ का युग तकनीक और नवाचार का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,ब्लाकचेन, साइबर सिक्योरिटी और एप डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

# सुंदर की आतिशी पारी ने भारत को दिलाई बराबरी

एजेंसी



होबार्ट। वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 49) की आतिशी पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ऑस्ट्रेलिया के 186 रनों के जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सुंदर ने 23 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की मैच विजयी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाये। जितेश शर्मा ने मात्र 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जितेश ने भारत के लिए मैच विजयी चौका मारा। मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 16 गेंदों में (25) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके लगाये। उन्हें नेथन एलिस ने आउट किया। छठे ओवर में एलिस ने शुभमन गिल (15) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तेजी के साथ रन बटोरे। आठवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लागते हुए 24 रन बनाये। अक्षर पटेल 12 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल का विकेट गिरने के बाद मैदान पर आये सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। तिलक वर्मा 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुये, लेकिन उसके बाद सुंदर ने जितेश के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट लिये। मार्कस स्टॉयनिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम डेविड (74) और मार्कस स्टॉयनिस (64) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन बनाये थे। टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह) और जॉश इंगलिस एक रन बनाकर आउट हुये। दोनों बल्लेबाजों को अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल मार्श (11) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वरूण ने इसी ओवर में मिचेल ओवेन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड के साथ आतिशी बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर 118 के स्कोर तक ले गये। इसी दौरान शिवम दुबे ने टिम डेविड को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। टिम डेविड ने 38 गेंदों पांच छक्के और आठ चौके लगाते हुए 74 रनों की पारी खेली। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने मार्कस स्टॉयनिस को आउटकर अपना तीसरा विकेट लिया। मार्कस स्टॉयनिस ने 39 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाये।

# केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। 35 वर्षीय विलियमसन ने यह फैसला अगले टी20 विश्व कप से मात्र चार महीने पहले लिया है, जिससे उनके शानदार 93 मैचों के करियर का अंत हो गया। विलियमसन न्यूजीलैंड की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 33 की औसत से 2575 रन बनाए, जिसमें 18 अर्धशतक और 95 रन का सर्वाधिक स्कोर शामिल है। उन्होंने 2011 में डेब्यू किया था और 75 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें न्यूजीलैंड को दो टी20 विश्व कप सेमीफाइनल (2016, 2022) और एक फाइनल (2021) में पहुंचाया। विलियमसन ने अपने बयान में कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा है। मैं इस लंबे सफर के



लिए आभारी हूं। अब यह सही समय है – मेरे लिए और टीम के लिए – ताकि अगले चरण की तैयारी स्पष्ट रूप से हो सके। टीम में बहुत प्रतिभा है और मुझे विश्वास है कि मिच सैंटनर शानदार नेतृत्व करेंगे। विलियमसन पहले ही न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल कप्तानी मिचेल सैंटनर को सौंप चुके हैं। 2024 टी20 विश्व कप में टीम के शुरुआती बाहर होने के बाद उन्होंने सीमित ओवरों में अपनी भूमिका को सीमित कर लिया था ताकि वे परिवार और फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट के बीच संतुलन बना सकें। हाल ही में वे चोटों और चयनात्मक शेड्यूल के कारण ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर रहे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई वनडे सीरीज में उन्होंने वापसी की। उन्होंने संकेत दिया कि वह भविष्य में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में अपनी भूमिका को लेकर खुले दिमाग से निर्णय लेंगे। विलियमसन अब नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से 26 नवंबर से ऑकलैंड के खिलाफ प्लंकेट शील्ड मैच में उतर सकते हैं। उनका अगला बड़ा लक्ष्य वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने विलियमसन की तारीफ करते हुए कहा, टी20 प्रारूप में केन का योगदान और नेतृत्व अद्भुत रहा है। उनकी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों ने टीम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। टी20 विश्व कप फाइनल में उनकी 85 रनों की पारी न्यूजीलैंड क्रिकेट इतिहास की खास पारियों में से एक थी। वीनिंक ने आगे कहा कि बोर्ड पूरी तरह विलियमसन के फैसले का सम्मान करता है, वह हमारे सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं। जब भी वे बाकी प्रारूपों से संन्यास लेंगे, वे न्यूजीलैंड क्रिकेट के दिग्गजों में शुमार रहेंगे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, कई खिलाड़ी बाहर

एजेंसी




नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने बुधवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए रविवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम से फिन एलन (पैर की चोट), लॉकी फर्ग्यूसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), ग्लेन फिलिप्स (ग्रोइन) और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) चोट के कारण बाहर हैं, जबकि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को टीम में शामिल किया गया है। दिग्गज खिलाड़ी केन विलियमसन इस सीरीज में नहीं खेलेंगे, क्योंकि उन्होंने रविवार सुबह ही सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। अनकैप्ड तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मैट हेनरी को कैरेबियाई टीम के साथ वनडे और टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए टीम से बाहर रखा गया है। न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज को लेकर उत्सुक हैं जो अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम की अंतिम श्रृंखला होगी। वॉल्टर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से जारी बयान में कहा, ''वेस्टइंडीज जैसी खतरनाक टीम से भिड़ने के पांच मौके मिलना बहुत अच्छी बात है।'' उन्होंने कहा, ''टी20 वर्ल्ड कप करीब आ रहा है और जाहिर है यह लोगों की सोच का हिस्सा होगा, लेकिन हमें यह पक्का करना होगा कि हमारा फोकस घर पर होने वाली सीरीज पर हो और हम अपने घरेलू फैंस के सामने अच्छा खेलें। ब्लैककैप्स के कोच रॉब वाल्टर ने काइल जैमीसन, नाथन स्मिथ और सोढ़ी की वापसी का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''काइल इस हफ़्ते फिर से बॉलिंग करने लगे हैं और इस सीरीज के लिए उनकी तैयारी अच्छी चल रही है। नाथन ने टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में अपने इंटरनेशनल करियर की शानदार शुरुआत की है और अगर उन्हें इस सीरीज में टी20 में मौका मिलता है तो हम उन्हें पूरा सपोर्ट करेंगे। सोढ़ी हमारे सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं।

# पहले अनौपचारिक टेस्ट में इंडिया-ए ने साउथ अफ्रीका-ए को 3 विकेट से हराया

एजेंसी



बेंगलुरू। कप्तान ऋषभ पंत की 90 रनों की दमदार पारी और ऑलराउंडर तनुष कोटियान व अंशुल कंबोज के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंडिया-ए ने बेंगलुरु में खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट में रविवार को साउथ अफ्रीका-ए को 3 विकेट से मात दी। मैच में इंडिया-ए के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर साउथ अफ्रीकी टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। साउथ अफ्रिका ने अपनी पहली पारी में 309 रन बनाए। इसके जवाब में इंडिया-ए की पहली पारी 234 रन पर सिमट गई। फिर अफ्रीका-ए टीम दूसरी पारी में 199 रन पर ही ढेर हो गई। इससे इंडिया-ए को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य मिला। इंडिया-ए ने 7 विकेट खोकर 277 रन बनाते हुए शानदार जीत दर्ज की। रविवार को ऋषभ पंत के आउट होने के बाद एक समय इंडिया-ए पर हार का खतरा मंडराने लगा था, लेकिन अंशुल कंबोज और मानव सुथार ने 50 से ज्यादा रनों की नाबाद साझेदारी करके टीम को शानदार जीत दिला दी। अंशुल कंबोज ने 46 गेंदों में नाबाद 37 रनों की पारी खेली। मानव सुथार ने 56 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाए। कप्तान पंत ने 113 गेंदों में 11 चौके और 4 छक्कों की मदद से 90 रन बनाए। इनके अलावा आयुष बढोनी ने 34 रन, रजत पाटिदार 28 और तनुष कोटियान ने 23 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की ओर से टियान वैन बुरेन ने 3 विकेट, त्सेपो मोरेकी ने 2 विकेट और ओकुहले सेले, लुथो सिपामला ने एक-एक विकेट लिया। साउथ अफ्रीका-ए की पहली पारी साउथ अफ्रीका-ए टीम ने अपनी पहली पारी में 309 रन बनाए थे। टीम के लिए जॉर्डन हरमन ने 71 रन, जुबैर हमज़ा ने 66 रन और रुबिन हरमन ने 54 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। टियान वैन बुरेन ने 46 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से तनुष कोटियान ने 4, गुरुनूर बरार और मानव सुतार ने दो-दो, खलील अहमद और अंशुल कंबोज ने एक-एक विकेट चटकाया। इंडिया-ए की पहली पारी 234 रन पर सिमटीइंडिया-ए ने पहली पारी में 234 रन बनाए थे। टीम के लिए पहली पारी में आयुष म्हात्रे ने 65 रन, साई सुदर्शन 32 रन, आयुष बडोनी 38 रन और रजत पाटिदार ने 19 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से प्रेनेलन सुब्रायेन ने सबसे ज्यादा पांच विकेट चटकाए। इस तरह पहली पारी के आधार पर साउथ अफ्रीका को 75 रन की बढ़त मिली। साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी में 199 रन पर हुई ढेरसाउथ अफ्रीका की दूसरी पारी को भारतीय गेंदबाजों ने सिर्फ 199 रन पर समेट दिया था। लेसेगो सेनोक्वाने 37 रन और जुबैर हमजा 37 रन के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज 30 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया।

# कोल इंडिया प्रमुख का प्रासंगिक बने रहने के लिए कंपनी के व्यवसाय में आमूलचूल बदलाव का आह्वान

एजेंसी

कोलकाता। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के नवनियुक्त चेयरमैन सनोज कुमार झा ने सरकारी कंपनी के व्यवसाय मॉडल और प्रणालियों में आमूलचूल बदलाव का आह्वान किया है। उन्होंने उत्पादन के नये तरीकों पर भी जोर दिया और कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव के बीच प्रासंगिक बने रहने के लिए संगठन को खुद को तेजी से बदलना होगा। झा ने शनिवार को कोलकाता में सीआईएल की 50वीं वर्षगांठ समारोह में कर्मचारियों और हितधारकों से कहा, ''दुनिया अब वैसी नहीं रही, जब कोयला ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत था। नवीकरणीय ऊर्जा और कई अन्य प्रतिस्पर्धी उभर आए हैं। झा कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भी हैं, और शनिवार को कोल इंडिया में उनका पहला दिन था। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और इसे संचालन के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने आगे कहा, ''हमें अपनी पूरी व्यवस्था, अपने सभी मौजूदा व्यावसायिक मॉडल और उत्पादन पद्धति को बदलना होगा। मंत्री महोदय हमें लगातार याद दिलाते रहते हैं कि कोल इंडिया और सभी सार्वजनिक उपक्रमों को इस मानसिकता से बाहर आना होगा कि वे इसी तरह काम करते रह सकते हैं। चेयरमैन ने कहा कि सीआईएल ने पिछले पांच से 10 साल में विविधीकरण की दिशा में कदम उठाए हैं, फिर भी अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा, ''पूरी टीम मंत्री और प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए तैयार है और हम देश में हो रही नई चीजो से जुड़ी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। सीआईएल में बदलाव की रूपरेखा पेश करते हुए झा ने तीन प्रमुख रणनीतिक स्तंभों का जिक्र किया, जो मुख्य खनन से परे विविधीकरण, भूमिगत खनन का विस्तार, और लॉजिस्टिक्स एवं प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण है।

# देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत गिरी, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। हालांकि, चांदी के भाव में आज 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है। आज के कारोबार में सोना 260 रुपये से लेकर 290 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने की कीमत में आई इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,23,000 रुपये से लेकर 1,23,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,12,750 रुपये से लेकर 1,12,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,52,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान लगातार कमजोरी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 2,620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 2,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज के उछाल के बावजूद साप्ताहिक आधार पर 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,23,150 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,23,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,23,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,23,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,23,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# एचसीसीबीएल को 2025-26 में वृद्धि की उम्मीद जुबिलेंट के चार नामित सदस्य बोर्ड में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में पेय पदार्थ बनाने वाली प्रमुख कंपनी और कोका-कोला की बॉटलिंग इकाई हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (एचसीसीबीएल) को वित्त वर्ष 2025-26 अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऐसा इस बात के बावजूद है कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में प्रतिकूल मौसम से लेकर बाहरी व्यापक आर्थिक दबाव जैसे व्यवधानों का सामना करना पड़ा। एचसीसीबीएल को तेजी से शहरीकरण और बढ़ती खर्च करने योग्य आय जैसी अनुकूल व्यापक परिस्थितियों बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) हर्ष भूटानी ने कहा कि आशाजनक नजरिये के साथ एचसीसीबीएल क्षमता, पोर्टफोलियो और वितरण के विस्तार सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगी। इसके अलावा एचसीसीबीएल के बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है, क्योंकि मूल इकाई 'द कोका-कोला कंपनी' ने जुबिलेंट भारतीय समूह को 40 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। उद्योग के एक अंदरुनी सूत्र के अनुसार दवा, खाद्य सेवाओं, कृषि व्यवसाय, ऊर्जा और अन्य सेवाओं से जुड़े जुबिलेंट भारतीय समूह के चार लोग एचसीसीबीएल के बोर्ड में शामिल हो गए हैं। इस बारे में पूछने भूटानी ने बताया कि इस सौदे के बाद एचसीसीबीएल बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने कहा, ''जुबिलेंट भारतीय समूह को 40 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के बाद एचसीसीबी अब कोका-कोला कंपनी और जुबिलेंट भारतीय समूह के संयुक्त स्वामित्व में है। यह लेनदेन जुलाई में पूरा हुआ था, जिसके बाद निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया गया है।

# कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों, वैश्विक रुख से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

शेयर समीक्षा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहने की उम्मीद है, जिसमें कई महत्वपूर्ण आंकड़े जारी होंगे और प्रमुख कंपनियां अपने तिमाही नतीजे भी जारी करेंगी। गुरु नानक जयंती 'गुरुपर्व' की छुट्टी के कारण बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के अंतिम आंकड़ों के साथ-साथ एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के आंकड़ों पर भी सबकी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''आय के मोर्चे पर, कई प्रमुख सूचकांक कंपनियां अपने तिमाही परिणामों की घोषणा करने वाली हैं। इनमें भारती एयरटेल, टाइटन कंपनी, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, ल्यूपिन, बजाज ऑटो और हिंडाल्को शामिल हैं।' उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर, व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रमों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों के रुझानों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। एक विशेषज्ञ ने बताया कि निवेशक विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। तीन महीने की निकासी के बाद अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने शेयरों में 14,610 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार व्यस्त वृहद कैलेंडर से संकेत लेगा, जिसमें भारत और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एसएंडपी वैश्विक विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों की एक श्रृंखला वैश्विक वृद्धि गति के बारे में नई जानकारी प्रदान करेगी। इन आंकड़ों के अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की चाल निवेशकों की धारणा और क्षेत्रीय रुझानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 273.17 अंक या 0.32 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 73.05 अंक या 0.28 प्रतिशत गिरा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजारों ने अक्टूबर के आखिरी सप्ताह का समापन मुनाफावसूली के साथ किया क्योंकि निवेशकों ने निरंतर तेजी के बाद कुछ दांव लगाए।'' उन्होंने कहा कि आगे देखते हुए, बाजार अमेरिका के साथ विभिन्न देशों की व्यापार वार्ता और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर बारीकी से नजर रखेगा, जिसने अब तक मिश्रित परिणाम दिए हैं।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार का बाजार पूंजीकरण 95,447 करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 95,447.38 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 91,685.94 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 47,431.32 करोड़ रुपये बढ़कर 20,11,602.06 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक ने सप्ताह के दौरान 30,091.82 करोड़ रुपये जोड़े और इसका मूल्यांकन 8,64,908.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत14,540.37 करोड़ रुपये बढ़कर 11,71,554.56 करोड़ रुपये पर और एलआईसी का मूल्यांकन 3,383.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,65,897.54 करोड़ रहा। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 29,090.12 करोड़ रुपये घटकर 6,48,756.24 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 21,618.9 करोड़ रुपये घटकर 9,61,127.86 करोड़ रुपये पर आ गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,822.38 करोड़ रुपये घटकर 6,15,890 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 11,924.17 करोड़ रुपये घटकर 5,79,561.93 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,547.96 करोड़ रुपये घटकर 15,18,679.14 करोड़ रुपये और टीसीएस का मूल्यांकन 1,682.41 करोड़ रुपये घटकर 11,06,338.80 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# डोनाल्ड ट्रंप से डरते हैं मोदी, अडाणी और अंबानी के हाथ में हैं उनका कंट्रोल : राहुल

एजेंसी

बेगूसराय। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र सिर्फ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड से नहीं डरते हैं, बल्कि वह उद्योगपति अडाणी और अंबानी के चंगुल में भी हैं।

श्री गांधी ने आज यहां चुनावी सभा में प्रधानमंत्री श्री मोदी पर हमला करते हुये कहा कि 56 इंच की छाती वाले श्री मोदी डरपोक है। उन्होंने कहा कि गांधी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। श्री मोदी से ज्यादा दम इंदिरा गांधी में था। श्री मोदी ट्रम्प से डरते हैं। अमेरिकी के राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार बोला है कि उन्होंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है। ट्रंप ने अलग-अलग देशों में जाकर श्री मोदी का अपमान किया है। ट्रंप कहते हैं कि उन्होंने मोदी को झुका दिया। इस बारे में श्री मोदी के मुंह से एक आवाज नहीं निकली। ट्रम्प हमारी सेना के बारे में बोल रहे हैं। हमारी वायुसेना के बारे में बोल रहा है। श्री मोदी चुप हैं।ट्रम्प कहते है मैंने मोदी को फोन लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर रोको और फिर ऑपरेशन रुक गया। उन्होंने कहा कि वह श्री मोदी को चुनौती देते हैं कि वह बिहार आकर कहें कि ट्रम्प झूठ बोल रहे है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि श्री मोदी सिर्फ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से नहीं डरते हैं, उनका कंट्रोल अडाणी और अंबानी के भी हाथ में हैं। चुनाव के दिन तक आप जो भी कहेंगे मोदी वो करेंगे. चुनाव के बाद न आएंगे, न कुछ करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री मोदी को आप बोलो योग के 3-4 आसन करो हम आपको जिता देंगे। वो करने लगेंगे। आप डांस करो, हम जिता देंगे वो डांस करने लगेंगे। चुनाव के बाद अडाणी, अंबानी इनसे जो मांगेंगे ये



दे देंगे। श्री गांधी ने कहा कि एक समय होता था जब नालंदा की यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में मशहूर थी। जापान, कोरिया, इंग्लैंड से लोग पढ़ाई करने आते थे। दुनिया की शिक्षा का सेंटर नालंदा था। आज बिहार की यूनिवर्सिटी के बार में दूसरे लोगों से पूछिए। कहते हैं यहां सिर्फ पेपर लीक होता है। जिनकी सेटिंग है उन्हें पेपर मिल जाता है। बिहार के बाकी युवा देखते रह जाते हैं। कंाग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार (राजग) ने लोगों को रील में उलझा रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले लोगों को डाटा दे रहे हैं। इससे आप इंस्टाग्राम चला रहे हैं। यह सारा पैसा अडाणी, अंबानी के पास जा रहा है। उन्होंने पूछा इंस्टाग्राम पर रील देखकर आपको क्या मिलता है। आपका टाइम बिगड़ता है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी झूठ बोल रहे हैं कि उन्होंने लोगों के लिये लिए यह किया वो किया। वह अडाणी के लिए सब काम कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी आप लोगों को इसलिए रील बनाने में लगाकर रखते हैं कि जिस दिन देश के लोगों ने ये बात समझ ली कि मोदी और अडाणी की पार्टनरशिप है, जमीन लूटी जा रही है और किसानों को लूटा जा रहा है तो उसी दिन इनकी दुकान बंद हो जाएगी।इंस्ट्राग्राम और फ़ेसबुक पर रील बनाने के लिए युवाओं को इसलिए कहा जाता है कि असल मुद्दों से उनका ध्यान भटकाया जाए। कांग्रेस सांसद श्री गांधी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि वह कहते हैं 20 साल में बिहार बदल गया, लेकिन क्या बिहार में बेहतर अस्पताल और स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं, मरने जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की सत्ता अब नीतीश के हाथ में नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नियंत्रण में है। उन्हांने कहा कि बिहार में यदि महागठबंधन की सरकार बनती है तो यहां लोगों सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा ल्लहम बिहार में ऐसे विश्वविद्यालय बनाएंगे जहां दुनिया भर के छात्र पढ़ने आएंगे। नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से जीवंत किया जाएगा। अब मेड इन चाइना नहीं, मेड इन बिहार चलेगा।

## ज्यादा बोलने की आदत के चलते सेल्फ गोल कर गए भारद्वाज: प्रवीण

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज पर निशाना साधा है और कहा है कि श्री भारद्वाज ज्यादा बोलने की आदत के चलते एक बार फिर सेल्फ गोल कर गये है।

श्री कपूर ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राजनीति हो या सामान्य जीवन ज्यादा बोलना हमेशा उल्टा पड़ता है। आज फिर दिल्ली के हारे हताश बयानवीर श्री भारद्वाज सेल्फ गोल कर गये है। दिल्ली का हर नागरिक हो या मीडिया कर्मी सब स्वीकार कर रहे हैं कि गत आठ माह में रेखा गुप्ता सरकार ने यमुना की सफाई को लेकर ठोस काम किया है। उन्होंने कहा कि 10 साल सत्ता में रह कर यमुना सफाई के नाम पर हजारों करोड़ रुपये की लूट करने वाले आप के नेता राजनीतिक हताशा में यह स्वीकारने को तैयार नहीं हैं कि यमुना का जल हो या घाट दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शासन के अंतिम माह जनवरी 2025 के मुकाबले 25 से 30 प्रतिशत अधिक साफ है।

उन्होंने कहा कि यह खेदपूर्ण है कि राजनीतिक द्वेष से श्री भारद्वाज रोज़ यमुना सफाई और वायु प्रदूषण रेखा गुप्ता सरकार के काम को नकारते है और झूठ सच का खेल खेलते हैं।यमुना की सफाई पर अपने झूठ गढ़ने के उत्साह में श्री भारद्वाज आज उस समय सेल्फ गोल कर गये, जब लाइव वीडियो में बोल गये कि यमुना अपने पुराने गंदे हाल पर लौट आई है। पुराने खराब हाल तो वह थे जिसमें केजरीवाल सरकार जनवरी फरवरी 2025 में छोड़ गयी थी।

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि अपने शब्दों से श्री भारद्वाज ने स्वीकार किया कि यमुना उसी गंदी स्थिति पर लौट गई है, जहां जनवरी 2025 में केजरीवाल सरकार छोड़ गई थी।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में मक्का पर खींचतान, भारत अपने किसानों के साथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। मक्का आयात को लेकर अमेरिका की ओर से दबाव के बावजूद भारत अपने किसानों के पक्ष में मज़बूती से खड़ा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल- दोनों साफ़ कर चुके हैं कि भारतीय किसानों हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

दोनों देशों के बीच इस समय चल रही व्यापार वार्ताओं में अमेरिका की ओर से, खास कर कृषि उपजों के भारतीय बाजार को खोलने का मुद्दा उठता रहा है। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने वाशिंगटन पत्रकारों से बातचीत में भारत के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था, '' भारत कहता है कि उसकी आबादी 1.4 अरब की है, तो क्या ये 140 करोड़ लोग अमेरिका का एक बुशल (लगभग 25 किलो) मक्का भी नहीं खरीद सकते? वे हमें भी चीजें बेचते हैं, लेकिन हमारे माल पर भारी भरकम आयात शुल्क लगा देते हैं, क्या यह उचित है? अमेरिकी मंत्री लुटनिक की हताशा के पीछे दो प्रमुख कारण बताये जा रहे हैं। एक तो अमेरिका में इस बार मक्के की बम्पर पैदावार हुई है और दूसरे, चीन ने मक्के का आयात घटा दिया है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) ने गत अगस्त में बताया कि 1866 के बाद 2025-26 में वहां मक्के का उत्पादन अनुमानित 16.7 अरब बुशल के साथ एक नया रिकार्ड बना सकता है। अमेरिकी मक्के के सबसे बड़ा खरीदार चीन ने इसकी खरीद में भारी कटौती कर रखी है। चीन पहले अमेरिकी सोयाबीन का भी प्रमुख आयातक था, लेकिन हाल के वर्षों में उसने वहां से सोयाबीन का आयात कम कर दिया था। बीते साल अमेरिका के कुल सोयाबीन निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत चीन ने खरीदा था, पर इस बार अभी कोई सौदा नहीं हुआ है। इसका असर यह हुआ कि अमेरिकी किसानों ने सोयाबीन की जगह मक्का की बुवाई बढ़ा दी है। इससे अब मक्का पैदावार अमेरिका की चिंता बन चुकी है। मक्के का निर्यात घटने से वहां कीमतें नीचे जाने लगेंगी और मक्के के भंडार भर चुके हैं। इसमें एक नयी बात यह हुई है कि गत 30 नवंबर को राष्ट्रपति ट्रम्प और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग के बीच दक्षिण कोरिया में आयोजित हुए एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) की बैठक से इतर हुयी बातचीत में यह सहमित बनी कि चीन, अमेरिकी कृषि उत्पादों का आयात करेगा। पर यह कब तक होगा यह भविष्य की बात है। ऐसे में अमेरिकी सरकार भारत जैसे बड़े बाजारों पर निगाह गड़ाए हुए है।

भारत ने अब तक अमेरिकी दबाव को स्वीकार नहीं किया है। बाजार के लोग इसके दो मुख्य कारण बता रहे हैं।

## परमात्मा के अहसास से सरल होगा आत्ममंथन : सुदीक्षा

एजेंसी

समालखा। आत्ममंथन केवल साधारण सोचने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के अहसास से सरल हो सकती है।'' यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस चार दिवसीय संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ है और सौहार्दपूर्ण व्यवहार से मानवता एवं विश्वबंधुत्व का दृश्य साकार कर रहा है। सतगुरु माता जी ने आत्ममंथन के वास्तविक भाव को समझाते हुए फरमाया कि कई बार हम भावनाओं के अधीन होकर किसी आसान कार्य को भी जटिल बना देते हैं जबकि प्रभु का सिमरण रूप में अहसास आते ही मन में अकर्ता भाव प्रकट होता है जिससे मन शांत होकर हर कार्य सहजता से पूर्णता की ओर बढ़ता है। सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि दिन भर में कई बातें हमारे सामने आती हैं जिन्हें हम देखते हैं, सुनते हैं, सोचते हैं और कई बार किसी के मधुर वचन हमें मोह लेते हैं, कई कटू वचन मन को ठेस पहुंचाते हैं। पर कौनसी बात ग्रहण करनी है और कौन सी बात मन से निकाल देनी है इसका चुनाव व निर्णय हमे स्वयं ही करना होता है। ब्रह्मज्ञानी महात्मा अपने विवेक से सकारात्मक चुनाव करके जीवन में शांति और सुकून प्राप्त करते हैं। सतगुरु माता जी ने उदाहरण द्वारा समझाया कि जिस तरह किसी हिल स्टेशन के कुछ पॉइंट्स पर हमारी आवाज़ टकराकर उन पहाड़ों पर अथवा वहां की अन्य वस्तुओं पर कोई भी प्रभाव न डालते हुए प्रतिध्वनि के रुप में लौट्कर वापस आ



जाती है, उसी प्रकार हम दूसरों से जैसा व्यवहार करते हैं उसकी प्रतिक्रिया लौट्कर हमारे पास ही आ जाती है। हमारे व्यवहार से उस व्यक्ति के उपर कोई प्रभाव हुआ अथवा नहीं यह अलग बात है, पर परिणाम स्वरूप हमें उसकी प्रतिक्रिया का सामना अवश्य करना पड़ता है। इसलिए हमारा व्यवहार इस तरह का हो जिसकी प्रतिक्रिया हमारे लिए सुखदायी हो।

सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि आत्ममंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है। जब मन निरंकार से जुड़ता है, तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं। इसके पूर्व आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने समागम में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक क्षेत्र में परमात्मा के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण देखने-सुनने को मिलते हैं। वास्तव में परमात्मा एक ऐसा सत्य है जो पहले भी सत्य था, आज भी सत्य है और आगे भी सत्य ही रहेगा। यह एक सार्वभौमिक सत्य है, इसके बारे में अलग अलग दृष्टिकोण का प्रश्न उत्पन्न नहीं हो सकता। जैसे सूरज पूर्व से उदय होता है यह एक प्राकृतिक सत्य होने पर इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। इसलिए पूरी मानवता के लिए यह एक आत्ममंथन की बात है कि परमात्मा के बारे में जो अलग-अलग दृष्टिकोण रखे जा रहे हैं, उन्हें परम सत्य नहीं माना जा सकता। वेद, ग्रंथ, शास्त्र इस बात का प्रमाण देते हैं। इसलिए परमात्मा की पहचान करके ही सार्वभौमिक सत्य को जाना जा सकता है और जानने के उपरान्त समझ में आता है कि यह परम सत्य प्रत्येक जीव के लिए एक ही है। इस सत्य को जानने का अधिकार हर मानव को है, इस परम सत्य का बोध कराने के लिए ही सत्गुरु धरा पर आते हैं।

## मोहल्ला क्लीनिक की आड़ में केजरीवाल सरकार ने 10 साल तक किया घोटाला: सचदेवा

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने केजरीवाल सरकार पर आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की आड़ में 10 साल तक घोटाला करने का आरोप लगाया है। श्री सचदेवा ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्लीवासी ने अरविंद केजरीवाल सरकार को दस साल आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की आड़ में बड़े घोटाले करते देखा है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सड़कों पर पोर्टा केबीन बना कर या ''आप'' वोलेनटियरस से अनाप -शनाप किराये पर कमरे लेकर खोले गये मोहल्ला क्लीनिक मात्र आधे दिन खुलने वाले ओपीडी केन्द्र थे जिन्हे केजरीवाल सरकार ने घोटालों का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि इन मोहल्ला क्लीनिकों में से अधिकांश में डॉक्टर तक नहीं होते थे। कंपाउंडर क्लीनिक चलाते थे और इनमें कहीं भी किसी भी रोग जांच की सुविधा तक नहीं थी। दिल्लीवासी ने समय- समय पर देखा कि कैसे यह मोहल्ला क्लीनिक केवल एक ही फोन नम्बर से पंजीकृत मरीज देखने और उनकी नकली जांच का शुल्क वसूलते थे।

## भाजपा-जदयू ने बिहार के युवाओं के हर अवसर को छीना, अब बदलाव का समय : खरगे

नयी दिल्ली। कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने पिछले 20 वर्षों के अपने शासन में बिहार के युवाओं से हर अवसर और सपना छीन लिया, लेकिन अब राज्य के आत्मसम्मान को बहाल करने का समय आ गया है। खरगे ने कहा कि अब महागठबंधन के 'न्याय संकल्प' को दोहराने का समय आ गया है। कंाग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, मेहनत और हुनर से उन शहरों की किस्मत चमका देते हैं। लेकिन वे अपने बिहार की तक़दीर अब तक क्यों नहीं बदल पाए? क्योंकि बीते 20 सालों में भाजपा-जदयू ने बिहार के युवाओं से हर मौका, हर सपना छीन लिया। उन्हें मज़दूरी करने के लिए मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा,''उद्योग क्षेत्र में रोजगार के मामले में बिहार देश में 23वें स्थान पर है। पूरे राज्य में सिर्फ 1.3 लाख लोग ही इस क्षेत्र में काम करते हैं, जिनमें से केवल 36,135 स्थायी कर्मचारी हैं। अब वक्त है बदलाव का, बिहार का स्वाभिमान फिर जगाने का है। खरगे ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें बिहार में युवाओं के विकास के लिए 'महागठबंधन' द्वारा किए गए वादे शामिल हैं। -

## दिल्ली में 'दमघोंटू प्रदूषण' को लेकर प्रियंका वाड्रा ने तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में गंभीर वायु प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुये केंद्र एवं राज्य सरकारों से समन्वित कार्रवाई की तत्काल अपील की है।

श्रीमती वाड्रा ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दमघोंटू वायु प्रदूषण को देखते हुये इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और उसे कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसका असर बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सांस रोगों से पीड़ित मरीजों पड़ता है। उन्होंने इस स्थिति से निपटने का आह्वान करते हुए कहा, ''इस शहर पर प्रदूषण का जबदस्त आवरण है। अब समय आ गया है कि हम सभी एकजुट होकर इस बारे में कुछ करें। श्रीमती वाड्रा ने सरकारों से तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया और अपनी पार्टी की ओर से समर्थन की पेशकश करते हुये कहा ''केंद्र और राज्य सरकारों को तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएँगे, हम उनका समर्थन और सहयोग करेंगे।''

### दिल्ली के प्रदूषण के मुद्दे पर दो दशक तक क्यों नहीं बोलीं प्रियंका : सचदेवा

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदूषण के मुद्दे पर कंाग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधा है और कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि लगभग दो दशकों तक दिल्लीवासी प्रदूषण की मार झेलते रहे, तब वह नहीं बोली और अब उन्हें दिल्ली के प्रदूषण की चिंता सताने लगी है। श्री सचदेवा ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए रविवार को कहा कि दिल्लीवासी भली-भांति जानते हैं कि वर्ष 2009 के आसपास कंाग्रेस सरकार के शासनकाल में ही दिल्ली पहली बार गैस चैंबर में तब्दील हुयी थी और वर्ष 2022 तक पंजाब में सत्ता में रही कंाग्रेस सरकार की लापरवाही के कारण बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं हुईं, जिससे दिल्लीवासियों की परेशानी और बढ़ गयी। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि श्रीमती वाड्रा ने न तो अपनी पार्टी के शासनकाल में और न ही आम आदमी पार्टी के कुशासन के दौरान दिल्ली के प्रदूषण को लेकर कभी कोई आवाज उठाई, लेकिन अब जब भाजपा सरकार दिन-रात मेहनत कर वायु और जल प्रदूषण दोनों को कम करने की कोशिश कर रही है।

## पेज एक का शेष

### इसरो ने लॉन्च किया...

सीएमएस-03 का पूरा नाम कम्युनिकेशन सैटेलाइट मिशन-03 है। यह मल्टी-बैंड संचार उपग्रह कई तरह की रेडियो तरंगों पर काम करेगा। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और सुरक्षित डाटा ट्रांसमिशन जैसी सुविधाएं होंगी। इससे दूरदराज के इलाकों, जहाजों और हवाई जहाजों तक मजबूत संचार नेटवर्क उपलब्ध होगा और पहले के संचार उपग्रहों की तुलना में तेजी से डाटा उपलब्ध होगा। इसरो ने बताया कि विशेष तौर पर नौसेना के लिए विकसित यह संचार उपग्रह सात साल काम करेगा।

### 'बिहार में दो ...

जब नक्सलवादियों ने अपने हाथ मे संविधान उठा लिया तो विपक्षी गठबंधन की परेशानी बढ़ गयी। उनके पास नफरत की राजनीति के अवसर कम हो गए। श्री मोदी ने कहा कि राजद के शासन में जंगलराज की पहचान थी, कट्टा, क्रूरता,कटुता,कुशासन और करप्शन। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का गठजोड़ केवल चुनाव तक है और 11 नवंबर को दूसरे दौर के चुनाव के बाद दोनों पक्ष एक दूसरे का सर फोड़ते हुए दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि इसकी झलक चुनाव से पहले भी दिखी जब राजद के नेता को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार नही घोषित किये जाने की वजह से कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ उसने अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया था। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की तरफ से बिहार में किये गए रोजगार के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि लखपति और जीविका दीदी इसका ज्वलंत उदाहरण हैं उन्होंने कहा कि एक करोड़ तीस लाख महिलाओं के खाते में 10 हजार की राशि भेज कर उनके लिए रोजगार की पहल की गई है। उन्होंने आने वाले समय मे बिहार के औद्योगिकीकरण की योजनाओँ और उससे मिलने वाले रोजगार की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोलकाता और अमृतसर से जुड़ा बिहार में औद्योगिक कॉरिडोर बनेगा, जिससे प्रदेश में रोजगार की अपार संभावनाएं विकसित होंगी। उन्होंने कहा कि इससे बिहार से बड़ी मात्रा में निर्मित सामानों का निर्यात भी होगा। श्री मोदी ने छठपूजा के समय महागठबंधन के नेताओ के तंज को बताना नही भूले और कहा कि जिस छठी मईया का विपक्ष अपमान कर रहा है उन्ही की शक्ति से एनडीए की सरकार सोलर संयंत्र लगा रही है। उन्होंने नवादा में लगे तैरते हुए सोलर प्लांट की चर्चा की और सभी से अनुरोध किया कि उसे एक बार देखने जरूर जाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने आखिर में कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए एनडीए के उम्मीदवारों के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान करें और प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी दें।

### 'भोजपुरी क्षेत्र आरा...

गठबंधन (एनडीए) की सरकार आने के बाद निवेश और औद्योगिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे रोजगार के अवसर बनेंगे और युवाओं के पलायन पर विराम लगेगा। 'मोदी मोदी,मोदी के गूंज रहे नारों के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग दिल्ली में बैठ कर एनडीए के खिलाफ रणनीति बना रहे हैं उनको अहसास हो गया है कि हवा का रुख किधर जा रहा है। उन्होंने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि 'जनता जनार्दन है, मत भूलो ये पब्लिक है, सब जानती है।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का बिहार में लक्ष्य साफ है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए के संकल्पपत्र में साफ तौर पर लिखा है कि छात्रों के लिए पढ़ाई, मरीजों के लिए दवाई, किसानों के लिए सिंचाई और नौजवानों के किये कमाई प्राथमिकता सूची में शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि रोजगार के अवसर के तहत बिहार में लाखों महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और रोजगार के संकल्प के तहत एक करोड़ तीस लाख महिलाओं के खाते में 10 हजार की राशि भेजी गई है और 14 नवंबर को सरकार बनते ही उन्हें आगे सहयोग देने की योजनाएं बनाई जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश मे सबसे ज्यादा युवा आबादी बिहार में है और एनडीए सरकार ने तय कर लिया है कि प्रदेश में लाखों लघु और कुटीर उद्योगों का जाल बिछा कर सुनिश्चित किया जाएगा कि बिहार का युवा बिहार में ही काम करे। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में प्रदेश के किसी भी युवा को इच्छा के विरुद्ध पलायन करने की आवश्यकता नही होगी।

### न तेजस्वी मुख्यमंत्री...

से निकालकर विकास की राह पर लाने का काम मोदी-नीतीश की जोड़ी ने किया है। उन्होंने कहा कि यह सब लालू-राबड़ी राज में नहीं हो सकता था। लालू-राबड़ी शासनकाल में यहां पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की पीट-पीटकर हत्या की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि फिर से लालू के बेटे मुख्यमंत्री बनते हैं तो बिहार में तीन नए मंत्रालय खुलेंगे। एक अपहरण, दूसरा रंगदारी और तीसरा हत्या को बढ़ावा देने वाला मंत्रालय खुलेगा। श्री शाह ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला करते हुये कहा कि उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि श्री यादव ने सिर्फ घोटाले किए और घोटालों की लाइन लगा दी। उन्होंने चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, होटल बेचने का घोटाला और अलकतरा घोटाला का जिक्र करते हुए कहा कि लालू यादव ने हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार फैलाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पर किसी भी घोटाले का आरोप नहीं है।

### भेड़िए के आतंक...

तड़के कैसरगंज क्षेत्र के कंदौली गांव में घर के अंदर सो रही डेढ़ वर्षीय मासूम को उठा लिया था। तब से वन विभाग की टीमें और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। वहीं वन विभाग नें क्षेत्र के ग्रामीणों से सतर्क रहने और झाड़ियों अथवा खेतों में बच्चों को अकेला न छोड़ने की अपील की है। वन क्षेत्राधिकारी ओमकार यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और विभागीय रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### जीबीसी-5 इसी...

निवेश का लक्ष्य दिया गया है। यूपीनेडा को 60 हजार करोड़, आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स विभाग को 50 हजार करोड़, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को 50 हजार करोड़, इंवेस्ट यूपी को 50 हजार करोड़, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण 30 हजार करोड़, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण 30 हजार करोड़, गीडा को 25 हजार करोड़ रुपये, यूपीडा को 25 हजार करोड़ और एमएसएमई विभाग को 23 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा अन्य विभागों से पूछा गया है कि उनके द्वारा कितने का निवेश कराया जा सकता है। सभी विभागों से एक सप्ताह में इसके बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। लक्ष्य के आधार पर निवेश का प्रारूप तैयार कराया जाएगा। अभी तक जो लक्ष्य रखा गया है अनुमान है कि उससे अधिक भी निवेश हो सकता है। इन निवेशों को धरातल पर उतारने के लिए भूमि बैंक बनाने के लिए यूपीसीडा को निर्देश दे दिया गया है। इसके अलावा मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे भूमि बैंक का प्रारूप तैयार कर लें, जिससे निवेशकों को मांग के अनुसार भूमि उपलब्ध कराया जा सके।

### लखनऊ को पांच...

वाजपेयी को समर्पित है नाम इस हाईवे का नाम विज्ञान पथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित होगा। उनके प्रसिद्ध नारे जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान से प्रेरणा लेकर इस परियोजना का नाम प्रस्तावित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि 'विज्ञान, प्रगति और समृद्धि' का मार्ग बनेगी। ग्लोबल सिटी की दिशा में लखनऊ की बड़ी छलांग एलडीए का यह प्रयास राजधानी को ग्लोबल सिटी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। विज्ञान पथ बनने से जहां क्षेत्रीय यातायात सुगम होगा, वहीं राजधानी की सीमाओं का विस्तार भी एससीआर मॉडल के तहत सुनिश्चित होगा। एलडीए के अधिकारियों के मुताबिक, इस पथ के निर्माण से लखनऊ की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। आसपास के जिलों में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी, शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थान सुलभ होंगे तथा कृषि उत्पादों के परिवहन में भी तेजी आएगी।

### सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था...

रूल ऑफ लॉ तभी प्रभावी, जब बेंच और बार के बीच बेहतरीन समन्वय सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत ने तीन नए कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू कर न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रूल ऑफ लॉ तभी प्रभावी हो सकता है जब बेंच (न्यायपीठ) और बार (अधिवक्ता समाज) के बीच बेहतरीन समन्वय हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ सीएम योगी ने जानकारी दी कि प्रदेश में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है। 10 जनपदों में इसके लिए धनराशि जारी कर दी गई है, जहां एक ही परिसर में सभी स्तरों के न्यायालय, अधिवक्ता कक्ष और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रदेश में 380 से अधिक पॉक्सो और फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए गए हैं। साथ ही, लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के प्रयास भी तेज हुए हैं। दीक्षांत समारोह में इन विद्यार्थियों ने प्राप्त किये मेडलदीक्षांत समारोह में एलएलएम वर्ग में हर्षिता यादव ने गोल्ड मेडल, आकृति श्रीवास्तव ने सिल्वर मेडल और ऋषभ ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं बीए एलएलबी वर्ग में अभ्युदय प्रताप को गोल्ड मेडल, साइमा खान को सिल्वर मेडल तथा दर्शिका पांडेय को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। बीए एलएलबी ऑनर्स के अंतर्गत विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में लॉ ऑफ टेक्सेशन में स्वर्णायती, क्रिमिनल लॉ में मुस्कान शुक्ला और कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ में दर्शिका पांडेय को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इसी प्रकार साइबर लॉ विषय में अमन कुमार ने गोल्ड, संयुक्ता सिंह ने सिल्वर और प्रांजल पांडेय ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में आत्रेय त्रिपाठी को गोल्ड, अक्षिता सिंह को सिल्वर और श्रेया अवस्थी को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। वहीं मीडिया लॉ में राघव त्रिपाठी ने गोल्ड, इशिका गौतम ने सिल्वर और सान्या गांधी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विश्वविद्यालय के विजिटर और सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, प्रदेश सरकार में मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, विवि के कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण, विवि के फैकल्टी मेम्बर्स, विधायक राजेश्वर सिंह, उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावकगण मौजूद रहे।

# बिहार विधानसभा चुनाव : 'संकल्प' बनाम 'प्रण', कौन गढ़ेगा बिहार के लोगों का भविष्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार विधानसभा (विस) चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी महागठबंधन ने अपना चुनावी पिटारा खोल दिया है। अब प्रदेश की जनता को किसका पिटारा कितना पसंद आता है, यह गठबंधन दलों के पक्ष में होने वाला मतदान तय करेगा। राजग और महागठबंधन दोनों के संकल्प पत्रों का तुलनात्मक अध्ययन प्रदेश की जनता राजनीतिक दलों के आधार पर करेगी क्योंकि ये दोनों मजबूत गठबंधन हैं। दोनों के संकल्प पत्रों की तुलना करने के लिए जनता को उनके घोषणापत्रों को बरीकी से देखना होगा और फिर उनके प्रमुख बिंदुओं, जैसे अर्थव्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वादों की तुलना समझदारी से करनी होगी।

बिहार में दो बड़े राजनीतिक दलों के समूह ने अपने-अपने संपल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की है। एक तरफ सत्ताधारी राजग का 'संकल्प पत्र', बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास का सपना बुनता है तो विपक्षी महागठबंधन का 'प्रण पत्र', युवाओं और महिलाओं को आर्थिक लाभ का वादा करता है। लेकिन क्या ये वादे सिर्फ चुनावी हैं या बिहार के 13 करोड़ लोगों के लिए सच्ची दिशा? इस पर बिहारवासियों को गहराई से सोचना होगा।




बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। महागठबंधन ने 27 अक्टूबर को पटना में 'प्रण पत्र' जारी किया। मुख्य वादों में हर परिवार को एक सरकारी नौकरी, महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की सहायता, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 500 रुपये में गैस सिलिंडर, 25 लाख तक मुफ्त इलाज और पुरानी पेंशन योजना की बहाली शामिल है। राजग ने इसे तुरंत 'असंभव सपने' करार देते हुए 31 अक्टूबर को पटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में 'संकल्प पत्र' पेश किया। यह घोषणा पत्र 'विकसित बिहार' के विजन पर आधारित है, जिसमें 1 करोड़ सरकारी नौकरियां, 1 करोड़ 'लखपति दीदियां' (महिलाओं को 2 लाख रुपये की सहायता), हर फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, और बड़े आधारभूत संरचनाओं से संबंधित परियोजनाएं (इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स) जैसे एक्सप्रेस-वे और मेट्रो का विस्तार शामिल है। नीतीश कुमार और चिराग पासवान जैसे सहयोगियों के बीच एकजुटता दिखाते हुए राजग ने इसे 'सुशासन का संकल्प' बताया, जो पिछले 20 सालों के विकास को आगे बढ़ाएगा। राजग के घोषणापत्र में एक करोड़ से ज्यादा सरकारी नौकरी का वादा है। हर जिले में मेगा स्किल सेंटर बनाने का भी वादा किया गया है। राजग ने एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार करने का वादा किया गया है। बिहार के किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी का वादा भी दिया है। ईबीसी वर्ग के लोगों को 10 लाख तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। स्कूलों में मिड डे मील में पौष्टिक नाश्ता बच्चों को देने का वादा भी किया गया है। बिहार में राजग की वापसी हुई तो 50 लाख नए पक्के मकान, मुफ्त राशन, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का भी वादा किया गया है। बिहार के 4 नए शहरों को मेट्रो की सौगात को भी वादा दिया गया है। पटना, दरभंगा, पूर्णिया, भागलपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की शुरुआत की जाएगी। घोषणापत्रों के विश्लेषण की बात करें तो 'प्रण पत्र' बिहार की पिछड़ी जातियों, दलितों और मुसलमानों को लक्षित करता है, जो उसका वोटबैंक माना जाता है। दूसरी ओर, राजग का 'संकल्प' डबल इंजन सरकार के फायदों को गिनाते हुए मोदी-नीतीश के राष्ट्रीय ब्रांड पर टिका है। राजग नेताओं ने 'प्रण पत्र' को 'असंभव' ठहराया, दावा किया कि महागठबंधन के पास फंडिंग का इंतजाम नहीं। चुनाव के पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर से शुरू हो रही है और ये घोषणा पत्र मतदाताओं का विश्वास जीतने का आखिरी मौका है। सुशासन, बेरोजगारी (40 प्रतिशत युवा प्रभावित) और महंगाई मुख्य मुद्दे हैं। जनता के सामने दोनों पक्ष के दावेदारों के मजबूत चुनावी वादे और दावे हैं। अब बिहार के मतदाता तय करेंगे कि किसके वादों और काम पर उसका कितना विश्वास और भरोसा है।

## मुखयमंत्री ऑफिस के फर्जी लेटर हेड से गरीब मरीजों को 'मुफ्त इलाज' का झांसा देने वाला गिरफ्तार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की सिविल लाइंस थाना टीम ने मुख्यमंत्री कार्यालय के नाम पर फर्जी पत्र बनाकर गरीब मरीजों से ठगी करने वाले एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपित एमसीडी में ठेके पर माली के पद पर काम करता था और खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय का अधिकारी बताकर निजी अस्पतालों को फर्जी लेटर भेजता था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी सोनू (27) के रूप में हुई है। वह टैगोर गार्डन के डबल स्टोरी इलाके में किराए पर रहता था। आरोपित मरीजों को यह झांसा देता था कि वह मुख्यमंत्री ऑफिस से ईडब्ल्यूएस श्रेणी में मुफ्त इलाज का पत्र दिला सकता है। इसके बदले वह प्रति मरीज पांच हजार रुपये लेता था। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने रविवार को बताया कि मामला तब सामने आया जब महाराजा अग्रसेन अस्पताल ने मुख्यमंत्री कार्यालय से आए एक संदिग्ध पत्र की पुष्टि के लिए मेल किया। पत्र में कई जगह स्पेलिंग की गलतियां और ग़लत फॉर्मेट था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित सोनू ने मुख्यमंत्री ऑफिस के असली पत्र की कॉपी लेकर उसी के लेटर हेड पर फर्जी पत्र तैयार किए थे। वह अस्पतालों को फोन कर खुद को ल्ब्बलबीर सिंह राठी, अधिकारी बताकर इलाज के निर्देश देता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार सोनू को पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की मदद से ए ब्लॉक, डबल स्टोरी, टैगोर गार्डन से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन (दो सिम कार्ड सहित), फर्जी सीएम ऑफिस के पत्र, एक नकली एमसीडी आईडी, हरियाणा सरकार की फर्जी आईडी, एक असली पत्र (सीएम ऑफिस से जारी) और फर्जी नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में सोनू ने बताया कि उसे कुछ महीने पहले एमसीडी के डाक में सीएम ऑफिस का एक पत्र मिला था, जिसे उसने चोरी कर लिया और उसी की मदद से फर्जी लेटर बनाकर ठगी शुरू कर दी। आरोपित गूगल ट्रांसलेट का इस्तेमाल करके मरीजों का नाम-पता फर्जी पत्रों में डालता था और अस्पताल प्रशासन को फोन कर दबाव बनाता था। जांच में पता चला है कि सोनू का जन्म झज्जर, हरियाणा के बादली गांव में हुआ था। पिता की मौत के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी और विभिन्न नगरपालिकाओं में माली व चौकीदार के रूप में काम किया। 2023 में वह दिल्ली आया और एमसीडी के करोल बाग ज़ोन में अनुबंधित कर्मचारी के रूप में नियुक्त हुआ। वह विवाहित है और एक बेटे का पिता है।

## छठ मैया को ड्रामा बताने वाले को माफ नहीं करेगा बिहार : केशव मौर्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा चुनाव के प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि छठ मैया को ड्रामा बताने वाले को बिहार माफ नहीं करेगा। जिसने आस्था, मातृत्व और प्रधानमंत्री का अपमान किया है, उसे जनता सबक सिखाएगी। बिहार की धरती उसे उसकी औकात दिखा देगी।

तेजस्वी यादव और राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए मौर्य ने कहा कि दोनों सत्ता के लिए ऐसे तड़प रहे हैं जैसे मछली पानी के बिना तड़पती है। लेकिन- बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी और देश में प्रधानमंत्री की कुर्सी 2047 तक खाली नहीं है। मोदी और नीतीश के रहते ये दोनों केवल सपने ही देख सकते हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख पर टिप्पणी करते हुए मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव की हालत 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' जैसी है। उनकी पार्टी की बिहार में कोई हैसियत नहीं। वे यहां केवल अपनी बेइज्जती कराने आए हैं। मौर्य ने कहा कि हम पांच दलों वाला एनडीए, पांच




पांडवों की तरह धर्म की लड़ाई लड़ रहा है। विकास, न्याय और सुशासन की लड़ाई। इस बार भी विजय निश्चित है। बिहार से उठने वाला यह विजय संदेश पूरे देश की राजनीति को प्रभावित करेगा। मौर्य ने कहा कि वर्ष 2017 में जिस तरह यूपी में भाजपा की लहर चली थी, वही जोश 2025 में बिहार में दिख रहा है। 2010 में एनडीए ने 200 से ज्यादा सीटें जीती थीं, इस बार भी वही माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार को डबल इंजन की ताकत दी है। इस सरकार ने सर्वांगीण विकास किया है और जनता अब भी उसी पर भरोसा जता रही है। इस बार भी बिहार वही इतिहास दोहराने को तैयार है। 14 नवम्बर को जब नतीजे आएंगे तो एनडीए की ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी। मौर्य ने कहा कि एनडीए जातिवाद की राजनीति नहीं करता। हमारा वोट हर जाति, हर वर्ग, हर धर्म में है। हमारा एजेंडा है- सबका साथ, सबका विकास। हमें घुसपैठियों या देशद्रोहियों का वोट नहीं चाहिए। विपक्ष पर प्रहार करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस की सरकारें भ्रष्टाचार, अत्याचार और अपराध की जननी रही हैं। अगर ये दल सत्ता में आए तो बिहार फिर से बर्बादी के दलदल में धकेल दिया जाएगा। लेकिन- अब बिहार जाग चुका है, वह जंगलराज वापस नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि जो संसद में बने कानून को फाड़ने की बात करते हैं, वे बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान का अपमान करते हैं। न वे बिल फाड़ पाएंगे, न सत्ता में आ पाएंगे। मौर्य ने कहा कि इस बार महिला वोटर एनडीए की जीत का आधार बनेंगी। बिहार की 1.40 करोड़ जीविका दीदियां आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। महिलाओं का आशीर्वाद एनडीए के साथ है। शराबबंदी कानून को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार का दूरदर्शी निर्णय था। इससे बिहार की मातृशक्ति प्रसन्न है। आगे के निर्णय भी बिहार के हित में होंगे।

## गुरदासपुर में बब्बर खालसा के दो गुर्गे गिरफ्तार, तीन पिस्तौल बरामद

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े दो गुर्गों को गिरफ्तार करके उनके पास से तीन पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेश गोरव यादव ने रविवार को बताया कि गुरदासपुर पुलिस ने लवदीप सिंह उर्फ लव और टेक चंद उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया है, जिनका संबंध बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकवादी संगठन से जुड़े कट्टरपंथी गैंगस्टर गुरदेव जस्सल और गुरलाल उर्फ गुल्लू से है।प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इन दोनों को विदेश में बैठे उनके विदेशी आकाओं ने पंजाब में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों की लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा है, जो राज्य में आतंक और अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इनके पास से तीन .32 कैलिबर पिस्तौलें और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके उनके नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच शुरू कर दी है।

## पंजाब पुलिस के सर्च ऑपरेशन से प्रदेश भर में अखबारों की सप्लाई कई घंटे हुई लेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**■ कांग्रेस ने की निंदा, भाजपा ने बताया अघोषित इमरजेंसी**

चंडीगढ़। पंजाब में 01/02 की दरमियानी रात पुलिस ने प्रदेश भर में सर्च ऑपरेशन चलाकर अखबार ढुलाई वाली गाड़ियों की तलाशी ली। कई घंटे तक चले इस अभियान में पुलिस को कुछ नहीं मिला, लेकिन प्रदेश में समाचार पत्रों की सप्लाई कई घंटे लेट हुई या कई शहरों में अखबार पहुंच नहीं पाए। पंजाब सरकार व पंजाब पुलिस इस बारे में अधिकारिक रूप से कोई बयान देने को तैयार नहीं है। सर्च में लगे पुलिस अधिकारियों का दावा है कि आला अधिकारियों के निर्देश पर आरडीएक्स, नशीले पदार्थ तथा हथियार सप्लाई के इनपुट पर यह कार्रवाई की गई है। पंजाब में आज कई शहरों में अखबार विक्रेताओं की दुकानों के बाहर पुलिस भी तैनात रही। पुलिस का यह ऑपरेशन रात 12 बजे से रविवार सुबह पांच बजे तक चला। पंजाब में अलग-अलग अखबारों के प्रिंटिंग सेंटरों से अखबार लेकर निकली गाड़ियों को नाके लगाकर तलाशी ली गई। कई जगह डॉग स्क्वयाड बुलवाए गए, जबकि कुछ जगह गाड़ियों को थाने ले जाकर जांच की गई। गाड़ियों को चेक करने के बाद रिलीज कर दिया गया। पुलिस के इस तलाशी अभियान के चलते लुधियाना, अमृतसर, मोगा, फरीदकोट, कोटकपूरा, पठानकोट, फाजिल्का, अबोहर, बरनाला, मोहाली, पटियाला, गुरदासपुर आदि शहरों में अखबार समय पर नहीं पहुंचा। पंजाब सरकार व पुलिस इस मामले में कुछ नहीं बोल रही है, लेकिन कांग्रेस व भाजपा ने इसे अघोषित इमरजेंसी बताया है। कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने इसे प्रेस की आवाज दबाने का प्रयास बताया। सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट में परगट सिंह ने लिखा कि पंजाब में प्रेस की आजादी पर सीधा हमला किया जा रहा है। आज सुबह सरकार ने राज्यभर में अखबारों की सप्लाई रोक दी, ताकि अरविंद केजरीवाल के 50 नंबर सरकारी कोठी में ठहरने की खबर जनता तक न पहुंच पाए। पंजाब में लगाई जा रही इस अघोषित इमरजेंसी को पंजाबी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की फारबिसगंज नगर इकाई फारबिसगंज की ओर से रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।मौके पर परिषद के पूर्णिया विभाग प्रमुख प्रो.फ़ेसर एम.पी. सिंह ने भाग लिया और मतदाताओं से 11 नवम्बर को द्वितीय चरण में होने वाले मतदान को लेकर घरों से बाहर निकलकर मतदान केन्द्र पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपील की कि मतदाता जातिवाद तथा धर्मवाद से ऊपर उठकर ऐसे प्रतिनिधि को मत दे,जो समाज हित तथा राष्ट्रहित का बात करें और आपकी आवाज को विधानसभा में बुलंदी से रख सके। मत करना है सकारात्मकता, आत्मविश्वास, नई ऊर्जा, उम्मीद, खुशहाली , सर्वांगीण विकास और बिहार के सुनहरे भविष्य के लिए। इस अवसर पर जिला



संयोजक शिवम शाह ने कहा कि आज फारबिसगंज विधानसभा के कटहरा, ढोलबज्जा,अम्हारा आदि गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान 9 नवंबर तक चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। मतदाता जागरूकता अभियान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आकाश श्रीवास्तव, वैभव प्रताप सिंह, आयुष, अभिनंदन कुमार, अमित कुमार आदि थे।

## 'सनी साई गैंग' का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संबंध में सनी साई गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपित गुरमीत सिंह (32) को गिरफ्तार किया है। आरोपित बागपत (उप्र) का रहने वाला है। उसके साथ हथियार खरीदने वाले आरोपित सुमित (27) को भी दबोचा है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदोरा ने बताया कि इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और इंस्पेक्टर मंजीत सिंह की टीम ने गुप्त सूचना पर बागपत में छापा मारकर गुरमीत को खेत में बने ट्यूबवेल से गिरफ्तार किया। वहीं, उसकी निशानदेही पर सुमित को द्वारका के डाबडी-गुरुग्राम रोड से पकड़ा। उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और चोरी की कार बरामद हुई। यह कार साउथ कैंपस थाना इलाके से चोरी की गई थी। वहीं जांच में सामने आया कि गुरमीत बीबीए ग्रेजुएट है और पहले भी हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार वर्ष 2019 में विकासपुरी स्थित पीवीआर में झगड़े के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। जेल से छूटने के बाद वह सनी साई, सलाम त्यागी और सद्दाम गौरी जैसे कुख्यात गिरोहों से जुड़ गया और हथियार सप्लाई करने लगा।

## हिमालयन इकोज साहित्य और कला महोत्सव में गूंजे शब्द, सुर और संस्कृति के स्वर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल के प्रसाद भवन में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और उत्तराखंड पर्यटन के सहयोग से आयोजित हिमालयन इकोज साहित्य और कला महोत्सव का दसवां संस्करण पारंपरिक शंखनाद के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के 70 से अधिक साहित्यकार, कलाकार और चिंतक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर नेपाल से आये साहित्यकार सुजीव शाक्य ने अपनी पुस्तक 'नेपाल 2043: द रोड टू प्रॉस्पेरिटी' पर चर्चा करते हुए नेपाल में जेनजी आंदोलन और विकास की दिशा पर विचार रखे। लेखिका अनुराधा राय ने अपनी आगामी पुस्तक और पहाड़ से जुड़े अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि पर्वतीय जीवन उनके लेखन की संवेदना और दृष्टिकोण को आकार देता है। भूटान की कलाकार लेकी त्शेवांग ने



पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर भूटानी, हिंदी और पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति दी। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सत्र में नेहा सिन्हा और पत्रकार गार्गी रावत ने भारत के वन्यजीवों की सुरक्षा पर विचार रखे। इसके साथ ही अरुंधति नाथ और निहारिका बिजली ने बंगाली भूत कथाओं की परंपरा पर चर्चा की, जबकि 'नैनीताल मेमोरीज, स्टोरीज एंड हिस्ट्री' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कला इतिहासकार डॉ. अल्का पांडे ने इतिहास, पौराणिक कथाओं और पर्यावरण के अंतर्संबंधों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आदिवासी ज्ञान प्रणालियां हमें बताती हैं कि आध्यात्मिकता और पर्यावरण एक ही सत्य के दो पहलू हैं। उन्होंने कवि कालिदास के संदर्भ में हिमालय को जीवंत आत्मा के रूप में देखने की प्रेरणा दी।

राहुल भूषण और शगुन सिंह ने पर्यावरण-अनुकूल वास्तुकला और टिकाऊ जीवनशैली पर अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन स्थल पर सजे 'कुमाऊं बाजार' में स्थानीय शिल्प, वस्त्र और व्यंजनों की झलक ने आगंतुकों को आकर्षित किया। 'पियोली', 'पाला', 'म्यार', 'बैनी', 'पिकल सिकल' और 'रस्टीक स्लाइस कैफ़े' जैसे स्थानीय ब्रांडों की प्रस्तुतियों ने भी लोगों का ध्यानाकर्षण किया। आगे पोषण विशेषज्ञ रुजुता दिवेकर ने 'भारतीय रसोई से भोजन का ज्ञान' विषय पर संवाद किया, जबकि समापन सूफी संगीत प्रस्तुति 'रेहमत-ए-नुसरत' के साथ हुआ।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063